राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 15 .मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 162, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दारोगा भर्ती का फर्जी प्रश्न पत्र वायरल करने पर तीन और मुकदमे, आरोपियों की तलाश में जुटी...03

गैस हुआ महंगी खाने पीने की दामों में हुई वृद्धि 10 से 20 रुपये कप चाय...12

## प्रोडक्टिविटी vs इक्वालिटी... पीरियड्स लीव से महिलाएं मजबूत होती हैं या कमजोर



महिलाओं को पीरियड्स लीव मिलनी चाहिए या नहीं, इसको लेकर चलने वाली बहस लंबी और पुरानी है. मगर इस बार ये 13 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से खारिज की गई एक याचिका के बाद फिर से चर्चा में है. चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली दो जजों की बेंच ने कहा कि पीरियड्स के लिए अनिवार्य पेड लीव से युवा महिलाओं को यह लगने लगेगा कि वे अपने पुरुष सहकर्मियों के बराबर नहीं हैं. कोर्ट ने कहा कि ये उनके विकास के लिए सही नहीं होगा और बाधा की तरह होगा। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि अगर वे महिलाओं के लिए ऐसा कोई कानून बनाते हैं तो कोई भी महिलाओं को नौकरी पर नहीं रखेगा. ऐसे में उनके करियर और ग्रोथ के लिहाज से सही नहीं होगा. कोर्ट ने कहा कि पेड लीव से महिलाओं और पुरुषों के लिए समानता की विचारधारा पर असर पड़ेगा और ये रुढ़िवादिता को बढ़ावा देगा. इस याचिका को एडवोकेट शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की तरफ से दायर किया गया था. इस याचिका में उन्होंने पीरियड्स लीव के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की थी।

**प्रोडक्टिविटी बनाम इक्वालिटी में छिड़ी बहस**

अब पीरियड्स लीव पर देश की सर्वोच्च अदालत की तरफ से आई इस प्रतिक्रिया के बाद कुछ लोग इसे समानता (इक्वालिटी) के लिहाज से बेहतर बता रहे हैं तो वहीं कुछ का कहना है कि पीरियड्स के दिनों में भले ही महिलाओं को काम पर बुलाया जाए, लेकिन दर्द, मूड स्विंग, उल्टी, चक्कर आना, पेट में मरोड़ वाले दर्द की स्थिति में उनके काम के उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) क्या आम दिनों के बराबर होगी? ऐसे में सवाल उठाए गए कि उन्हें लीव देकर कुछ रेस्ट के बाद दफ्तर पर काम के लिए बुलाना बेहतर होगा या फिर इस तरह के हालात में उन्हें और काम का स्ट्रेस देना कितना बेहतर होगा?

**भारत के इन राज्यों में मिलती है पीरियड्स लीव**

भारत में राष्ट्रीय स्तर पर पीरियड्स लीव को लेकर कोई कानून भले ही नहीं है, लेकिन कुछ राज्यों की महिलाओं को इन दिनों में सहूलियत दी जाती है. दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक में 18-52 साल की महिलाएं हर महीने वेतन सहित एक दिन का पीरियड्स लीव ले सकती हैं. ये नियम यहां की सभी प्राइवेट और सरकारी दफ्तरों में काम करने वाली महिलाओं के लिए है. मौजूदा समय में दुनिया की कुछ सबसे बड़ी ढ्ङ्ग कंपनियां भी इसी राज्य में हैं। बिहार इस दिशा में सबसे पहला राज्य रहा, जिसने 1992 से ही महिलाओं को पीरियड्स लीव देना शुरु कर चुका था, लेकिन इस राज्य में ये सुविधा सिर्फ सरकारी दफ्तरों में काम करने वाली महिलाओं को है. ओडिशा में भी 55 साल तक की महिलाओं को एक दिन की पेड पीरियड्स लीव सरकारी और प्राइवेट दोनों कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं को दी जाती है. केरल विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली स्टूडेंट्स को भी पीरियड्स लीव दी जाती है। सिक्किम हाई कोर्ट भारत का एकमात्र ऐसा हाई कोर्ट है जिसने अपनी महिला कर्मचारियों के लिए पेड पीरियड्स लीव की नीति लागू की है. भारत में Zomato में काम करने वाली महिलाओं को सालाना 10 दिन की पेड पीरियड्स लीव, BYJUÓS में महिलाओं को सालाना 12 दिन की लीव दी जाती है।

**महिलाओं को क्या होती हैं दिक्कतें?**

दिल्ली एम्स से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके डॉ. पुलकित बंसल ने बताया, ' पीरिड्स के दिनों में महिलाओं को शारीरिक और मानसिक दो तरह की समस्याएं होती हैं. शारीरिक तौर पर उन्हें निचले पेट में तेज क्रैम्प्स, पीठ, कमर, जांघों, सिर में तेज दर्द होता है. वहीं मानसिक तौर पर महिलाओं में गुस्सा आना, मूड स्विंग्स इसके साथ ही कुछ महिलाओं में उल्टी, दस्त, चक्कर आदि की समस्या भी पाई जाती है। '

**डिसमेनोरिया क्या है?**

पीरियड्स के दिनों में कुछ महिलाओं को असहनीय दर्द होता है, जिसके मेडिकल शब्द डिसमेनोरिया (Dysmenorrhea) के नाम से जाना जाता है. ये पीरियड्स के शुरुआती दिनों में ज्यादातर देखा जाता है, जिसमें पीरियड्स के दिनों में महिलाओं की गर्भाशय की मांसपेशियों को तेजी से सिकोड़ती है. ये सिकुड़न प्रोस्टाग्लैंडिन्स नाम के रासायनों की वजह से होता है. अगर वो इन दिनों में आराम के बाद दफ्तर आती हैं तो फ्रेश मूड से उनके काम को बेहतर तरीके से कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में दायर की गई एक याचिका (Dr. Jaya Thakur vs. Government of India & Ors.) में कोर्ट की तरफ से एक स्टडी का जिक्र किया गया जिसमें बताया गया कि लगभग 500 स्टूडेंट्स में से 29.2 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स के पीरियड्स के दौरान स्कूल से एब्सेंट रहने की रिपोर्ट मिली. यहां एब्सेंट रहने के बताए गए कारणों में डिसमेनोरिया सबसे आम था. ये याचिका स्कूलों में लड़कियों के लिए फ्री सैनिटरी पैड्स और अलग लड़कियों के टॉयलेट की मांग को लेकर दायर की गई थी।

## एसपी-जिला कलेक्टर कानून व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दे दें...

**किस मामले में हाई कोर्ट ने लगाई फटकार?**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल मस्जिद में नमाज़ियों की संख्या सीमित करने के यूपी प्रशासन के फैसले को रद्द कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह सभी समुदायों को शांतिपूर्ण पूजा का अधिकार सुनिश्चित करे, खासकर निजी संपत्ति पर

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने के यूपी प्रशासन के फैसले को खारिज कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि यदि अधिकारी कानून-व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए. न्यायालय ने राज्य के कर्तव्य पर जोर दिया कि वह प्रत्येक समुदाय को अपने पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा करने का अधिकार सुनिश्चित करे, खासकर यदि वह निजी संपत्ति हो। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की बेंच ने कहा कि यदि एसपी और जिला कलेक्टर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं, तो उन्हें या तो इस्तीफा दे देना चाहिए या तबादला मांग लेना चाहिए. बजाय इसके कि वे कोर्ट से राहत मांगे. यदि वे कानून का पालन कराने में सक्षम नहीं हैं।

**कोर्ट ने स्थानीय प्रशासन को लगाई फटकार**

कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि राज्य का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक समुदाय निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा कर सके और यदि यह निजी संपत्ति है, जैसा कि न्यायालय ने पहले ही कहा है, तो राज्य से किसी भी अनुमति के बिना पूजा करने का अधिकार हो।

**सुरक्षा कारणों का दिया था हवाला**

पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासन ने कोर्ट को बताया था कि ज्यादा भीड़ होने से सुरक्षा व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती है. यही वजह है कि ईद पर वहां सीमित संख्या में नमाज करने की अनुमति दी जाए. हालांकि कोर्ट ने प्रशासन के इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया।

**जुमे की नमाज में हुई भारी फोर्स तैनात**

बता दें पिछले साल यहां दंगा भड़क गया था. संभल में रमजान माह के अलविदा जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई थी. नमाज के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे. पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी कंट्रोल रूम से की गई थी. नमाज में देश, दुनिया और शहर में अमन-शांति की दुआ की गई. 2500 से अधिक लोगों ने नमाज अदा की थी. कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद देखना होगा कि आने वाले दिनों में प्रशासन की तरफ से क्या तैयारियां की जाती हैं। सरकारी वकील बोले- कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए प्रशासन ने रोका याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया- रमजान के दौरान मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका जा रहा। रमजान चल रहा है।

ऐसे में परिसर के भीतर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ सकते हैं। वहीं, सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाजियों की संख्या सीमित करने का आदेश दिया था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार के वकील के तर्क को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- आपने अब तक मस्जिद या नमाज की जगह की कोई तस्वीर कोर्ट में दाखिल नहीं की है। इस पर याचिकाकर्ता ने समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें नमाज की जगह की तस्वीरें और राजस्व रिकॉर्ड दाखिल करने के लिए अनुमति दे दी। अब वह इसे 16 मार्च से पहले सब्मिट करेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों में रोष, जांच की मांग

**बिसवां/सीतापुर** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोइनुद्दीनपुर (ब्लॉक बिसवां) में इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य शुरू होने के बावजूद अधूरा पड़े रहने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में गांव निवासी समाजसेवी निर्मल यादव ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारीउपजिलाधिकारी बिसवां को आईजीआरएस के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रेषित कर मामले की जांच कराकर निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि गांव में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण का कार्य प्रस्तावित था, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा अभी तक यह कार्य नहीं कराया गया है। आरोप है कि प्रार्थी द्वारा लगभग 10 ट्रैक्टर मिट्टी भी भरवाई गई थी, इसके बावजूद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और नाली न बनने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा यह कहकर मामला टाल दिया जाता है कि सरकार से धनराशि नहीं मिली है। प्रार्थी ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू कराने तथा खंड विकास अधिकारी बिसवां को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

### नगर की गलियों में इंसुलेटेड केबल लगाने की मांग, प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**गोपीगंज।** नगर की घनी आबादी वाली गलियों में इंसुलेटेड केबल लगाने की मांग को लेकर भाजपा गोपीगंज मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञानपुर स्थित राजस्व अतिथि गृह में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि नगर के अंजही मोहाल की रामनाथ गली, पश्चिम मोहाल के पीछे वाली गली, पुरानी ट्यूबवेल गली, मिर्जापुर रोड से माधोरामपुर गली, कोइरान मोहाल गली तथा जिले के एकमात्र वृद्धजन आश्रम और उदासीन अखाड़ा गली में लोगों द्वारा लगाए गए निजी बिजली के तार मात्र 6 से 7 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं। घनी आबादी वाले इन क्षेत्रों में लगातार आवागमन होने से कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मंडल अध्यक्ष ने इन गलियों में विभागीय इंसुलेटेड वायर लगाने की मांग करते हुए कहा कि इससे लोग निजी तार हटाकर विभागीय कनेक्शन ले सकेंगे और संभावित हादसों से बचाव हो सकेगा।

## मुख्यमंत्री ने कटनी दौरा: में दिया 243 करोड़ के कार्यों की सौगात

**● कटनी जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और आवास योजनाओं के लिए पुनः सर्वे कराने का ऐलान किया।**

**कांग्रेश ने प्रदेश के विकास के लिए पर्याप्त काम नहीं किया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।





**ब्यूरो प्रयागराज। बरही/कटनी। मप्र।** प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बरही प्रवास के दौरान क्षेत्र को 243 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और आवास योजनाओं के लिए पुनः सर्वे कराने का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने प्रदेश के विकास के लिए पर्याप्त काम नहीं किया, जिसकी भरपाई अब वर्तमान सरकार तेजी से कर रही है।

मुख्यमंत्री ने लाखों किसानों की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए नए सिरे से सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उन्होंने मेडिकल कॉलेज की स्थापना को अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही, करीब 1000 करोड़ रुपये की कुल विकास योजनाओं का खाका खींचते हुए उन्होंने किसानों के लिए 'कृषि महोत्सव' आयोजित करने की बात कही।

**सिंचाई परियोजना से बदलेगी 11 हजार किसानों की किस्मत।**

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना (लागत ?566.92 करोड़) को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

सीएम ने संजय पाठक की तारीफ़ करते हुए , कहा आज जो विशाल भीड़ यहां जुटी है और इस क्षेत्र के लिए जितने काम की घोषणाएं हुई है वह सिर्फ पाठक जी के मेहनत और प्रयास से ही संभव हो रहा है। मुख्य मंत्री ने इस परियोजना से बरही और विजयराघवगढ़ तहसील के 27 गांवों की 20,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जिससे: करीब 11,000 किसानों को सीधे तौर पर खेती के लिए पानी उपलब्ध होगा।

**जनसैलाब के बीच भव्य आभार रैली।**

बड़ा तालाब से विजयनाथ धाम मंदिर तक निकली एक किलोमीटर लंबी आभार रैली में मुख्यमंत्री का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। रथ पर मुख्यमंत्री के साथ खजुराहो सांसद और विजय गढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक सवार थे।

: चौक बाजार और कमानिया गेट जैसे मार्गों पर व्यापारियों, अधिवक्ता संघ, खिलाड़ियों और सामाजिक संगठनों ने 14 स्थानों पर स्टॉल लगाकर पुष्प वर्षा की गई। यह स्वागत विधायक संजय पाठक के नेतृत्व में किया गया।

**आधुनिक खेती को प्रोत्साहन**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर आधुनिक और लाभकारी कृषि की ओर ले जाना है। प्रस्तावित 243 करोड़ रुपये के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्य स्थानीय बुनियादी ढांचे को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

## कोतवाली परिसर में पेयजल संकट, खराब हैंडपंप और वाटर कूलर से फरियादी परेशान

**● थाना समाधान दिवस में भी पानी के लिए भटकते रहे लोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर में इन दिनों पेयजल का संकट बना हुआ है। परिसर में लगा हैंडपंप और ओवरहेड वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे कोतवाली आने वाले फरियादियों और कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान यह समस्या और भी स्पष्ट रूप से सामने आई। अपनी शिकायत लेकर पहुंचे कई फरियादियों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। गर्मी के बीच पानी न मिलने से लोग काफी परेशान दिखाई दिए।

कोतवाली में तैनात कर्मचारियों ने बताया कि परिसर में लगा ओवरहेड टैंक भी खराब हो चुका है। इसकी वजह से नियमित रूप से पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। वहीं हैंडपंप भी काम नहीं कर रहा है, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। कर्मचारियों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके कारण कर्मचारियों और फरियादियों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाली जैसे महत्वपूर्ण सरकारी परिसर में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। फरियाद लेकर आने वाले लोगों को कम से कम पीने का साफ पानी तो आसानी से उपलब्ध होना चाहिए। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से खराब हैंडपंप, ओवरहेड टैंक और वाटर कूलर को जल्द ठीक कराने की मांग की है।

## कृषि एवं कृषक विकास के लिए इफको कोरडेट प्रतिबद्ध: बाल्मीकि त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कॉर्डेट फूलपुर एवं कलोल की22वीं संयुक्त प्रबंध समिति की बैठक कॉर्डेट फूलपुर के समिति कक्ष में हुई संपन्न। बैठक की अध्यक्षता कॉर्डेट फूलपुर प्रबंध समिति के अध्यक्ष वाल्मीकि त्रिपाठी एवं बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े श्री जयेश भाई विट्ठल भाई रादडिया, अध्यक्ष प्रबंध समिति कारडेट कलोल ने की। इस बैठक में कॉर्डेट फूलपुर,आंवला, कलोल एवं पारादीप की गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही इस बात पर विचार विमर्श हुआ कि किस प्रकार से कॉर्डेट देश के किसान एवं कृषि को विकसित रूप प्रदान करने में अपना सहयोग दे सकता है। बैठक में समिति सदस्यों ने कोरडेट की गतिविधियों से संतुष्टि जताते हुए आगे और भी नई योजनाओं के साथ कार्य करने के विभिन्न सुझाव दिये। बैठक से पूर्व सभी सदस्यों ने कोरडेट फूलपुर की गौशाला का अवलोकन किया और गौ पूजन किया और विभिन्न इकाइयों का भ्रमण किया। कार्यक्रम का संचालन कोरडेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर डी.के. सिंह ने किया। कार्यक्रम समापन पर श्री यतेंद्र कुमार तेवतिया, सचिव कोरडेट एवं राज्य विपणन प्रबंधक इफको उत्तर प्रदेश ने कॉर्डेट प्रबंध समिति के सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में कॉर्डेट प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य भरत त्रिपाठी, राजदत्त पांडे, आर.पी. सिंह बघेल, अभय चौधरी, पद्मश्री रामशरण वर्मा, वीर प्रताप सिंह, कौशल शर्मा प्रगाजी भाई कलारिया, अभिषेक कुमार, मुख्य प्रबंधक विपणन इफको नई दिल्ली, संतोष कुमार राय, संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज, आर.सी .दामोर, राज्य विपणन प्रबंधक इफको गुजरात, अनिरुद्ध विक्रम सिंह, इकाई प्रमुख इफको कांडला, पी.के.सिंह, इकाई प्रमुख इफको फूलपुर, संतोष कुमार सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा इफको फूलपुर इकाई, कुलमानी माझी, प्रधानाचार्य कारडेट पारादीप, एस.पी. कावड़, प्रधानाचार्य कारडेट कलोल उपस्थित रहे।

## पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी से गायब हुई 6 सीट, यात्रियों को दूसरे कोच में किया शिफ्ट

**लखनऊ।** मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी की छह सीटें ही गायब हो गई। यात्री जब अपनी सीट पर पहुंचे तो पता चलाकि जिस हिस्से में उनकी सीटें होना चाहिए था, वहां खाली स्थान बचा है। सीटें ही नहीं हैं। यात्रियों ने इसकी शिकायत दर्ज करायी। इस पर छह यात्रियों को दूसरी बोगियों में शिफ्ट किया गया। ट्रेन 12533 पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी एस-3 में शुक्रवार को तकनीकी गड़बड़ी आ गई। इसके बदले मौके पर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन की स्लीपर क्लास की एक बोगी लगा दी गई। बोगी को बदलते समय रेलवे के यांत्रिक विभाग ने यह भी नहीं देखा कि सीट न होने पर एक हिस्सा असामान्य दिख रहा है। इस बोगी की सीट नंबर 36, 37, 38, 41, 42 और 43 वाला फ्रेम नहीं था।

इस कारण यह छह सीटें बोगी में उपलब्ध नहीं थी। इसकी जगह पर एक बड़ा स्थान रिक्त हो गया था। यात्रियों ने इसका वीडियो बनाकर रेल मदद पर शिकायत दर्ज करायी। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश कुमार गुप्ता का कहना है कि बोगी एस-3 को तकनीकी गड़बड़ी के कारण बदलना पड़ा था। इसके तीन यात्रियों को एस-3, दो को एस-2 और एक यात्री को एस-3 में सीटें उपलब्ध करा दी गई।

## बेगूसराय में सीएम नीतीश की सुरक्षा में चूक, हेलीपैड कैंपस में घुसा सांड; मची अफरा-तफरी

**बिहार के बेगूसराय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन से पहले हेलीपैड पर एक सांड घुस गया. इससे सुरक्षा व्यवस्था के बीच अफरा-तफरी मच गई और पुलिसकर्मियों को उसे भगाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. करीब एक घंटे की जद्दोजहद के बाद सांड को हटाया जा सका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिहार** के बेगूसराय में मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सुरक्षा व्यवस्था के बीच उस वक्त अफरा-तफरी मच गई. ये अफरा-तफरी तब मच गई, जब हेलीपैड कैंपस में अचानक एक सांड घुस गया। सांड को भगाने के दौरान पुलिसकर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी और कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. दरअसल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत बेगूसराय के बरौनी प्रखंड स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले हैं. यहां मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से हेलीपैड और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

इसी दौरान अचानक एक सांड हेलीपैड कैंपस में घुस गया, जिससे वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के बीच भागा-दौड़ी का माहौल बन गया. पुलिसकर्मियों ने सांड को भगाने की कोशिश की, लेकिन सांड ने उल्टा एक पुलिसकर्मी को ही खदेड़ दिया. काफी देर तक पुलिस और सुरक्षाकर्मी सांड को बाहर निकालने की कोशिश करते रहे. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सांड को हेलीपैड कैंपस से बाहर भगाया जा सका. इस दौरान मौके पर कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति भी बन गई और बड़ी संख्या में पुलिस बल उसे काबू में करने में जुटा रहा।

**बाद में सुरक्षा के इंतजाम हुए पुख्ता**

घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच आखिर सांड हेलीपैड परिसर तक कैसे पहुंच गया. हालांकि, बाद में स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया और कार्यक्रम की तैयारियां जारी रहीं. फिलहाल, प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए गए हैं।

सीएम नीतीश कुमार शनिवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के तीसरे चरण के दौरान बेगूसराय में रिलायंस इंडस्ट्रीज के 'कैम्पा कोला' बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखनी है. यह इस जिले में एक बड़ा औद्योगिक निवेश होगा. इस प्लांट को बनाने में लगभग 1,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी और यह असुरारी स्थित बीईएडीए परिसर में 35 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा. इस बेवरेज यूनिट का संचालन 'ईपीआईसी एग्रो प्रोडक्ट्स' द्वारा किया जाएगा. उम्मीद है कि इस प्लांट में हर साल 200 मिलियन बोतलें तैयार होंगी और इससे 1,500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बस्ती में गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान, दुकानदारों ने बताई अपनी परेशानी



**बस्ती।** बस्ती जिले में रसोई गैस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है. मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सभी जिलों में प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है. पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर के वितरण पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी न हो सके।

**जिलों में जिलाधिकारी कर रहे निगरानी**

सरकार के निर्देश के बाद सभी जिलों में जिलाधिकारी खुद स्थिति की निगरानी कर रहे हैं. संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर और आगरा समेत कई जिलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है. इसके साथ ही गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या में भी प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**बस्ती में गैस एजेंसी पर भीड़**

सरकार की सख्ती के बावजूद कई जिलों में गैस सिलेंडर को लेकर लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है. बस्ती में शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे रत्नाकर गैस एजेंसी पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली. लोग सुबह से ही गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े रहे।

## मनरेगा महिला मेटों ने अधिकारों को लेकर ने मुख्यमंत्री, विधायकों को सौंपा 4 सूत्रीय ज्ञापन



**बस्ती।** बस्ती जिले में मनरेगा महिला मेटों ने अधिकारों को लेकर सांसद राम प्रसाद चौधरी, विधायक दूधराम, कविन्द्र चौधरी अतुल के साथ ही जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सामाजिक कार्यकर्ता रवि प्रकाश के नेतृत्व में 4 सूत्रीय ज्ञापन सौपा। मांग किया कि वी.बी-जी राम जी योजना में मनरेगा मेट को प्रति माह सम्मानजनक वेतन दिया जायज्ञापन में बी-जी राम जी योजना में मनरेगा मेट को प्रति माह वेतन दिये जाने, प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत के सार्वजनिक कार्यों में 365 दिन कार्य सुनिश्चित किये जाने, मनरेगा श्रमिक डिमांड पत्र में मनरेगा मेट हस्ताक्षर अनिवार्य किये जाने और 20 श्रमिको का लगा प्रतिबन्ध हटाये जाने, एक्टिव मनरेगा मेट को मोबाईल, एवं सिम कार्ड अनलिमिटेड डाटा प्रदान दिये जाने जिससे हाजरी भरने में परेशानिया न हो आदि की मांग शामिल है। ज्ञापन देने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता रवि प्रकाश ने कहा कि वी.बी-जी राम जी योजना में मनरेगा मेट घोर उपेक्षा के शिकार हैं। इन्हें पर्याप्त अवसर और अधिकार दिये जाय। ज्ञापन देने के दौरान सत्यभामा, मीरा देवी, इसरावती, सरोज शर्मा, निर्मला देवी, सुमन, वंदना, गीता वर्मा, रीना वर्मा, रेखा देवी, सत्यवती, निर्मला, रीता देवी आदि शामिल रहे।

## अलर्ट - 13 मार्च के बाद शून्य बैलेन्स होने पर अपने आप कट जायेगी बिजली

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि.लखनऊ ने पूरे प्रदेश में 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू कर दी है। प्रदेश में 13 मार्च से स्मार्ट प्री-पेड व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जायेगी। इस दौरान प्री-पेड उपभोक्ताओं के खाते में बैलेन्स शून्य हुआ, तो बिजली अपने आप कट जायेगी। प्रदेश में प्री-पेड मीटर लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है। पावर कारपोरेशन ने इसे 13 मार्च से पूरी तरह लागू करने का आदेश दिया है। इस तिथि के बाद यदि प्री-पेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के खाते में बैलेन्स खत्म होता है, तो उसकी बिजली स्वतः ही कट जाएगी। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को अलर्ट मैसे भी भेजे जा रहे हैं । इसमें अपने बैलेन्स को चैक करके एवं उसके सकारात्मक बैलेन्स बनाये रखने की अपील की जा रही है । साथ ही बताया जा रहा है कि रिचार्ज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की वेबसाइट, मोबाइल एप, भीम, फोन-पे, गूगल-पे आदि डिजिटल माध्यम से घर बैठे किया जा सकता है । इसके अलावा विभागीय काउण्टर पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद ललितपुर में विद्युत विभाग के 1.67 लाख विद्युत उपभोक्ताओं में से 32 हजार उपभोक्ताओं के यहॉ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जिनमें से 31 हजार 600 मीटर प्री-पेड किए जा चुके हैं । इन उपभोक्ताओं की जो सिक्योरिटी विभाग में जमा है, उसे शुरूआती रिचार्ज के रूप में समायोजित किया जा रहा है। अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर का बैलेन्स निगेटिव में चल रहा है।

# जिले में नहीं थम रहा मौत का सिलसिला मानक विहीन अस्पतालों में शासन प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में नहीं थम रहा मौत का सिलसिलामानक विहीन अस्पतालों में मौत 'मौत के हॉस्पिटलो' में मरीजों की मौत होने का सिलसिला जारी है स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार सीएमओ तथा यह ए सीएमओ सिलसिला,धृतराष्ट्र बने घूम रहे सीएमओ राजीव निगम कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है ऐसे में अशिक्षित डॉक्टर से इलाज करने के बाद मौत का अंजाम भुगतना पड़ता है ग्रामीण को लेकिन स्वास्थ्य विभाग जिले में कुकुरमुत्ता की तरह प्राइवेट हॉस्पिटल संचालित कर ऐसे अस्पतालों से मोटी रकम लेकर इसी कारण कार्रवाई नहीं की जाती है एक कहावत है अपनी जेब भरते उच्च अधिकारी कार्रवाई क्यों नहीं करते मरियम हॉस्पिटल से कई मोटे हो चुकी हैं फिर भी अस्पताल पर कार्रवाई क्यों नहीं किया जा




रहा है ऐसे शासन प्रशासन की मिली भगत से मरियम हॉस्पिटल पर कार्रवाई नहीं की जा रही है आम जनमानस परेशान है मरियम हॉस्पिटल की एजेंट गुमराह करके मरीजों को अपने यहां भर्ती कर लेते हैं और करने के बाद उनसे मोटी रकम एठते हैं महिला हॉस्पिटल के सामने चल रहे आइडियल मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में आधी रात हुई महिला की दर्दनाक मौत? प्रसव पीड़ा होने पर 8 तारीख को पैकोलिया (बेलघाट) की रहने वाली महिला को उसके परिजनों ने आइडियल हास्पिटल में करवाया था भर्ती? हॉस्पिटल में घोर लापरवाही से बिगड़ी महिला की हालत,उचित चिकित्सकीय परामर्श व उपचार न मिलने से चली गई जान? आइडियल हास्पिटल मे अखिलेश नाम के स्टाफ पर महिला के परिजनों ने धमकाने व जबरन मामले को सेटल करवाने का लगाया आरोप? महिला की दर्दनाक मौत ने स्वास्थ्य विभाग पर खड़े किए सवाल?जिले मे चल रहे निजी हॉस्पिटलो की गहनता से उच्च स्तरीय जांच आखिर क्यू नही? बिना योग्यता,संसाधन व निरीक्षण के धड़ल्ले से चल रहे आइडियल जैसे सैकड़ों अवैध हास्पिटल,जनता के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा मौत का खतरा? प्रतिदिन अवैध हॉस्पिटलो में जा रही किसी किसी ना किसी मरीज की जान,आखिर कितनी मौतों के बाद जागेंगे बस्ती सीएमओ राजीव निगम?

# ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर की रिपोर्टों को लेकर मरीजों ने लगाया गंभीर आरोप

**●जिम्मेदारी से बचने हेतु बिना हस्ताक्षर व मुहर की अप्रमाणित रिपोर्ट मरीजो को दे रहा ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में डायग्नोस्टिक सेंटर मरीजों को गुमराह करने के साथ - साथ मीडिया टीम को भी गुमराह अप्रमाणित रिपोर्टो को लेकर जनपद में चर्चित ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर मरीजों को गुमराह करने के साथ - साथ मीडिया टीम को भी गुमराह करने के प्रयास में जुटा हुआ है जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही हैं साथ ही स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है । आप को बता दें कि जनपद मुख्यालय पर जिला अस्पताल के सामने गेट नंम्बर एक के दक्षिण कैली अस्पताल रोड पर ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर स्थित है जहां पर अल्ट्रासांउड , एक्स रे , सीटी स्कैन, ईसीजी , सभी रोगों की जांच




हेतु पैथालॉजी समेत अन्य तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं । जिला अस्पताल बस्ती के बगल होने के कारण मरीजों की संख्या हमेशा ज्यादा बनी रहती है । मरीजों की संख्या ज्यादा देखकर लोगों को विश्वास हो जाता है कि डायग्नोस्टिक सेंटर पर प्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा जाँचे विश्वशनीय तरीके से की जाती हैं परन्तु सत्यता से अंजान मरीजों के साथ क्या छल हो रहा है जिसको जानकर आपके पैरोतले जमीन खिसक जायेगी । मरीज ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर पर आते हैं और घंटो - घंटो तक अपनी बारी का इन्तजार भी करते हैं मरीजों के इस विश्वास पर कुठाराघात करते हुए भविष्य की जिम्मेदारियों से बचने के लिए सेंटर द्वारा मरीजों को बिना हस्ताक्षर व बिना मुहर लगी अप्रमाणित रिपोर्ट सौंपी जा रही है जिसको लेकर जनपद में चर्चाओं का दौर जारी है ।

जनहित को लेकर मीडिया टीम की सतही पड़ताल में घटना सत्य भी पायी गयी और पता चला कि डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा प्रदान की जा रही रिपोर्टो पर वास्तव में हस्ताक्षर व मुहर नहीं हो रहे हैं । अब बड़ा सवाल यह है आखिर क्यों ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा रिपोर्टो पर हस्ताक्षर नही किया जा रहा है और न ही मुहर लगाया जा रहा है ? कैसे पता चलेगा कि किस डाक्टर ने रिपोर्ट तैयार किया है और भविष्य में जिम्मेदारी किसकी व कैसे तय होगी ?

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी ली गई कि बिना किसी प्रशिक्षित डाक्टर के हस्ताक्षर व मुहर के रिपोर्ट मरीजों को देना कहाँ तक न्यायसंगत होगा तो जिम्मेदारों ने इसे दोषपूर्ण मानते हुए कार्यवाही की बात करते हुए मामले को टाल दिया । फिरहाल मामला संज्ञान में आने के बाद सेंटर द्वारा लीपापोती जारी हो गयी है अब देखना यह है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम द्वारा उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की जाती है ।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद प्रतापगढ़ का प्रशासन पूरी तरह सतर्क और अलर्ट मोड में दिखाई दिया। परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई है।शनिवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, एमडीपीजी कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर लागू बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम और आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया की भी गहनता से देखा। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान सत्यापित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वारों पर चल रही चेकिंग व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और सुरक्षा कर्मियों से अभ्यर्थियों की तलाशी, प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच तथा प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली।

# बेटियों की सेहत की ढाल बना एचपीवी टीका

**●जिला महिला चिकित्सालय में अभियान शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर।** जिला महिला चिकित्सालय में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भारत भूषण द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह टीकाकरण सरकार के नियमित सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं, बल्कि एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत किशोरियों को गार्डासिल नामक क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है। ये दोनों प्रकार सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं। इसके साथ ही यह टीका एचपीवी के टाइप 6 और 11 से भी बचाव करता है। विशेषज्ञों के अनुसार 14 वर्ष की आयु में इस टीके की एक खुराक देने से लंबे समय तक मजबूत सुरक्षा मिलती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर वर्ष लगभग 80 हजार नए मामले सामने आते हैं और करीब 42 हजार महिलाओं की इससे मृत्यु हो जाती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि यह टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त और स्वैच्छिक है। इसका उद्देश्य सभी वर्गों की किशोरियों तक समान रूप से पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय में प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उन किशोरियों को एचपीवी टीका लगाया जाएगा, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है लेकिन 15वां वर्ष पूरा नहीं हुआ है। टीकाकरण अभिभावक की सहमति के बाद किया जाएगा और लाभार्थी को आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। अभियान के तहत के0एन0आई0सी0ई0 की एक छात्रा को जनपद का पहला एचपीवी टीका लगाया गया, जबकि रामकली बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा को दूसरा टीका लगाया गया। इस अवसर पर बच्चियों को एचपीवी टीकाकरण का प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला सर्विलांस अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डीसीपीएम, डीएमसी यूनीसेफ, वीसीसीएम-यूएनडीपी, डीसी जेएसआई, हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर जिला चिकित्सालय सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीमावर्ती थारू गांवों के विकास पर प्रशासन का फोकस

**●डीएम ने किया निरीक्षण व सड़क का शिलान्यास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** नेपाल सीमा से सटे थारू जनजाति बहुल गांवों के विकास को गति देने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने विकास खंड पचपेड़वा के थारू जनजाति क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने थारू विकास परियोजना कार्यालय पहुंचकर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा थारू जनजाति क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र परिवार तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे।

**अभ्युदय कोचिंग में बढ़ाया जाएगा पंजीकरण**

जिलाधिकारी ने अभ्युदय कोचिंग की





व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराया जाए और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के युवा बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

**सेमरहवा गांव में संपर्क मार्ग का शिलान्यास**

दौरे के दौरान डीएम ने थारू जनजाति ग्राम सेमरहवा में नए संपर्क मार्ग का शिलान्यास भी किया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।

**बेहतर कनेक्टिविटी पर प्रशासन का जोर**

जिलाधिकारी ने कहा कि नेपाल सीमा से लगे थारू जनजाति गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित कर वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत आवश्यक एनओसी प्राप्त की जा रही है। कई गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जा चुका है, जबकि शेष गांवों में भी तेजी से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए, ताकि थारू जनजाति के लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें और उनका सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मोहित दुबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आप सांसद संजय सिंह बोले, गैस संकट प्रायोजित

**●सुल्तानपुर में नाली में पाइप लगाकर चूल्हा जलाकर किया प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने अपने गृह जनपद सुल्तानपुर में गैस सिलेंडर संकट को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने दावा किया कि यह संकट प्रायोजित है और इसे 'लाया गया है, आया नहीं है'। प्रदर्शन के दौरान, संजय सिंह ने गैस चूल्हा रखकर उसमें नाली के पाइप से कनेक्शन देकर चूल्हा जलाने का प्रदर्शन किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी बात रखी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। संजय सिंह ने कहा कि देश की जनता को यह जानना चाहिए कि यह संकट प्रायोजित है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री को पहले से मालूम था कि हार्मोज़ समुद्री मार्ग, जिसका 60-70 प्रतिशत हिस्सा ईरान में आता है, उसी से भारत का 60 प्रतिशत कच्चा तेल और 50 प्रतिशत गैस आती थी। उन्होंने सवाल उठाया कि फिर भारत ने ईरान से अपने रिश्ते क्यों खराब किए, जबकि पहले कोई बुरे रिश्ते नहीं थे। संजय सिंह ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री ने ईरान यात्रा के दौरान कहा था कि 'ईरान और भारत की दोस्ती इतिहास से भी ज़्यादा पुरानी है'। उन्होंने यह भी बताया कि 2024 में ईरान के राष्ट्रपति की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शोक घोषित किया था और संसद में शोक प्रस्ताव पारित हुआ था।

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने युद्ध से दो दिन पहले इजराइल की यात्रा की और 'फर्जी मेडल' पहना। उन्होंने कहा कि इसके बाद देश के करोड़ों लोगों के हितों को अमेरिका और इजराइल के आगे गिरवी रख दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि वे खामेनाई की हत्या पर, 160 स्कूली बच्चों की मौत पर और ईरानी नौसेना के जहाज पर अमेरिकी हमले पर नहीं बोले। संजय सिंह के अनुसार, 13 दिन बाद जब सारी विदेश नीति 'मर गई', तब 'मुर्दे को इंजेक्शन लगाने के लिए' मोदी जागे।

## सम्मेलन में जमा 60 हजार रुपये लौटाने को लेकर विवाद

**पीड़ित ने डीएम-एसपी से लगाई गुहार**

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी मजरा टपरियन निवासी एक युवक ने सम्मेलन में विवाह कराने के नाम पर जमा कराए गए रुपये वापस न मिलने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मानसिंह कुशवाहा पुत्र गोरेलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 30 नवम्बर 2025 को सम्मेलन के माध्यम से संस्कृति गार्डन राजघाट ललितपुर में होना तय हुआ था। इस सम्मेलन का आयोजन एक कथित संस्था नई राह फाउंडेशन के अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा था। पीड़ित के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने के लिए उसने 30 हजार रुपये की रसीद कटवाई थी, जबकि उसके रिश्तेदार निवेदिका पुत्री पूरन निवासी ग्राम कथनौवा ने भी 30 हजार रुपये जमा किए थे। बाद में किसी कारणवश सम्मेलन स्थगित हो गया, जिसके बाद उसने अपने निवास से ही विवाह कर लिया। मानसिंह का आरोप है कि विवाह के बाद उसने फाउंडेशन के अध्यक्ष से अपने रुपये वापस करने को कहा। इस पर उसे 40 हजार रुपये वापस कर दिए गए, जबकि 20 हजार रुपये बाद में देने की बात कही गई।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर बस्ती में प्रशासन सतर्क

**● जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केन्द्रों व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बस्ती जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना और पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला डिग्री कॉलेज, ए.पी.एन. डिग्री कॉलेज तथा गोविंद राम सेकेंडरी इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा केन्द्रों की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यस्थिति, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश और निकास द्वार की निगरानी, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने केन्द्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय सघन जांच सुनिश्चित करने, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा किसी भी प्रकार की अनधिकृत गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहां स्थापित मॉनिटरिंग सिस्टम, लाइव सीसीटीवी फीड और वीडियो रिकॉर्डिंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने परीक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने केन्द्र अधीक्षकों, सुरक्षा अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और तैनात स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुशासनहीनता पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और किसी भी प्रकार के नकल सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही कंट्रोल रूम की लगातार मॉनिटरिंग बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भर्ती परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसे लेकर किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आकांक्षा गैस एजेंसी पर ब्लैक मार्केटिंग में 42 सिलेंडर मिले

**●एजेंसी मालिक समेत 2 पर केस दर्ज, सप्लाई इंस्पेक्टर की तहरीर पर कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – गोसैसिंहपुर में आकांक्षा गैस एजेंसी के प्रोपराइटर के घर से सिलेंडरों की कालाबाजारी के आरोप में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर सप्लाई विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में सिलेंडर बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस को प्रोपराइटर के दोस्तपुर स्थित घर से 6 भरे हुए बड़े गैस सिलेंडर, 2 भरे हुए छोटे सिलेंडर और 36 खाली सिलेंडर बरामद हुए। कुल 44 सिलेंडर जब्त किए गए। जांच में सामने आया कि इन सिलेंडरों की अवैध रूप से कालाबाजारी की जा रही थी। पुलिस ने मौके से मनीष कुमार को हिरासत में लिया और उसे थाने ले गई। सप्लाई इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की तहरीर पर मनीष कुमार और राजन गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। बरामद सिलेंडरों को इंडेन गैस एजेंसी दोस्तपुर में सुरक्षित रखा गया है। इस कार्रवाई में सप्लाई इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, कस्बा इंचार्ज अनूप सिंह और कांस्टेबल आनंद सिंह की टीम शामिल थी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार

**अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन ने किया जोरदार प्रदर्शन**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को संसद में पारित कराए जाने की मुहिम शनिवार को भी राजधानी में वकीलों का तेवर में दिखा। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में गोमती नगर स्थित हाईकोर्ट परिसर के बाहरी छोर पर जमकर नारेबाजी की। यहां अधिवक्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद में बार बार मांग के बावजूद सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित नही करा रही है। उन्होने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि विधेयक पारित नहीं कराया गया तो वकील लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत सत्ता परिवर्तन के लिए लखनऊ से दिल्ली तक संघर्ष को देशव्यापी बनाएंगे। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि बजट सत्र के भीतर यह विधेयक नहीं लाया गया तो संसद का घेराव करना तय है। उन्होने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार अधिवक्ताओं को वोट बैंक से इतर मानने की भूल कर रही है।

# गर्भपात मामले के आरोपी छोड़े, दरोगा लाइन हाजिर

**●एसपी ने की कार्रवाई, पहले भी हिस्ट्रीशीटर के साथ फोटो खिचवाने पर हुए थे सस्पेंड**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – एक उपनिरीक्षक (एसआई) रविंद्र सिंह को एक महिला की पिटाई के मामले में आरोपियों को थाने से छोड़ने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस मामले में महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई थी। उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह की कोतवाली देहात थाने में एक माह पूर्व ही तैनाती हुई थी। इससे पहले, जब वह कूरेभार थाने के एसओ थे, तब एक हिस्ट्रीशीटर प्रधान के साथ फोटो वायरल होने पर तत्कालीन एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। यह घटना वजूपुर में मंगलवार को हुई थी, जब औरा बानो नामक महिला की विपक्षी मो. यूनुस, उसके बेटे सलमान और पौत्र गोलू ने घर के सामने पिटाई कर दी थी। मो. यूनुस और औरा बानो के पति मो. सलीम के बीच जमीन व अन्य मामलों को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है, जिस पर मुकदमा भी लंबित है। बुधवार को पेशी से पहले यूनुस के बेटे और पौत्र ने सलीम की गर्भवती पत्नी की पिटाई की। रात में महिला की तबीयत बिगड़ी और अगले दिन अस्पताल में उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। मो. सलीम की तहरीर पर पुलिस ने सलमान और गोलू को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, जिसके बाद मो. यूनुस, सलमान और गोलू के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। मो. सलीम ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायत की कि पुलिस ने आरोपियों को थाने से छोड़ दिया है और वे घर जाकर धमकी दे रहे हैं। इस शिकायत के बाद एसपी के आदेश पर मामले के जांच अधिकारी उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। उन पर वजूपुर मारपीट मामले में दोनों आरोपियों को थाने से छोड़ने का आरोप है। वहीं, पुलिस ने दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की कवायद शुरू कर दी है। देहात कोतवाल धर्मबीर सिंह ने बताया कि उन्हें अभी उपनिरीक्षक के लाइन हाजिर होने की जानकारी नहीं है, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। एसपी कार्यालय से दरोगा रविंद्र सिंह के लाइन हाजिर होने की पुष्टि हुई है।

# संक्षिप्त खबरें

## साहब, मंदिर परिसर में लकड़ी रखकर कर रहे कब्जा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 8 शिकायत दर्ज की गई। जिनमें तीन शिकायतो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में गोगूमऊ गांव निवासी बबलू ने गांव के ही दो लोगों पर गांव के मंदिर परिसर में लकड़ी व कूड़ा रखकर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। बताया कि आरोपी मान नहीं रहे हैं। इससे पहले शिकायत की गई थी तो आरोपियों ने लड़कियां व कूड़ा हटा लेने की सहमति दी थी। लेकिन अब वे अपनी बात से मुकर रहे हैं। कहने पर गाली गलौज और मारपीट करने पर आमादा है। पूरे माधव मजरे चिलौला के रहने वाले राम प्रकाश, शिव प्रकाश व शमशेर ने संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र देकर अपनी भूमिधरी जमीन की हदबरारी करवाने का प्रार्थना पत्र दिया। इस दौरान कुल आठ शिकायतें पंजीकृत की गई। इनमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी बची शिकायतों को संबंधित बीट के दरोगा और राजस्व कर्मचारियों की टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार सिंह, लेखपाल उमाकांत तिवारी मनमोहन पांडे आलोक संतोष आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 मामलों का हुआ निस्तारण

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर स्थित ग्राम न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न मामलों की सुनवाई कर पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 14 मामलों का निस्तारण किया गया। ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी देवेश कुमार यादव की अध्यक्षता में लोक अदालत की कार्रवाई संपन्न हुई। सुनवाई के दौरान तीन राजस्व से जुड़े मामलों और 11 आपराधिक प्रकृति के मामलों को दोनों पक्षों की सहमति से सुलझाया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता और न्यायालय से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। इनमें पेशकार अखिलेश पांडेय, विपुल श्रीवास्तव, तुलसी बाबू, अधिवक्ता अशोक शुक्ला, पीएलवी मयंक सिंह, वेदवती, राहुल कुमार और सरला समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## हलोर गांव में होली मिलन समारोहः हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल, हजारों ग्रामीणों ने लिया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद




**महराजगंज/रायबरेली।** हलोर गांव में आयोजित होली मिलन समारोह हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान संत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली जैसे त्योहार समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देते हैं। हलोर गांव का यह आयोजन हिंदू- मुस्लिम एकता की मिसाल है और ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का काम करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। ग्रामीणों ने देर तक कार्यक्रम का आनंद उठाया और एक-दूसरे को होली की बधाई देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी चौधरी बछरावां, प्रधान पुरासी गंगासागर पांडे, रविराज सिंह, प्रधान केशव चौधरी, राम लखन यादव, श्रवण कुमार चौधरी, बबलू श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान सत्रोहन सोनी, अयाज खान, अरविंद मिश्रा, तेज बहादुर लंबरदार, रामप्रताप चौधरी, जमुना प्रसाद मिश्रा, रामफेर तिवारी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।

# दारोगा भर्ती का फर्जी प्रश्न पत्र वायरल करने पर तीन और मुकदमे, आरोपियों की तलाश में जुटी एसटीएफ

- दारोगा भर्ती परीक्षा का फर्जी प्रश्न पत्र वायरल हुआ।

**मामले में तीन नए मुकदमे दर्ज, कुल सात हुए।**

**एसटीएफ फर्जी सूचना फैलाने वालों की जांच में जुटी।**

स्वतंत्र प्रभात




**लखनऊ।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा में साल्वर गिरोह सक्रिय है। शनिवार सुबह वाट्सएप पर एक फर्जी प्रश्न पत्र का वीडियो वायरल कर किया गया। जिसमें पेपर मुहैया कराने के एवज में अभ्यर्थियों से 25 हजार की मांग की गयी।

वहीं, एक्स के माध्यम से भर्ती बोर्ड को ट्वीट कर बलिया, बनारस में पेपर लीक होने की बात कही गयी। इसके साथ ही यूट्यूब पर प्रश्न पत्र लीक होने का एक वीडियो वायरल किया गया।

इंटरनेट मीडिया पर फर्जी सूचना फैलाकर भ्रम की स्थिति पैदा की गई। मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के मीडिया सेल निरीक्षक ने हुसैनगंज कोतवाली में तीन मुकदमे दर्ज कराए हैं। अब मुकदमों की संख्या सात हो गई।

निरीक्षक सतेंद्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 व 15 मार्च को दारोगा भर्ती की परीक्षा है। भर्ती बोर्ड का मीडिया सेल 24 घंटे वाट्सएप, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर नजर रखे हुए है। निगरानी के दौरान 14 मार्च की सुबह 8:32 बजे वाट्सएप पर हेल्पर के नाम से फर्जी प्रश्न पत्र का वीडियो यूपी एसआइ एग्जाम 14 मार्च 2026 शिफ्ट -1 पर वायरल किया गया। जिसमें 25 हजार दो और पेपर लो की बात लिखी थी।

वहीं, निरीक्षक ने बताया कि 13 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत्ति बोर्ड के आधिकारिक एक्स हैंडल पर निहारिका सिंह के नाम से (@आइसिंहनिहारिका) 7:55 बजे एक पोस्ट किया गया। जिसमें कहा कि चेक कीजिए ठीक से पेपर लीक हो रहा है। बलिया, बनारस सेंटर पर भी पेपर आउट हो रहा है।

निरीक्षक का कहना है कि अभ्यर्थियों को भ्रमित करने व पेपर लीक की फर्जी सूचना चलायी गयी। निहारिका सिंह की इस हरकत से परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के बीच भ्रम और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

इसी तरह 14 मार्च को यूट्यूब चैनल @विराटविजिनके पर प्रश्न पत्र लीक होने और सरकार की छवि धूमिल करने का वीडियो वायरल किया गया।

निरीक्षक ने हुसैनगंज कोतवाली में सरकारी कार्य में बाधा, आइटी एक्ट, सात आपराधिक कानून संशोधिन अधिनियम, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में तीन रिपोर्ट दर्ज करायी है। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**एसटीएफ भी जांच में जुटी, अन्य की होगी गिरफ्तारी**

लगातार प्रश्न पत्र वायरल होने के मामले में मुकदमे दर्ज होने पर एसटीएफ भी जांच में शामिल हो गई है। वह एसीपी हजरतगंज के साथ मिलकर आइपी एड्रेस ट्रेस कर रही है, ताकि अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जा सके। साथ ही गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जाएगी।

# विवाहिता की मौत पर अंतिम संस्कार के दौरान हंगामा

- मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर हुआ दाह संस्कार

**दो बार बुझाई गई चिता की आग, तीसरी बार में हुआ अंतिम संस्कार**

स्वतंत्र प्रभात



**लंभुआ, सुलतानपुर।** कोतवाली चांदा क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार के दौरान जमकर हंगामा हो गया। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। मृतका की पहचान कल्पना के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने उसके पति रामबली धुरिया और देवर पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव गांव पहुंचा, जहां से परिजन अंतिम संस्कार के लिए धोपाप घाट ले गए।

घाट पर पहुंचने के बाद मायके पक्ष के लोगों ने अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। मृतका के भाई बृजेश ने आरोप लगाया कि उनकी बहन ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि पति और देवर ने मिलकर उसकी हत्या की है। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। सूचना मिलने पर चांदा थाना प्रभारी अमित मिश्रा मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की बात सामने आई है, लेकिन मायके पक्ष इस बात को मानने को तैयार नहीं था। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात बिगड़ते देख क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर उनकी तहरीर पर एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

इस दौरान अंतिम संस्कार को लेकर विवाद भी देखने को मिला। मृतका का बड़ा बेटा दाह संस्कार के पक्ष में था, जबकि मायके पक्ष शव को दफनाने की बात पर अड़ा रहा। आरोप है कि कुछ लोगों ने जलती चिता पर पानी डालकर उसे बुझाने की भी कोशिश की, जिससे तीन बार चिता जलाने और बुझाने की स्थिति बनी। आखिरकार पुलिस की मौजूदगी और समझाइश के बाद मृतका के बड़े बेटे ने मुखाग्नि दी, जिसके बाद अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

# भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास द्वारा श्रृंगी ऋषि जैसी कथाओं को सुनकर भक्त हुए मंत्र मुग्ध

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/ रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ओथी ग्राम सभा में यजमान आशीष मौर्य के यहां आनंद मिश्रा द्वारा चल रही भव्य श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को सिधौना अमांवा से पधारी कथा व्यास संध्या जी द्वारा राजा परीक्षित का जन्म उन्हें श्रृंगी ऋषि का श्राप और ब्रह्मा जी की उत्पत्ति के प्रसंग पर कथा कहते हुए पंडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

आपको बताते चले कि, कथा व्यास ने कहा कि राजा परीक्षित पांडवों के वंशधर व अभिमन्यु के पुत्र थे भगवान श्री कृष्ण उत्तरा के गर्भ में उनकी ब्रह्मास्त्र से रक्षा की थी इसके पश्चात कथा व्यास ने विविध प्रसंगों पर भी प्रकाश डाला वहीं कथा के दौरान बीच-बीच में भक्ति भजनों को सुनकर उपस्थित श्रोता झूम उठे। कथा के विराम पश्चात आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य यज्ञाचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी, उपयज्ञाचार्य अमरेश शुक्ला, पंडित अरुण त्रिपाठी, व्यवस्थापक सोनू मौर्य, अवधेश मौर्य, संत प्रसाद, बबलू प्रजापति, संकठा प्रसाद, बाबा जयजयराम, दिनेश कोटेदार, शिवकुमार, कन्हैया मौर्य, शिव प्रसाद, संकर मौर्य, महेंद्र, धुन्नू जगप्रसाद, पल्लू सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

### घरों में जलते रहें चूल्हे, गैस आपूर्ति सुरक्षित रखने को आगरा में उद्योगों की पीएनजी में 20 प्रतिशत कटौती

**आगरा।** घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) मिलने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए ग्रीन गैस कंपनी ने बड़ा कदम उठाया है। उद्योगों को मिलने वाली पीएनजी में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। संजय प्लेस, ताजगंज, खंदारी सहित दर्जनभर क्षेत्रों में 74 औद्योगिक कनेक्शन हैं। हर दिन छह हजार स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर पीएनजी की खपत है। शहर में पीएनजी के एक लाख उपभोक्ता हैं। इन्हें चौबीस घंटे गैस मिल रही है। 74 होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा सहित अन्य शामिल हैं। इन्हें उद्योग मानते हुए पीएनजी दी जा रही है। पीएनजी उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न आए, इसके चलते उद्योगों की पीएनजी में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह व्यवस्था आगरा, लखनऊ सहित प्रदेश के पांच शहरों में हुई है। ग्रीन गैस कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए उद्योगों के हिस्से में सीमित कटौती की गई है, जिससे घरों में गैस की उपलब्धता प्रभावित न हो।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। इसी क्रम में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएवी इंटर कॉलेज भगवतीगंज, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज, महारानी देवेन्द्र कुंवरि गर्ल्स इंटर कॉलेज, एमएलके पीजी कॉलेज तथा एमपीपी कॉलेज परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

डीएम और एसपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। साथ ही अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवांछित गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा की निगरानी के लिए सीसीटीवी मॉनिटरिंग, कंट्रोल रूम और पुलिस गश्त की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौके पर मौत एक गंभीर रूप से घायल, रिफर

**बिसवां/सीतापुर** बिसवां थाना क्षेत्र के सरैया गांव के पास शनिवार की दोपहर अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से सड़क हादसे में आदेश गिरि पुत्र वीरेंद्र गिरि उम्र 15 वर्ष, गुड्डु गिरि पुत्र रामकुमार गिरि उम्र 30 वर्ष निवासी सकरन थाना क्षेत्र दुदगड़ की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं ललित गिरि पुत्र नरेंद्र गिरि उम्र 32 वर्ष निवासी गौराभारी थाना बड्डूपुर जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है ललित गिरि सकरन थाना क्षेत्र दुदगड़ गाँव को अपनी बहन के आये थे। यहाँ से बाइक से तीनों लोग आदेश के ननिहाल जलालपुर भंडिया जा रहे थे तभी ब्रजबाशिन पुरवा सरैया गाँव के पास ये हादसा हो गया तीनों को सीएचसी सांडा लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने आदेश और गुड्डू को मृत घोषित कर दिया और ललित को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी कोतवाली बिसवां ने बताया मृतकों का पंचनामा कर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## घर से बीड़ी माचिस लेने निकले अधेड़ का शव नहर में मिला

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की

**एक अधेड़ का शव गांव के बगल नहर में मिलने से सनसनी मच गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।**

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़** थाना क्षेत्र अंतर्गत अवसानपुर गांव से जुड़ा मामला है। जहां पर गांव के समर बहादुर सुत लालता प्रसाद मुसहर ( 55) का शव शनिवार की सुबह नहर में मिलने से हड़कंप मच गया। समर बहादुर शुक्रवार की शाम लगभग 5:30 बजे घर से बीड़ी माचिस लेने के लिए निकले थे। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे, मृतक के छोटे भाई रामराज ने बताया कि अक्सर शादी विवाह आदि में मजदूरी करने की वजह से देर रात घर आया करते थे। इसलिए रात के खोजबीन नहीं की गई। सुबह किसी राहगीर ने इसकी जानकारी ग्रामीण को दी। तब परिजनों को जानकारी मिली। समर बहादुर के दो लड़की सीमा व शिल्पा और तीन लड़के अनिल सुनील एवं महेंद्र हैं। सुबह किसी राहगीर ने घटना की सूचना आसपास के ग्रामीण को दी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर एवं शिवगढ़ थाना प्रभारी चंद्रभान मय फोर्स मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस मामले में हर पहलुओं से जांच पड़ताल कर रही है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी देखे गए हैं। नहर के किनारे पटरी पर खून के निशान भी मिले हैं। मृतक के छोटे भाई रामराज ने हत्या की आशंका जताई है। शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं, पोस्टमार्टम के बाद भी स्पष्ट हो सकेगा।

# आचार्य नन्दीलाल 'निराश' की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली।** 'युगान्तर कला एवं साहित्य मंच' सिधौली के तत्वावधान में प्रख्यात साहित्यकार आचार्य नन्दीलाल 'निराश' की पुण्यतिथि के अवसर पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार बाबूराम पाण्डेय ने की, जबकि संचालन केदार नाथ शुक्ल एवं अनूप तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार वेद प्रकाश अग्निहोत्री रहे। उन्होंने आचार्य 'निराश' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में साहित्यिक चेतना और मानवीय मूल्यों को सशक्त किया। उनके साहित्य में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदना और जनजीवन की गहरी झलक देखने को मिलती है। इस अवसर पर कवि एवं साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' ने काव्यात्मक उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए आचार्य 'निराश' को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और आचार्य 'निराश' की रचनाएँ इस दर्पण को और अधिक संवेदनशील बनाती हैं।


ग्राम प्रधान हरदोईया बुद्ध प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि आचार्य नन्दीलाल 'निराश' जैसे साहित्यकार समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं और उनका साहित्य नई पीढ़ी को प्रेरणा देता है। वरिष्ठ साहित्यकार अनुराग अग्निहोत्री ने कहा कि आचार्य नन्दीलाल 'निराश' उच्चकोटि के साहित्यकार थे और उनकी रचनाओं में प्रगतिशील चेतना स्पष्ट दिखाई देती है। अध्यक्षता कर रहे बाबूराम पाण्डेय ने कहा कि आचार्य 'निराश' केवल साहित्यकार ही नहीं बल्कि समाज के सजग चिंतक भी थे। उनकी रचनाएँ मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों ने आचार्य नन्दीलाल 'निराश' के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा उनके साहित्यिक अवदान को नमन किया। इस अवसर पर साहित्यकार, शिक्षाविद एवं अधिवक्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के आयोजक अनूप कुमार ने कहा कि आचार्य नन्दीलाल 'निराश' का साहित्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र, अजय तिवारी, देवी पाल सिंह, डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति, मित्रेश, देवेंद्र नाथ, डॉ. बी.बी. वर्मा, डॉ. हरिदत्त गौतम तथा छोटू प्रकाश सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आचार्य नन्दीलाल 'निराश' के साहित्यिक योगदान को स्मरण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विज्ञान क्विज़ विजेताओं का लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण, मेट्रो व विज्ञान केंद्र से मिली नई प्रेरणा

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर।** जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विकास क्षेत्र बलरामपुर ग्रामीण के 21 विद्यालयों के लगभग 100 विजेता छात्र-छात्राओं ने इस शैक्षिक यात्रा में भाग लिया। भ्रमण का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर अशोक कुमार पाठक ने किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लखनऊ मेट्रो की यात्रा करते हुए उसकी आधुनिक तकनीक, संचालन प्रणाली तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि मेट्रो रेल किस प्रकार सुरक्षित, तेज और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन के रूप में शहरी जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसके बाद विद्यार्थियों ने अलीगंज स्थित विज्ञान आंचलिक केंद्र का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोगों और इंटरैक्टिव प्रदर्शनों को देखा। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने विज्ञान के कई रोचक सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझा, जिससे उनमें विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार की भावना और अधिक प्रबल हुई। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी अनुभव साबित हुआ। जनपद प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी अनुभव उपलब्ध कराकर उनके समग्र बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर एआरपी विज्ञान अखिलेश शुक्ला, पंकज पाण्डेय, महमुदुल, सुदीप, अमित, अकील, अभिषेक, चांदनी, पायल और सिद्धनाथ सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें विभिन्न वैज्ञानिक जानकारियाँ प्रदान कीं।

# युवक पर लाठी-डंडों से हमला, 5 नामजद समेत कई पर FIR दर्ज

स्वतंत्र प्रभात
सचिन बाजपेयी

**अलीगंज/विकास नगर, लखनऊ।** मुख्यमंत्री की अराजकता पर कड़ा प्रहार करते हुए उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ के विकास नगर पुलिस द्वारा युवक के साथ मारपीट मामले में अराजक लोगों पर कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मारपीट करने वाले लड़को की खोज जारी है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट करने वाले लड़के फरार चल रहे है बाकी cctv फुटेज के आधार पर पुलिस लोगों की तलाश में जुटी हुई है। स्थानीय लोगो की माने तो लोगों ने बताया कि ये सभी लड़के गुट बनाकर दिन रात इमामबाड़े के पास जुवा खेलते रहते है और काफी सालों से अराजकता का माहौल बना हुआ था साथ ही लोगों ने स्थानीय पुलिस के द्वारा की गयी कार्यवाही से संतोष जताया है खास तौर पर चौकी इंचार्ज जीतेन्द्र कुमार सिंह के बारे में लोगों ने बताया कि जब से चौकी पर इनकी तैनाती हुई है तब से अराजकता पर नकेल लगातार कासी जा रही है उसी क्रम में यह कार्यवाही यहाँ की आम जान मानस पर पुलिस के प्रति भरोसा पैदा करने वाली है।



आपको बताते चले कि विकासनगर थाना क्षेत्र के इमामवाड़ा मिर्जापुर इलाके में दो मार्च की रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच युवक पर कुछ युवकों ने लाठी-डंडों और मुक्कों से हमला कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित की स्कूटी भी क्षतिग्रस्त कर दी। घटना की सूचना 11 दिन बाद, 13 मार्च की देर रात पुलिस को दी गई, जिसके बाद विकासनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 191(2), 115(2), 252, 351(2), 324(2) में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित सूर्यांश 2 मार्च की रात अपने चाचा राजीव शुक्ला (निवासी अलीगंज) के घर जा रहा था। जब वह स्कूटी से इमामवाड़ा मिर्जापुर के पास पहुंचा, तभी पीछे से आई एक काली स्कूटी ने उसे टक्कर मार दी। गिरते ही चार-पांच युवक और तीन-चार अन्य अज्ञात लोग उस पर टूट पड़े और लाठी-डंडों व मुक्कों से मारपीट करने लगे। पीड़ित सूर्यांश अवस्थी ने अपनी तहरीर में बताया कि हमलावरों ने उसे पीटते हुए गाली-गलौज की और उसकी स्कूटी भी तोड़ दी। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर चाचा के घर पहुंच गया।

पीड़ित के अनुसार राहुल और विशाल नाम के युवक उसके घर तक पीछा करते हुए आए और उनके हाथ में ईंट भी थी। तहरीर में पीड़ित ने राहुल, विशाल फूलवाला, पिल्ली उर्फ अनुराग, लालजी, शनी समेत तीन-चार अन्य अज्ञात लोगों को हमलावर बताया है। सभी आरोपियों के पते फिलहाल अज्ञात बताए गए हैं।

विकासनगर थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच निरीक्षक आनंद कुमार यादव को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है घटना के बाद इलाके में युवकों के बीच बढ़ती गुंडागर्दी और सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रंप के दावे और टूटता तिलस्म

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (त्सस्क) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुँचाना था। लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा।

दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया। अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ s-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं। यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं, और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं।

अंततः, ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

**महेन्द्र तिवारी**

# सीईसी पर महाभियोग का नोटिसः बहुमत से नहीं, 'नैरेटिव की राजनीति' से लड़ाई

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। ऐसे में जब मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया जाता है, तो वह केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं रह जाता, बल्कि उसके राजनीतिक मायने भी गहरे हो जाते हैं। हाल ही में विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए संसद के दोनों सदनों में नोटिस दिया है। इस नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, यानी कुल 193 सांसदों ने इसे समर्थन दिया है। यह संख्या नोटिस देने के लिए जरूरी न्यूनतम संख्या से अधिक है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसके बावजूद इस प्रस्ताव का संसद में पारित होना लगभग असंभव है।

यही कारण है कि इस पूरे घटनाक्रम को केवल संवैधानिक प्रक्रिया के रूप में नहीं बल्कि राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। विपक्षी दलों का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में जल्द ही पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। चुनाव से ठीक पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इस तरह का कदम उठाना यह संकेत देता है कि विपक्ष चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर एक राजनीतिक नैरेटिव तैयार करना चाहता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) में तय की गई है। इसके अनुसार उन्हें हटाने के लिए वही प्रक्रिया अपनाई जाती है जो सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए अपनाई जाती है। इसका अर्थ है कि संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होना आवश्यक है। विशेष बहुमत का मतलब है कि सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत का समर्थन। वर्तमान राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए विपक्ष के पास इतनी संख्या नहीं है कि वह इस प्रस्ताव को पारित करा सके।

यही कारण है कि कई राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि यह प्रस्ताव वास्तव में सत्ता परिवर्तन की कोशिश से अधिक राजनीतिक संदेश देने की रणनीति का हिस्सा है। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग की कुछ प्रक्रियाएं, खासकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े निर्णय, बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकते हैं और इससे सत्तारूढ़ दल को लाभ मिल सकता है। इसी आधार पर विपक्ष ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए महाभियोग का रास्ता चुना है।

हालांकि यह भी सच है कि इस तरह का प्रस्ताव भारतीय इतिहास में पहली बार सामने आया है। इससे पहले किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए संसद में इस स्तर का औपचारिक प्रयास नहीं हुआ था। इसलिए यह कदम अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक संकेत भी है। विपक्ष यह संदेश देना चाहता है कि वह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर है और यदि उसे लगता है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है तो वह उसे संसद में चुनौती देने से पीछे नहीं हटेगा।

राजनीतिक दृष्टि से देखें तो इस कदम का सीधा फायदा विपक्ष को तुरंत मिलना मुश्किल है। संसद में बहुमत के अभाव के कारण यह प्रस्ताव संभवतः आगे नहीं बढ़ पाएगा। लोकसभा में अंतिम निर्णय स्पीकर ओम बिरला के पास है, जबकि राज्यसभा में यह अधिकार सभापति के पास होता है। यदि वे नोटिस स्वीकार भी कर लेते हैं तो अगला चरण जांच समिति का होगा। समिति की रिपोर्ट और उसके बाद संसद में मतदान की प्रक्रिया इतनी जटिल और लंबी है कि उसका परिणाम निकट भविष्य में निकलना मुश्किल है।

इसके बावजूद विपक्ष के लिए यह कदम पूरी तरह बेकार भी नहीं है। राजनीति में कई बार किसी मुद्दे को उठाने का उद्देश्य तत्काल परिणाम प्राप्त करना नहीं बल्कि सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित करना होता है। विपक्ष शायद यही चाहता है कि चुनाव से पहले चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर बहस छिड़े और मतदाताओं के बीच यह संदेश जाए कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

विशेष रूप से उन राज्यों में जहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां यह मुद्दा राजनीतिक बहस का हिस्सा बन सकता है। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे राज्यों में विपक्ष यह तर्क दे सकता है कि चुनाव आयोग की कुछ नीतियां मतदाता सूची या चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं। इससे विपक्ष को अपने समर्थकों को संगठित करने और राजनीतिक माहौल बनाने का अवसर मिल सकता है।

इसके अलावा यह कदम विपक्षी एकता का भी प्रतीक बन सकता है। इस नोटिस पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और आम आदमी पार्टी सहित कई दलों के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह दर्शाता है कि विभिन्न विचारधाराओं के दल एक साझा मुद्दे पर एक साथ खड़े हो सकते हैं। भारतीय राजनीति में जहां विपक्ष अक्सर बिखरा हुआ दिखाई देता है, वहां इस तरह की संयुक्त कार्रवाई राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है।

फिर भी यह सवाल बना रहेगा कि क्या केवल नैरेटिव बनाने से चुनावी परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। भारतीय मतदाता अक्सर स्थानीय मुद्दों, नेतृत्व और सरकार के कामकाज को अधिक महत्व देते हैं। इसलिए यह जरूरी नहीं कि चुनाव आयोग को लेकर उठाया गया विवाद सीधे चुनावी परिणामों को प्रभावित कर दे।

लेकिन राजनीति केवल परिणामों की गणना नहीं होती, बल्कि धारणा की भी होती है। विपक्ष शायद यही समझता है कि यदि वह चुनाव से पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता का मुद्दा लगातार उठाता है, तो वह कम से कम राजनीतिक बहस की दिशा बदल सकता है। यही कारण है कि संख्या बल की कमी के बावजूद इस तरह का संवैधानिक कदम उठाया गया है।

अंततः यह घटनाक्रम भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण भी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि संवैधानिक संस्थाओं को लेकर राजनीतिक दल कितने संवेदनशील हैं और वे उन्हें लेकर संसद में किस हद तक जाने को तैयार हैं। चाहे यह प्रस्ताव आगे बढ़े या नहीं, लेकिन इसने एक बड़ी बहस जरूर शुरू कर दी है कि चुनावी संस्थाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर राजनीतिक दलों की अपेक्षाएं क्या हैं और लोकतंत्र में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

# पेट्रोलियम संकट में उपभोक्ता, अधिकारों की वास्तविकता

प्रतिवर्ष 15 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित है, परंतु विडंबना यह है कि आज जब दुनिया इस दिवस को मना रही है, उसी समय वैश्विक राजनीति और युद्धों की आग में उपभोक्ता सबसे अधिक झुलस रहा है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, विशेषकर अमेरिका, इज़रायल और ईरान के टकराव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर वैश्विक दबाव बढ़ गया है। परिणाम यह हुआ कि पेट्रोल, डीज़ल और गैस की कीमतों में स्थिरता ने पूरे विश्व के उपभोक्ताओं को प्रभावित किया है।

जब जब पेट्रोलियम महँगा होता है तो उसका असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता बल्कि परिवहन, खाद्यान्न, बिजली, उद्योग और दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक फैल जाता है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा बोझ पड़ता है। ऐसे समय में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि उपभोक्ता अधिकारों की जो व्यवस्था बनाई गई है वह वास्तव में आम नागरिक को कितनी राहत दे पा रही है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में व्यापक रूप से लागू किया गया था उसके बाद अनेक संशोधन किए गए, वर्तमान में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। इनमें सुरक्षा का अधिकार, सूचना प्राप्त करने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, न्याय प्राप्त करने का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्रमुख हैं। इसके अलावा इस कानून में भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही और ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था भी जोड़ी गई है।

उपभोक्ता विवादों के समाधान के लिए भारत में त्री स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग, राज्य उपभोक्ता आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शामिल हैं। देश में लगभग 685 जिला उपभोक्ता आयोग और लगभग 35 राज्य आयोग कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय आयोग सर्वोच्च स्तर पर अपील और बड़े मामलों की सुनवाई करता है। जिला आयोग में एक करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई होती है, राज्य आयोग एक करोड़ से दस करोड़ रुपये तक के मामलों पर निर्णय देता है और दस करोड़ रुपये से अधिक के मामलों की सुनवाई राष्ट्रीय आयोग करता है। सरकार के उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में उपभोक्ता मामलों की संख्या लगातार बढ़ी है। 2022 से 2025 के बीच लगभग 5.99 लाख मामले उपभोक्ता आयोगों में दर्ज हुए और लगभग 5.91 लाख मामलों का निपटारा किया गया, जबकि लाखों मामले अब भी लंबित हैं। वर्ष 2024 में लगभग 1.73 लाख नए मामले दर्ज हुए और लगभग 1.58 लाख मामलों का समाधान हुआ। जनवरी 2024 तक देशभर में लगभग 5.43 लाख मामले लंबित थे। कुछ राज्यों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, जैसे गुजरात में 2024 के दौरान राज्य आयोग में 2214 मामलों और जिला आयोगों में 15820 मामलों का निपटारा किया गया। यह आँकड़े यह दर्शाते हैं कि व्यवस्था सक्रिय तो है, परंतु मामलों की संख्या और निपटान के बीच अभी भी बड़ा अंतर मौजूद है।

कानून के अनुसार उपभोक्ता मामलों का निपटारा तीन से पाँच महीनों के भीतर हो जाना चाहिए, लेकिन व्यवहार में कई मामलों में वर्षों लग जाते हैं। इसके पीछे न्यायिक सदस्यों की कमी, प्रशासनिक ढाँचे की सीमाएँ, बार-बार स्थगन और कंपनियों द्वारा आदेशों के पालन में देरी जैसे कारण जिम्मेदार हैं। इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि आम उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति अभी भी पूरी तरह जागरूक नहीं है। ग्रामीण स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करना नितांत आवश्यक है। बहुत से लोग छोटी-छोटी ठगी या सेवा में कमी को नियति मानकर सह लेते हैं और शिकायत दर्ज नहीं कराते। यही कारण है कि बाजार में कई बार कंपनियाँ और सेवा प्रदाता उपभोक्ता हितों की अनदेखी कर देते हैं। पेट्रोलियम संकट के वर्तमान दौर में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि ईंधन की कीमतों का प्रभाव हर वस्तु और सेवा पर पड़ता है। ऐसे में सरकार, उपभोक्ता संगठनों और न्यायिक संस्थाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे मूल्य पारदर्शिता, कर संरचना और आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित रखें ताकि आम नागरिक पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन भर नहीं होना चाहिए बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी होना चाहिए कि क्या उपभोक्ता वास्तव में बाजार का राजा बन पाया है या अभी भी वह व्यवस्था की जटिलताओं में उलझा हुआ है। जब तक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा और शिकायत दर्ज करने का साहस नहीं करेगा, तब तक कानून की शक्ति पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकेगी। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता जागरूकता को जनआंदोलन का रूप दिया जाए, उपभोक्ता अदालतों की संख्या और संसाधन बढ़ाए जाएँ तथा शिकायतों के त्वरित निपटान की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। तभी अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा और उपभोक्ता वास्तव में सशक्त बन सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

## संपादकीय

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस : जागरूक उपभोक्ता ही सुरक्षित समाज की आधारशिला

हर वर्ष 15 मार्च को विश्व भर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। यह दिन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित है। आधुनिक उपभोक्तावादी युग में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है, क्योंकि वह प्रतिदिन विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को जाने, उन्हें समझे और आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग भी करे। यह दिवस उपभोक्ताओं को यह याद दिलाता है कि बाजार में केवल व्यापारियों या कंपनियों के ही अधिकार नहीं होते, बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का इतिहास 15 मार्च 1962 से जुड़ा हुआ है, जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए उपभोक्ता अधिकारों को औपचारिक रूप से मान्यता दी थी। उन्होंने पहली बार यह स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षा, सूचना, चयन और सुने जाने का अधिकार मिलना चाहिए। यह विचार आगे चलकर एक वैश्विक आंदोलन का आधार बना और 1983 से 15 मार्च को विश्व स्तर पर उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। बाद में संयुक्त राष्ट्र ने भी उपभोक्ता संरक्षण के लिए दिशानिर्देश जारी कर इस आंदोलन को वैश्विक पहचान प्रदान की।

आज के समय में बाजार तेजी से बदल रहा है। नई तकनीकों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डिजिटल सेवाओं के विस्तार के कारण उपभोक्ताओं के सामने कई नए अवसर आए हैं, लेकिन साथ ही कई चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। कई बार कंपनियां आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से उत्पादों के बारे में गलत या अधूरी जानकारी देती हैं। कुछ मामलों में उत्पादों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं होती या कीमत वास्तविक मूल्य से अधिक होती है। ऐसे में उपभोक्ता अधिकार दिवस लोगों को सतर्क रहने और सही जानकारी के आधार पर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करता है। उपभोक्ता अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण अधिकार सुरक्षा का अधिकार है। इसका अर्थ है कि उपभोक्ता को ऐसे उत्पाद और सेवाएं मिलनी चाहिए जो उसके स्वास्थ्य और जीवन के लिए सुरक्षित हों। यदि किसी वस्तु से खतरा होने की संभावना है, तो उसके बारे में उपभोक्ता को पहले से जानकारी दी जानी चाहिए। इसके अलावा सूचना का अधिकार भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता को उत्पाद की गुणवत्ता, मात्रा, कीमत, निर्माण तिथि, उपयोग की विधि और संभावित जोखिमों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होता है। इसी प्रकार चयन का अधिकार उपभोक्ता को यह स्वतंत्रता देता है कि वह विभिन्न विकल्पों में से अपनी आवश्यकता और क्षमता के अनुसार वस्तु या सेवा चुन सके।

इसके साथ ही उपभोक्ता को अपनी शिकायत दर्ज कराने और सुने जाने का भी अधिकार है। यदि किसी उत्पाद या सेवा से उपभोक्ता को नुकसान होता है या उसे धोखा दिया जाता है, तो वह उचित मंच पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है और न्याय प्राप्त कर सकता है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए मजबूत कानूनी व्यवस्था बनाई गई है। पहले उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू था, जिसे बाद में संशोधित कर नया कानून लागू किया गया। इस व्यवस्था के अंतर्गत उपभोक्ता अदालतें और कई नियामक संस्थाएं उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करती हैं।

भारत में उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। 'जागो ग्राहक जागो' जैसे अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है कि वे खरीदारी करते समय सावधानी बरतें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। इसके अलावा विभिन्न सरकारी संस्थाएं उत्पादों की गुणवत्ता और मानकों की निगरानी करती हैं। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की ऊर्जा खपत के आधार पर स्टार रेटिंग प्रदान करता है। इससे उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद मिलती है कि कौन-सा उपकरण कम बिजली खर्च करेगा और लंबे समय में उनके लिए अधिक लाभदायक होगा। आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीदारी करते समय लोग अक्सर उनकी स्टार रेटिंग पर ध्यान देते हैं। यह रेटिंग यह दर्शाती है कि कोई उपकरण कितनी ऊर्जा बचत करता है। सामान्यतः पांच स्टार रेटिंग वाला उपकरण कम बिजली खर्च करता है और पर्यावरण के लिए भी बेहतर माना जाता है। हालांकि कई बार बाजार में नकली या गलत रेटिंग वाले उत्पाद भी मिल जाते हैं, इसलिए उपभोक्ताओं को सावधानी बरतनी चाहिए। आधिकारिक ऐप या वेबसाइट के माध्यम से उत्पाद की जानकारी की जांच करना उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचा सकता है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का महत्व केवल अधिकारों की जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदार उपभोक्ता बनने का भी संदेश देता है। उपभोक्ताओं को यह समझना चाहिए कि वे केवल खरीदारी करने वाले व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि बाजार की दिशा तय करने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति भी हैं। यदि उपभोक्ता जागरूक होकर गुणवत्ता वाले और सुरक्षित उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो कंपनियों को भी अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसी प्रकार पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए टिकाऊ और ऊर्जा-सक्षम उत्पादों का उपयोग करना भी आज के समय की आवश्यकता बन गया है।

वर्ष 2026 में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' रखा गया है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि बाजार में उपलब्ध हर उत्पाद सुरक्षित, विश्वसनीय और मानकों के अनुरूप होना चाहिए। इसमें व्यवसायों, नियामक संस्थाओं और उपभोक्ताओं तीनों की साझा जिम्मेदारी होती है। कंपनियों को ईमानदारी से उत्पाद तैयार करने चाहिए, सरकार को प्रभावी नियम और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, और उपभोक्ताओं को जागरूक होकर सही निर्णय लेना चाहिए।

वास्तव में जागरूक उपभोक्ता ही स्वस्थ और सुरक्षित बाजार व्यवस्था की नींव होते हैं। जब उपभोक्ता अपने अधिकारों को समझते हैं और उनका उपयोग करते हैं, तब बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को लाभ होता है बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। इसलिए विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह जागरूकता, जिम्मेदारी और न्यायपूर्ण व्यापार व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंततः यह कहा जा सकता है कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है। यदि हम जागरूक होकर सही जानकारी के साथ खरीदारी करें, उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी के खिलाफ आवाज उठाएं, तो हम एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण उपभोक्ता समाज का निर्माण कर सकते हैं। यही इस दिवस का मूल संदेश है कि जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त समाज की पहचान है।

**कांतिलाल मांडोत**

# नचिकेता के अनुपम आदर्श से अनभिज्ञ होती आधुनिक पीढ़ी

आज का युग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का युग है। मोबाइल और इंटरनेट से घिरी आधुनिक पीढ़ी किसी भी प्रश्न का उत्तर कुछ ही क्षणों में गूगल पर खोज सकती है। यदि आज के बच्चों या युवाओं से पूछा जाए कि नचिकेता कौन थे, तो वे संभवतः तुरंत इंटरनेट पर खोज कर उत्तर बता देंगे। लेकिन यदि यही प्रश्न बिना गूगल या एआई की सहायता के पूछा जाए, तो शायद अधिकांश लोग निरुत्तर रह जाएंगे। यह स्थिति हमारी शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक स्मृति पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है । भारतीय वैदिक साहित्य में कृष्ण यजुर्वेद के कठोपनिषद में वर्णित नचिकेता और यमराज के संवाद की कथा अत्यंत प्रेरणादायक मानी जाती है। बालक नचिकेता का चरित्र पितृभक्ति, सत्यनिष्ठा, साहस, वैराग्य और ज्ञान-पिपासा का अद्भुत उदाहरण है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा पद्धति में इस महान आदर्श का समुचित स्थान नहीं है। यदि कहीं इसका उल्लेख मिलता भी है तो वह केवल कुछ श्लोकों तक सीमित रह जाता है ।

वैदिक ग्रंथों के अनुसार लगभग दस वर्ष की आयु का बालक नचिकेता अत्यंत तेजस्वी और जिज्ञासु था। उसके पिता उद्दालक ऋषि ने विश्वजीत नामक यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सर्वस्व दान करना अनिवार्य था। यज्ञ के दौरान जब उद्दालक ऋषि दुर्बल और बूढ़ी गायों का दान करने लगे, तब नचिकेता ने विनम्रतापूर्वक उन्हें समझाया कि ऐसा दान, जो किसी के काम न आए, धर्मसम्मत नहीं है । नचिकेता ने अपने पिता से कहा कि यदि दान ही देना है तो मुझे ही दान कर दीजिए, ताकि मैं किसी के काम आ सकूँ। नचिकेता पिता से कहता है कि मैं भी आपका धन हूँ, अतः इन गायों की जगह आप मेरा ही दान कर दीजिए ताकि मैं किसी के कुछ काम आ सकू। गोदान करते समय पिता के पास आकर नचिकेता बार-बार एक ही प्रश्न पूछता है — 'तत् कस्मै मां दास्यसि?' अर्थात आप मुझे किसे दान देंगे? बार-बार एक ही प्रश्न पूछने पर आवेश में आकर पिता के मुख से निकल गया— 'मैं तुझे यमराज को देता हूँ।' पिता के इस वचन को सत्य सिद्ध करने के लिए बालक नचिकेता मृत्यु के देवता यमराज के लोक तक पहुँच गया।

यमराज के द्वार पर वह तीन दिन और तीन रात बिना अन्न-जल के प्रतीक्षा करता रहा। अतिथि के रूप में आए इस बालक की तपस्या और पितृभक्ति से प्रभावित होकर यमराज ने उसे तीन वरदान माँगने को कहा । पहले वरदान में नचिकेता ने अपने पिता के क्रोध और दुख के शांत होने की कामना की। दूसरे वरदान में उसने अग्नि विद्या का ज्ञान माँगा। तीसरे वरदान के रूप में उसने जीवन के सबसे गूढ़ प्रश्न को सामने रखा— मृत्यु के बाद आत्मा का क्या होता है ? यमराज ने उसकी परीक्षा लेने के लिए उसे अपार धन, ऐश्वर्य, सुख-सुविधाएँ और स्वर्गिक भोग देने का प्रस्ताव रखा, लेकिन नचिकेता ने इन सबको अस्वीकार कर दिया। उसने स्पष्ट कहा कि संसार के सभी भोग क्षणभंगुर हैं और मनुष्य कभी धन से तृप्त नहीं होता। उसे केवल आत्मा के सत्य का ज्ञान चाहिए। नचिकेता की इस अद्भुत वैराग्य भावना और दृढ़ जिज्ञासा से प्रसन्न होकर यमराज ने उसे आत्मा और ब्रह्म के रहस्य की ब्रह्मविद्या का ज्ञान दिया। यही ज्ञान आगे चलकर कठोपनिषद का अमूल्य संदेश बना।

नचिकेता के महान जीवन चरित्र आदर्श की तुलना आज के आधुनिक समाज से करें तो स्थिति बहुत चिंताजनक दिखाई देती है। आज की पीढ़ी भौतिक सुखों और विलासिता की दौड़ में अपने पारिवारिक संस्कारों, धार्मिक ग्रंथों और सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। आज हर वर्ग हर समाज की आधुनिक होती पीढ़ी विलासिता में डूबकर अपने घर, परिवार, समाज की मान-मर्यादा, रीति-नीति और संस्कारों से न केवल दूर हो रही है बल्कि अपने वैदिक धार्मिक ग्रंथों में छिपे असीम रहस्यों, इतिहास और आदर्श चरित्रों से भी वह अनभिज्ञ हो चुकी हे ! बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियाँ, नशे की लत और कम उम्र में भटकाव समाज के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नचिकेता जैसे आदर्श चरित्रों की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। यदि हमारे बच्चों को बचपन से ही भारतीय ग्रंथों में वर्णित उच्च आदर्शों से परिचित कराया जाए, तो वे केवल तकनीकी रूप से ही नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बन सकते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि मोबाइल और आभासी दुनिया में खोती जा रही पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से पुनः जोड़ा जाए। नचिकेता का जीवन संदेश देता है कि सत्य, ज्ञान और आत्मबोध की खोज ही मनुष्य जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है । यदि हम वास्तव में संस्कारित और सशक्त समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें नचिकेता जैसे आदर्श चरित्रों को आधुनिक पीढ़ी के जीवन में पुनः स्थापित करना होगा।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## मंदिर से घंटा चोरी करते एक चोर को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिषखोप व मनिकौरा गांव के पूरब सिवान में स्थित समय माता मंदिर से शनिवार को घंटी चोरी करते एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है। बताया जाता है कि विगत कुछ महीनों से समय माता मंदिर से लगातार घंटी की चोरी की घटना घटित हो रही थी। लगातार चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों द्वारा निगरानी बढ़ाई गई थी। वहीं शनिवार को मोटरसाइकिल से एक युवक मंदिर के तरफ जाता दिखाई दिया। ऐसे में गांव के कुछ युवकों को शक हुआ और मोटरसाइकिल सवार की निगरानी करने लगे। इस दौरान चोर सर्वप्रथम मंदिर में पूजा किया फिर घंटी चोरी को अंजाम दिया। मौके पर जब ग्रामीण पहुंचे तो चोर घंटी को गेहूं के खेत में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर को पकड़ कर थाने लाई तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि घंटी चोरी की सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में मामले की जांच-पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तहसीलदार ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**सहजनवां, गोरखपुर-** सहजनवां तहसील क्षेत्र के भीटी रावत स्थित वैष्णीय गैस एजेंसी का शनिवार को तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एजेंसी के स्टॉक रजिस्टर की जांच की और प्रतिदिन उपभोक्ताओं को दी जा रही गैस आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। तहसीलदार ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय से गैस बुकिंग कराने की अपील करते हुए कहा कि यदि बुकिंग में किसी प्रकार की समस्या आती है तो एजेंसी पर संपर्क कर उसका समाधान कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है, वे उसे जल्द अपडेट कराएं तथा आधार से केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें। वहीं एजेंसी संचालक को सख्त निर्देश दिए कि बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर का वितरण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित



**देवरिया।** माय भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॉलेज हॉल में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष : लोकतंत्र के लिए सीख रहा, जिसमें जनपद के 59 युवाओं ने पंजीकरण कर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में जिया रहमान प्रथम, सिद्धेश्वर ओझा द्वितीय, हर्षित दुबे तृतीय, वर्षा मद्देशिया चतुर्थ और स्वस्तिका दुबे पंचम स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। युवाओं को फिट और जागरूक रहकर देश के विकास में योगदान देना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरडी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रताप नारायण सिंह ने की। निर्णायक मंडल में प्रो. पूजा नायक, प्रो. समरेंद्र बहादुर शर्मा, प्रो. भूपेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ. वेद प्रकाश सिंह व डॉ. आनंद मोहन शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों ने किया।

# खजनी में कानून पर सवाल ! पुलिस चौकी के ठीक सामने पत्नी-प्रेमी ने पति को सरेआम लहूलुहान किया, चीखते युवक को कोई नहीं बचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के खजनी थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसे देखकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो जाएंगे। दिनदहाड़े, पुलिस चौकी उनवल के ठीक सामने एक युवक को उसकी बेरहम पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर इतनी निर्ममता से पीटा कि पूरा इलाका सन्न रह गया। पीड़ित जामवन्त यादव मदद के लिए चीखते-चिल्लाते रहे, सड़क पर लहूलुहान गिरे, लेकिन न कोई पुलिसकर्मी निकला, न कोई स्थानीय नागरिक आगे बढ़ा। यह घटना न सिर्फ एक पारिवारिक कलह की कहानी है, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल है - क्या पुलिस चौकी अब सिर्फ दिखावे की दीवार बन गई है? घटना की पूरी हकीकत चौंकाने वाली है। खजनी थाना क्षेत्र के पूरासपार गांव निवासी जामवन्त यादव पुत्र राम सजीले यादव ने पुलिस को दी तहरीर में खुलासा किया कि उनकी पत्नी पूनम देवी ने अपने कथित प्रेमी सर्वेश यादव और दिनेश यादव (निवासी ग्राम परासिया, थाना हरपुर बुदहट) के साथ मिलकर साजिश रची। पूनम की बहन कौशल्या भी इस वारदात में शामिल थी। सुबह करीब 10:30 बजे जब जामवन्त किसी काम से जा रहे थे और पुलिस चौकी उनवल के सामने से गुजर रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। लातें, घूंसे, थप्पड़ और ठंडे हथियारों से जमकर पिटाई की गई। जामवन्त सड़क पर गिर पड़े, दर्द से तड़पते रहे, लेकिन कोई मदद को नहीं आया।

जामवन्त ने बताया, 'मैं लगातार चिल्लाता रहा, 'बचाओ... पुलिस... मदद करो!' लेकिन पुलिस चौकी के अंदर बैठे कर्मचारी तक बाहर नहीं निकले। कोई भी दर्शक आगे नहीं बढ़ा।' पीड़ित का आरोप है कि यह हमला पारिवारिक रंजिश और पूनम के अवैध संबंधों के कारण हुआ। पूनम पहले से ही उन्हें परेशान कर रही थी और इसी गुस्से में प्रेमी के साथ मिलकर यह साजिश रची गई। मारपीट इतनी भयानक थी कि जामवन्त गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उपचार दिया जा रहा है। इलाके में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं, 'जब पुलिस की चौकी के सामने ही ऐसा हो सकता है तो आम आदमी कहां सुरक्षित है? दिनदहाड़े कोई भी बेरहमी कर सकता है, कोई रोकने नहीं आएगा।' ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही ने अपराधियों को और हौसला दिया।

खजनी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसआई रामदयाल ने कहा, 'सभी आरोपों की गहन जांच की जा रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई होगी।' प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है और उच्च स्तर पर निगरानी शुरू कर दी गई है। यह घटना सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की चेतावनी है। जहां पुलिस चौकी के सामने कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वहां आम नागरिक का भरोसा कैसे बचेगा? क्या खजनी पुलिस अब जागेगी या फिर ऐसे मामलों में भी सिर्फ 'जांच' का आश्वासन ही देती रहेगी? इलाके के लोग अब सड़कों पर उतरने की तैयारी में हैं। सिस्टम को जवाब देना होगा - क्योंकि यह सिर्फ जामवन्त यादव की पिटाई नहीं, बल्कि कानून की पिटाई है!

## जमालपुर मजार के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

**ललितपुर।** जिले के ग्राम सिलगन निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिलगन निवासी कल्लू रायकवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 मार्च 2026 को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उनका पुत्र हीरो रायकवार अपने घर पर था। इसी दौरान गांव का ही दीपक कुशवाहा पुत्र बाबू कुशवाहा उनके घर आया और हीरो को अपने साथ चलने के लिए कहा। इसके बाद हीरो रायकवार अपने दोपहिया वाहन संख्या यू.पी.94 ए.जे.1069 से दीपक कुशवाहा के साथ चला गया। बताया गया कि रात करीब 8 बजे ग्राम जमालपुर मजार के पास ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी कि हीरो रायकवार का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस डायल 112 ने दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने हीरो रायकवार को मृत घोषित कर दिया।

## खजनी में संपूर्ण थाना समाधान दिवस बना औपचारिकता पांच शिकायतों में एक का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी /गोरखपुर-** खजनी थाना परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण थाना समाधान दिवस महज औपचारिकता बनकर रह गया। समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से केवल एक का मौके पर निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष चार प्रार्थना पत्रों को संबंधित हल्का लेखपालों को सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। कार्यक्रम में कोई भी राजस्व अधिकारी उपस्थित नहीं रहा, जबकि दो राजस्व निरीक्षक और चार लेखपाल ही मौजूद दिखे। इसके अलावा थाना खजनी के कई उपनिरीक्षक भी मौके पर नजर नहीं आए। गौरतलब है कि जिला स्तर से बार-बार निर्देश दिए जाते रहे हैं कि संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बावजूद इसके कई विभागों के कर्मचारी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लेते और इसे महज औपचारिकता समझकर अनुपस्थित रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें तो जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान संभव हो सकता है, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण शिकायतकर्ताओं को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं।

# गोला थाना परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, पांच मामलों में एक का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार (गोरखपुर)।** गोला थाना परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार बालचंद चौहान की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल पांच मामले सामने आए, जिनमें अधिकांश शिकायतें राजस्व से संबंधित रहीं। प्राप्त मामलों में से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों में थाना क्षेत्र के ग्राम बनरही निवासी कु. नीलू यादव पुत्री स्वर्गीय रामतेज यादव ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके मकान के बगल में स्थित पुश्तैनी शौचालय का उपयोग उनका परिवार लंबे समय से करता आ रहा है, लेकिन पट्टीदारों ने उस पर ताला लगा दिया है, जिससे परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शौचालय को खुलवाने की मांग की।

वहीं ग्राम सकरदेईया निवासी रूद्रनरायण यादव पुत्र विश्वनाथ ने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण करा रहे हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें निर्माण कार्य करने से रोक रहे हैं। इसके अलावा ग्राम सोढावीर निवासी दिवाकर, अशोक समेत अन्य लोगों ने गांव के कुछ व्यक्तियों पर कृषि आवंटन पट्टा की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उसे कब्जा मुक्त कराने की मांग की। थाना दिवस प्रभारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह, एसआई रविसेन यादव, तहसील प्रशासन के अधिकारी, लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें: जिला पूर्ति अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में गैससिलेंडरों की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की घबराहट या अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि ऑयल कंपनियों द्वारा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और वितरण व्यवस्था पूर्व की भांति सुचारु रूप से जारी है।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार जनपद में कुल 40 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनसे 5,83,379 घरेलू गैस कनेक्शन जुड़े हुए हैं। इन उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिदिन औसतन लगभग 10 हजार गैस सिलेंडर रिफिल के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शुक्रवार, 13 मार्च 2026 को भी विभिन्न गैस एजेंसियों पर 9,494 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्राप्त हुई, जिसका वितरण जिलाधिकारी के निर्देशन में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों, पूर्ति निरीक्षकों और पुलिस बल की मौजूदगी में नियमानुसार कराया गया।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस सिलेंडर समाप्त होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी गैस कंपनी के आईवीआरएस नंबर पर फोन करके बुकिंग कराएं। भारत पेट्रोलियम का आईवीआरएस नंबर 7718012345, इंडियन ऑयल का 8454955555 तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम का 9222201122 और 9493602222 है। बुकिंग कन्फर्म होने के बाद उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होता है, जिसे अधिकृत गैस एजेंसी को बताकर सिलेंडर प्राप्त किया जा सकता है। दूसरी बुकिंग 25 दिन के बाद ही किए जाने का प्रावधान है।गैस वितरण से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम में राजस्व, खाद्य एवं रसद तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो प्राप्त शिकायतों की निगरानी कर उनका समाधान कर रहे हैं। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 05542-247128 जारी किया गया है, जिस पर उपभोक्ता अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।जिला पूर्ति अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू भोजन बनाने के लिए अनुमन्य है। इसका व्यावसायिक उपयोग, वाहनों में प्रयोग, वेल्डिंग या अनुचित भंडारण नियमों के विरुद्ध है। ऐसी स्थिति पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा सकती है।उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और निर्धारित नियमों के अनुसार गैस की बुकिंग कर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही बताया कि जनपद में गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के क्षेत्रीय अधिकारियों से भी समन्वय किया गया है, जिन्होंने आवश्यक मात्रा में रिफिल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और प्राथमिक विद्यालयों में गैस की उपलब्धता भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिए गए हैं।

## गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने की मांग

**देवरिया।** भारतीय सर्वजन पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने गैस वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन से होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने की मांग की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने तेल व गैस कंपनियों और प्रशासन दोनों ने पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध होने की बात कही है। इसके बावजूद कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को समय से होम डिलीवरी नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी देने के बजाय गोदामों पर भीड़ एकत्र कर रही हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गैस सिलेंडरों की समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित कराई जाए और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# सहायक अध्यापिका पर लंबे समय से अनुपस्थित रहने का आरोप

**●विभागीय लापरवाही के कारण नौनिहालों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा कंपोजिट विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका पर लंबे समय से विद्यालय से अनुपस्थित रहने का आरोप लगा है। मामले में स्थानीय क्षेत्र के गनेशपुर टोला कोहड़वल निवासी युवक ने आइजीआरएस के माध्यम से जिलाधिकारी से इसकी शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा कंपोजिट विद्यालय में तैनात एक सहायक अध्यापिका पर लम्बे समय से स्कूल से अनुपस्थित रहने का आरोप लगा है। मामले में ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनेशपुर टोला कोहड़वल निवासी अमित कुमार शुक्ला ने जिलाधिकारी को आइजीआरएस के माध्यम से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। अमित कुमार शुक्ला ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि उक्त प्रकरण को लेकर पूर्व में भी शिकायत की गई थी जहां विभागीय अधिकारियों के जांच के दौरान अध्यापिका अनुपस्थित भी पाई गई थी, लेकिन विभागीय मेहबानी के कारण कार्यवाही के बजाय महज कारण बताओ नोटिस जारी कर इतिश्री कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि विभागीय लापरवाही के कारण अध्यापिका के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, जिससे विद्यालय में अध्ययन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा सहायक अध्यापिका का वेतन बाधित कर फरेंदा खण्ड शिक्षा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित कर मामले की जांच करवाई जा रही है।

# ग़ोला में नायब तहसीलदार उरुवा की कोर्ट में अधिवक्ताओं के बीच मारपीट

**●कुर्सी का पाया निकालकर किया हमला;एक पर मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला /गोरखपुर** –जनपद के गोला तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार उरुवा की अदालत में शनिवार को अचानक अफरा-तफरी मच गई। दो अधिवक्ताओं के बीच किसी कानूनी बिंदु को लेकर शुरू हुई बहस तेजी से तीखी नोकझोंक में बदल गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक अधिवक्ता ने पास पड़ी टूटी कुर्सी का पाया निकालकर दूसरे पर हमला कर दिया। हमले में दोनों अधिवक्ता चोटिल हो गए और एक पीड़ित कुछ देर के लिए अचेत भी हो गया। अदालत परिसर में मौजूद अन्य अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को काबू में किया।




**पीड़ित अधिवक्ता का आरोप**

अवरुस गांव निवासी अधिवक्ता रणविजय चंद पुत्र अर्जुन चंद ने गोला थाने में दी गई लिखित तहरीर में बताया कि 13 मार्च को वे अपने मुवक्किल के मुकदमे की पैरवी के लिए कोर्ट पहुंचे थे। उसी समय कुशलदेइया गांव निवासी अधिवक्ता मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व. गोरखनाथ तिवारी भी वहां मौजूद थे। रणविजय चंद के अनुसार, बहस के दौरान मनोज तिवारी ने उन्हें भद्दी गालियां दीं। जब उन्होंने विरोध किया तो मनोज तिवारी ने कुर्सी का पाया निकालकर उन पर हमला कर दिया। पीड़ित ने कहा कि हमले के बाद वे घायल हो गए और कुछ समय के लिए बेहोश भी हो गए।

**दोनों पक्ष थाने पहुंचे**

घटना के तुरंत बाद दोनों अधिवक्ता गोला थाने पहुंचे और लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। रणविजय चंद की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार तिवारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 (मारपीट) और धारा 110 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक दूसरे पक्ष की तहरीर पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

**पुलिस की प्रतिक्रिया**

गोला थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया, 'पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 'पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर पूरी घटना की तहकीकात कर रही है।

# पुराने शिक्षकों पर TET लागू करना ग़लत, TET मुक्ति के लिए होगा चरणबद्ध आंदोलन: अजीत कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा** – अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ/ अटेवा बभनजोत द्वारा शनिवार को बी आर सी केंद्र रसूल पुर खान पर पोस्टकार्ड अभियान चला ञ्चश्वञ्ज से मुक्त किए जाने की मांग की अटेवा एनएमओपीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर अटेवा टीम बभनजोत जनपद गोण्डा के साथियों संग बीआर सी केंद्र रसूल पुर खान पर शनिवार को पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत, अजीत कुमार ब्लाक अध्यक्ष बभनजोत द्वारा किया गया।पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत करते हुए ब्लाक अध्यक्ष अटेवा बभनजोत ने ब्लाक के समस्त शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने इस अभियान में बढ़चढ़कर भाग लेने और माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष के नाम पोस्टकार्ड भेजने की अपील की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लाक उपाध्यक्ष अटेवा विपिन जी शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध करते हुए सभी संगठनों को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने को कहा ब्लाक अध्यक्ष अटेवा अजीत कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार ने बिना वजह शिक्षकों को परेशान करने व सामाजिक रुप से बदनाम करने के लिए यह नियम लागू किया है।पूरे देश में इस नियम से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। इस पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से हम सब यह मांग करते हैं कि नियमावली से पूर्व में नियुक्त किए गए शिक्षकों पर यह नियम न थोपा जाए, इस तत्काल वापस लिया जाए। इस दौरान विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सैयद इकरार अहमद, विष्णु प्रसाद, धर्मदेव वर्मा जी, राहुल कुमार, संजय नायक सुजीत कुमार दीपक, बृजेश त्रिपाठी, अतुल श्रीवास्तव, अमित कुमार, रामजनक वर्मा, दक्षराज वर्मा, विवेक कुमार अब्दुल कादिर,मनोज कुमार, मो. अनवर, राम लौट, अभिषेक कुमार, आदि साथी शामिल रहे।

# थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ थाना दिवस

**● फरियादियों की सुनी गई समस्याएं किया गया गुणवत्तापूर्ण निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना प्रांगण बाजार शुकुल में शनिवार को थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस (समाधान दिवस) का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।थाना दिवस में राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर दिया गया।

शेष प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है, ताकि संबंधित मामलों की जांच कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।थाना अध्यक्ष विवेक वर्ममा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाए।इस अवसर पर राजस्व विभाग के कर्मचारी, पुलिस कर्मी तथा क्षेत्र के फरियादी मौजूद रहे। थाना दिवस के अवसर पर थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा द्वारा फरियादियों के उठने बैठने और जलपान का उत्तम प्रबंध कराया गया था, फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया, साथ ही साथ थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखना प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने कहा थाने आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है वही फरियादियों ने बताया थाना स्तर पर सक्षम अधिकारियों द्वारा समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाता है जिसके चलते तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है जिसे जहां धन के बचत होती है वही समय की भी बचत होती है।

# राष्ट्र के प्रति त्याग और बलिदान की प्रेरणा है महाराणा प्रताप का अप्रतिम व्यक्तित्व- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के भुसूर मुरैनी में शनिवार को महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का सांसद प्रमोद तिवारी ने फीता काटकर जैसे ही शुभारंभ किया कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप का जयघोष गूंज उठा दिखा। मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराणा प्रताप कि अदम्य साहस और देश के प्रति त्याग तथा बलिदान से हमें राष्ट्रीय समर्पण की सशक्त प्रेरणा मिला करती है। उन्होने कहा कि राष्ट्रनिष्ठा के लिए महाराणा प्रताप का वीरतापूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व अप्रतिम गर्व प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीर देशभक्तों ने हमें आजादी का सशक्त मार्ग दिखलाया।उन्होने कहा कि राष्ट्र के आन बान और शान के लिए भारतीयों की एकजुटता दुनिया में हमें मजबूत देश का गौरवशाली दर्जा प्रदान किये हुए है। कार्यक्रम में उन्होने देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने त्याग और बलिदान की भी चर्चा करते हुए लोगों से राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण का जोशीला आहवान भी किया। उन्होने कहा कि देश का सिर ऊंचा बनाए रखने के लिए जब जब आवश्यकता पड़ी है देश के लोगों ने अपना सर्वस्व समर्पण किया है। उन्होने राष्ट्रीयता की भावना को भारत की सामूहिक सफलता की शक्ति भी करार दिया। कार्यक्रम के संयोजक विजयभान सिंह ने प्रारम्भ में महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रामदेव सिंह व संचालन वरिष्ठ साहित्यकार अर्जुन सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन विजय बहादुर सिंह ने किया।

# संक्षिप्त खबरें

## कड़ी सुरक्षा के तहत उप निरीक्षक परीक्षा में संपन्न 129 की परीक्षा छोड़ी



**बरेली/रिठौरा।** नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में शनिवार को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन इंस्पेक्टर छवि सिंह,सेक्टर मजिस्ट्रेट सतपाल, स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट श्याम नारायण, केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। केंद्र पर कुल पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में 352 एवं द्वितीय पाली में 351 ने परीक्षा दी। जबकि 129 ने परीक्षा छोड़ दी। इस दौरान परीक्षा प्रमुख कुसुम गंगवार, डॉ हरमीत सिंह, रघुवीर सरन, डॉक्टर सर्वेश कुमार, रामसिंह,डॉ राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार शर्मा, वरूण वर्मा, मुरारी लाल, आकाश गंगवार, बंदना, गिरजेश कुमारी, सिद्धि सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, लोकेश कुमार, एस आई वैभव गुप्ता, कांस्टेबल सोनू कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## लखीमपुर तृतीय में विकास की नई उम्मीद बनकर उभरे [नितिन वर्मा]



**लखीमपुर खीरी।** जिला पंचायत सदस्य पद के लिए लखीमपुर तृतीय क्षेत्र से प्रत्याशी नितिन वर्मा इन दिनों क्षेत्र की जनता के बीच सक्रिय रूप से जनसंपर्क कर रहे हैं। युवा, ऊर्जावान और सरल स्वभाव के धनी नितिन वर्मा को क्षेत्र के लोगों का लगातार समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। नितिन वर्मा का कहना है कि यदि उन्हें जनता का विश्वास और समर्थन मिलता है तो वे क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देंगे। उनका उद्देश्य लखीमपुर तृतीय क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और हर वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का कर्तव्य केवल चुनाव तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहना ही सच्ची सेवा है। इसी भावना के साथ वे क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और क्षेत्र के समग्र विकास का संकल्प ले रहे हैं। क्षेत्र की जनता भी एक ईमानदार, सक्रिय और जनसेवा के लिए समर्पित युवा चेहरे के रूप में नितिन वर्मा को देख रही है। लखीमपुर तृतीय के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए नितिन वर्मा एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आए हैं।

## जिला खीरी पलिया पुलिस की कार्रवाई जारी, स्मैक और ब्राउन शुगर के कारोबारियों पर शिकंजा!

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** पलिया पुलिस द्वारा लगातार स्मैक और ब्राउन शुगर के कारोबारियों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कुछ लोग इस कार्रवाई को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पर फर्जी आरोप लगा रहे हैं। एक सम्मानित व्यक्ति के साथी को पुलिस ने जेल भेजा है, जिससे नाराज होकर वह पुलिस प्रशासन पर ही कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं।.इस मामले में नगर के कुछ सम्मानित लोग भी शामिल हैं, जो स्मैक और ब्राउन शुगर के कारोबार में हैं। यदि पुलिस प्रशासन पर बिना जांच किए कार्रवाई की गई, तो काला धंधा करने वालों के हौसले बुलंद हो जाएंगे। इसलिए निष्पक्ष जांच करते हुए विरोध करने वालों की संपत्ति की जांच की जानी चाहिए, ताकि पलिया पुलिस स्मैक और ब्राउन शुगर की कार्रवाई जारी रख सके और शहर को नशे के कारोबार से मुक्त कर सके। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के लोगों में हड़कंप मच गया है, और वे पुलिस की इस कार्रवाई का समर्थन नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वह नशे के कारोबार के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगी और ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# चालीस दिन से लापता लड़के का नहीं लगा सुराग परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

● परिजनों ने प्रभारी निरीक्षक पर लगाए लड़के की तलाश में सहयोग न करने के गंभीर आरोप


● आश्वासन को और चलते बनो की तर्ज पर काम कर रहे थाना प्रभारी निरीक्षक मैलानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला थाना मैलानी के अंतर्गत ग्राम मक्कागंज का है बताया जाता है की घटना दिनांक 4 फरवरी 2026 को रितिक यादव उम्र 19 वर्ष समय प्रातः 9:00 बजे घर से स्कूल नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज डालपुर ग्रंट पढ़ने के लिए गया था और फिर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन करने के बाद परिजनों ने थाना मैलानी में को लिखित सूचना दी और दिनांक 5 फरवरी 2026 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

परिजनों का आरोप है कि थाना मैलानी पुलिस लड़के को ढूंढने की बजाय उल्टा कह रही है कि आपका लड़का किसी लड़की को लेकर भाग गया है या फिर अपने मन से कहीं भाग गया है। स्कूली बच्चों के बयान दर्ज कर रही है। थाना मैलानी पुलिस लापता युवक के परिजनों को लगातार थाना मैलानी दौड़ा रही है ।पीड़ित रमेश चंद के परिजनों का कहना है कि लापता लड़के की खोजबीन करने की बजाय पुलिस हाथ पैर हाथ रखे बैठी हुई है। यदि यस एच ओ. मैलानी जरा सा भी होते संवेदनशील और करते प्रयास को शायद सार्थक परिणाम आ सकते थे ।लेकिन आज 40 दिन गुजारने को हैं पुलिस कहीं भी तलाश करने नहीं गई है। लापता ऋतिक के परिजनों का आरोप है की पुलिस रस्म अदायगी के तहत लोगों को थाने पर बुला बुलाकर पूछताछ कर रही है। और अपने लाभ का रास्ता खोल रही है। रमेश चंद का यह भी आरोप है कि वह और उसके परिजन नातेदार रिश्तेदार लगातार खेत खेत और गन्ने के खेतों में अपने पुत्र की तलाश करते फिर रहे हैं लेकिन थाना मैलानी के यस एच. ओ.बीके मौर्य द्वारा कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है।

परिजनों का आरोप है कि उन्होंने एसपी खीरी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायती पत्र देकर लापता युवक की खोज किए जाने की मांग की लेकिन इसका कोई असर थाना मैलानी पुलिस पर नहीं पड़ा ।पुत्र की तलाश में परिवार दर-दर की ठोकरे खाते फिर रहा है उक्त घर का चूल्हा भी ठीक से नहीं जल




रहा है। लेकिन संवेदनाहीन मैलानी पुलिस पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है ।पीडित रमेश चंद ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर अपनी व्यथा सुनाने की बात कही है। वही लापता ऋतिक के चाचा का कहना है कि आखिर यह तो पता चले कि लड़के को जमीन निकल गई या आसमान खा गया। साहब मुझे मेरा जिंदा या मुर्दा भतीजा वापस दिला दो। अब देखना यह है की प्रभारी निरीक्षक साहब की संवेदना जागृत होती है और शुरू की जाती है लापता युवक की, ढ़ुतलाश या फिर यूं ही पुलिसिया खेल आश्वासन लो और चलते बनो का खेल चलता रहेगा।

वहीं प्रभारी निरीक्षक बृजेश मौर्या का कहना है कि प्रयास जारी है कोई सुराग नहीं लग रहा है। लोगों को लगाया गया है।

## रोड़ एक्सीडेंट का एक नवयुवक हुआ शिकार, परिवार में मचा कोहराम

दुर्घटना/हादसा
Accident स्वतंत्र प्रभात Accident

**सिंगाही, संवाददाता।** सिंगाही थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मोतीपुर निवासी राहुल भार्गव (20) पुत्र मायाराम भैरमपुर में डेकोरेशन का काम करके शुक्रवार को अपने गांव वापस लौट रहा था। रास्ते में तकियापुरवा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि काफी देर तक वह सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर उस पर पड़ी। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन पहुंचाया।जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## राजश्री कालेज में चल रही दो दिवसीय इंटरनेश्नल कान्फ्रेंस




● ए0आई0 एण्ड सस्टेनेबल एप्रोचेस फॉर रिड्यूसिंग कार्बन फुट प्रिंट'' का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी में ए0आई0 एण्ड सस्टेनेबल एप्रोचेस फॉर रिड्यूसिंग कार्बन फुट प्रिंट विषय पर चल रही दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का समापन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों व शोधार्थियों ने निष्कर्ष स्वरूप पब्लिक हैल्थ, सुरक्षा, शिक्षा एवं उत्पादन जैसे क्षेत्रों में मानव-मशीन सहयोग से सुलभ और सुगम इकोसिस्टम निर्माण की सम्भावना व्यक्त की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ए0आई0 आधारित भविष्य के इकोसिस्टम में डेटा गोपनीयता के साथ नैतिकता बनाये रखना एक चुनौती रहेगी। साथ ही अत्यधिक निर्भरता से मानवीय क्षमताओं में कमी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श को आवश्यक बताया। कान्फ्रेंस के द्वितीय दिवस पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में प्रस्तुत किये।

शोध पत्रों में डॉ0 सुमन जोशी ने लो पॉवर डिजिटल रियल टाइम क्लॉक अनामिका गंगवार ने ए0 आई0 इनैबल्ड हाई गेन डी0सी0-डी0 सी0 बूस्ट कन्वर्टर'', प्रियंका भटनागर ने ए0आई0 ड्रिवेन ट्रान्सफार्मेशन ऑफ फाइव जी एण्ड सिक्स जी मोबाइल नेटवर्क शुभम वर्मा ने ए0 आई0 असिस्टेड एल0सी0एल0 फिल्टर डिजाइन फॉर ग्रिड कनेक्टेड इन्वर्टर विषय पर प्रस्तुत शोध पत्र मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। जिनसे चर्चा के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने शोध एवं विकास के लिये भविष्य की रूपरेखा तैयार की। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। डॉ0 रूचिन जैन ने कान्फ्रेंस का सार संक्षेप प्रस्तुत किया। प्रमुख चर्चाओं सहित निष्कर्ष एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। इं0 अनुज वर्मा ने आये हुये अतिथियों, शोधार्थियों के साथ कान्फ्रेंस के सफल आयोजन में सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिला स्तरीय प्रतियोगिताओ का आयोजन खेल निदेशालय के निर्देशन में स्थानीय लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम लखीमपुर के तत्वाधान में 14 मार्च से 19 मार्च तक किया जाना प्रस्तावित हैं। जिसके अंतर्गत प्रतियोगिता का शुभारंभ बालीबाल बालिका जूनियर वर्ग व कबड्डी बालक वर्ग से किया गया। जिसमे बालीबल बालिका जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में यू पी एस रामपुर गोकुल विजेता तथा यू पी एस बिझौली की टीम उप विजेता रही, साथ ही कबड्डी बालक जूनियर वर्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सी बी एस सी लखीमपुर की टीम विजेता तथा महंगू खेड़ा की टीम उप विजेता रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन उप क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इरफान द्वारा किया गया तथा पुरस्कार वितरण जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन विनय अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित कराने में ओ पी पासवान, संजय कुमार यादव, विजय कुमार सिंह, हितेंद्र कुमार सहित निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## अनुशासनहीनता पर दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र में कार्यरत तीन पुलिस कर्मियों पर विभाग ने अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में दरोगा आकाश भाटी, हेड कांस्टेबल ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह और कांस्टेबल कुलदीप कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों पुलिसकर्मियों पर अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप लगे थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों ने जांच कराई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद करीब तीन दिन पहले तीनों को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पुलिस विभाग में अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मामले की विस्तृत विभागीय जांच भी कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# सहकारी गन्ना विकास समिति में बढ़ रहे विवाद

● महिला कर्मचारी की पिटाई का कोतवाली पहुंचा मामला,

● पहले भी हो चुके कई झगड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शहर की सहकारी गन्ना विकास समिति में कर्मचारियों के बीच विवाद और मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में दो महिला कर्मचारियों के बीच हुए विवाद के बाद एक बार फिर समिति का माहौल चर्चा में आ गया है। गन्ना समिति में यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार कर्मचारियों के बीच विवाद हो चुके हैं और कुछ मामले कोतवाली तक भी पहुंच चुके हैं। सबसे पहले सोमवती नाम की महिला चपरासी और सचिव के बीच विवाद हुआ था, जिसे महिला होने के कारण समिति स्तर पर ही निपटा लिया गया था।

इसके बाद स्थापना शाखा के बाबू दिलीप सिंह और चपरासी सुल्तान के बीच समिति कार्यालय में ही मारपीट हो गई थी। यह मामला कोतवाली तक पहुंचा था, जिसमें बाबू दिलीप सिंह की ओर से चपरासी सुल्तान के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी।

इसी तरह एक अन्य घटना में एक चपरासी पर आरोप लगा था कि उसने शराब के नशे में एक महिला बाबू के साथ गाली-गलौज की थी। इन घटनाओं के चलते समिति में अनुशासन व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। ताजा मामले में दो महिला चपरासियों के बीच कहासुनी के बाद

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें एक महिला ने दूसरी महिला की चप्पलों से पिटाई कर दी। इस मामले की शिकायत भी कोतवाली में की गई है, हालांकि अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। कर्मचारियों के बीच विवाद की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोग अनुशासन और नियंत्रण पर भी सवाल उठा रहे हैं।

## दहेज में पांच बीघा जमीन की मांग, विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही, संवाददाता।** थाना क्षेत्र में दहेज में पांच बीघा जमीन की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने वीरता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के बंगलहा तकिया मजरा पारिंदखांपुरवा निवासी जाहिदुन पत्नी कपिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह करीब छह वर्ष पूर्व सिंगाही कस्बा के मोहल्ला जामा मस्जिद वार्ड नंबर-13 निवासी कपिल पुत्र सलीम के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार नकदी और घरेलू सामान दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था। पीड़िता



का आरोप है कि पति कपिल, देवर कलीम और देवरानी सबिहा शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में पांच बीघा जमीन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी और उसे खाने-पहनने तक के लिए परेशान किया जाता था। बीमारी के दौरान भी उसका इलाज नहीं कराया गया और पति द्वारा दूसरी शादी करने की धमकी दी जाती रही।

पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष की लापरवाही और प्रताड़ना के कारण उसकी दो संतानों की भी मौत हो गई। करीब ढाई वर्ष पहले ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया और उसके जेवर, कपड़े व नकदी भी छीन ली। तब से वह अपने मायके में रह रही है। जाहिदुन ने बताया कि उसने 21 अगस्त 2025 को भी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब दोबारा तहरीर देकर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बलिया में डिलीवरी के दौरान महिला और जुड़वा बेटियों की मौत, अस्पताल के टॉयलेट डस्टबिन के पास मिले नवजातों के शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** में प्रसव के दौरान लापरवाही का एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला और उसकी जुड़वा नवजात बेटियों की मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल कर्मियों ने नवजात बच्चियों के शव टॉयलेट के पास डस्टबिन के पास फेंक दिए। मामले में पुलिस ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार, दुबहड़ थाना क्षेत्र के रामपुर बोहा गांव निवासी सोनू यादव की पत्नी रिंकू यादव (28) गर्भवती थीं। शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिवार ने गांव की आशा बहू को सूचना दी। आशा बहू उन्हें दुबहड़ सीएचसी या जिला महिला अस्पताल ले जाने के बजाय सीएमओ कार्यालय के पास स्थित पूर्वांचल हॉस्पिटल ले गई।

परिजनों के मुताबिक, अस्पताल संचालक डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने अपने बेटे डॉ. आदित्य सिंह से ऑपरेशन कराने की बात कही और ऑपरेशन के नाम पर 60 हजार रुपये जमा करा लिए। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे महिला को भर्ती कर ऑपरेशन किया गया, जिसमें जुड़वा बेटियां पैदा हुई, जिन्हें डॉक्टरों ने मृत बताया।

परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद महिला को होश नहीं आया। डॉक्टर बार-बार हालत ठीक होने का भरोसा देते रहे, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल की एंबुलेंस से मऊ के फातिमा अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को पहले से मृत घोषित कर दिया। इस बीच अस्पताल में उस समय हंगामा मच गया जब दोनों नवजात बच्चियों के शव टॉयलेट के पास डस्टबिन के पास पड़े मिले। जबकि अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू रानी ने बताया कि सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल पहुंची थी। अस्पताल प्रबंधन ने पहले कहा कि नवजातों के शव परिजनों को दे दिए गए हैं, लेकिन परिजनों ने इससे इनकार किया। इसके बाद तलाशी लेने पर टॉयलेट के डस्टबिन के पास दोनों बच्चियों के शव मिले। उन्होंने आशंका जताई कि प्रसूता की




मौत भी संभवतः इसी अस्पताल में हो गई थी। मामले में पुलिस को सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इधर, सीएमओ ने पूरे मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में एसीएमओ डॉ. योगेंद्र दास, डॉ. मंजू रानी, डीएसओ डॉ. अभिषेक मिश्रा, डिप्टी डीआईओ डॉ. शशि प्रकाश और जिला प्रशासनिक अधिकारी योगेश पांडेय को शामिल किया गया है। एएसपी दक्षिणी कृपा शंकर ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कोतवाली में ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर आदित्य सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। महिला के शव का शनिवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नेवी में नौकरी लगते ही मुकरा युवक, शादी का झांसा देकर 6 साल तक बनाया संबंध; आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** सदर कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने छह साल तक महिला से शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और गर्भवती होने पर उसका गर्भपात भी करा दिया। बाद में नेवी में नौकरी लगने के बाद उसने शादी से साफ इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कृष्णा राजभर पुत्र सुरेन्द्र राजभर निवासी सहतवार पुरब टोला फुलवारी, थाना सहतवार, जिला बलिया ने पिछले छह वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए।

पीड़िता के मुताबिक जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी ने कहा कि वह अभी नेवी की तैयारी कर रहा है और उसके पास कमाई का कोई साधन नहीं है। उसने नौकरी लगने के बाद शादी करने का भरोसा देते हुए दवा खाकर गर्भपात कराने के लिए राजी किया। महिला ने उसकी बातों में आकर गर्भपात करा लिया।

कुछ समय बाद कृष्णा राजभर की नेवी में नौकरी लग गई। इसके बाद जब पीड़िता




ने शादी की बात कही तो आरोपी ने उसे अपने घरवालों से बात करने को कहा। महिला जब उसके घर पहुंची तो परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए उसे भगा दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार को उपनिरीक्षक रंजीत विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश में थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा कुमार राजभर को बैष्णवी लॉज, सहतवार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां में किसानों के लिए गोष्ठी का आयोजन

**ज्ञानपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां में शुक्रवार को किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विश्वेंदु द्विवेदी ने किसानों को समसामयिक कृषि मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कृषि एवं पशुपालन के साथ उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाओं तथा पशु स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. रेखा सिंह ने महिलाओं को किचन गार्डन लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए घर की पोषण सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं डॉ. ए.के. चतुर्वेदी ने किसानों से जायद की सब्जियों की खेती करने का आग्रह किया तथा बागवानी क्षेत्र में आ रही समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में योगेश कुमार यादव ने पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इसके अलावा केंद्र के अन्य विशेषज्ञ सर्वेश बरनवाल, डॉ. पी.सी. सिंह और डी.पी. सिंह ने भी अपने-अपने विषयों पर किसानों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न गांवों से आए लगभग 70 पुरुष एवं महिला किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को रबी फसलों की कटाई-मड़ाई के साथ जायद फसलों एवं सब्जियों के चयन के बारे में जागरूक करना था।

## पीएम किसान की 22 वीं किस्त जारी, किसानों के खातों में भेजी गई राशि- दीपक मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ज्ञानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय ज्ञानपुर में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि 1× मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी असम से प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की। इस किस्त के तहत देशभर के किसानों के खातों में 18,640 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई। उन्होंने बताया कि इस बार 9 करोड़ ×2 लाख से अधिक पात्र किसानों को आर्थिक सहायता का लाभ मिला है। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है। जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व वाली सरकार लगातार जनता के हित में कार्य कर रही है और किसानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है। वहीं जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने बताया कि इस किस्त के जारी होने के बाद योजना के तहत अब तक देश के किसानों को कुल 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद भदोही में किसान सम्मान निधि के लगभग 1.82 लाख लाभार्थी किसानों को 22वीं किस्त का लाभ मिला है। किसानों के खातों में करीब ×7.5 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह फैसला किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है, जिससे किसानों को बुवाई, जुताई और अन्य कृषि कार्यों में आर्थिक सहायता मिलती है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लालमणि मिश्रा, छत्रपति सिंह, गोवर्धन राय, जिला मीडिया प्रभारी दीपक पाठक, योगेंद्र सिंह, मोनू शर्मा, आशुतोष पांडेय, अखिलेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सराहना करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया।

## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत जनपद भदोही में महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 19×0 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उ 'वला योजना, आयुष्मान योजना आदि के बारे में पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## 2019 बैच के आईपीएस अभिनव त्यागी होंगे भदोही के नए एसपी



**भदोही।** भदोही उत्तर प्रदेश शासन ने शुक्रवार देर शाम भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसी क्रम में भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक का स्थानांतरण फतेहपुर जनपद कर दिया गया है। अब भदोही की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी आईपीएस अभिनव त्यागी को सौंपी गई है। वह जल्द ही जनपद भदोही में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी मूल रूप से आगरा के निवासी हैं। उन्होंने बीटेक साइंस से उच्च शिक्षा प्राप्त की है और वह वर्ष 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। भदोही आने से पहले अभिनव त्यागी कुशीनगर और गोरखपुर में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें तेज-तर्रार कार्यशैली और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए जाना जाता है।

## लखनऊ से वाराणसी के लिए शाम 5 बजे इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग

**सुरियावां।** तहसील उद्योग व्यापार मंडल भदोही के अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर लखनऊ से वाराणसी के बीच नई इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि सायंकाल 5 बजे लखनऊ रेलवे स्टेशन से एक इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए, जो रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, बादशाहपुर, जंघई, सुरियावां और भदोही होते हुए वाराणसी तक प्रतिदिन संचालित हो। शेषधर गुप्ता ने बताया कि दोपहर 1 बजे से रात्रि 9 बजे तक लखनऊ से रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई, सुरियावां और भदोही होते हुए वाराणसी के लिए कोई सीधी ट्रेन सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे क्षेत्र के हजारों यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों की लाखों जनता की सुविधा को देखते हुए मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि लखनऊ से वाराणसी के लिए शाम 5 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की कृपा करें, जिससे यात्रियों को राहत मिल सके।

## उप प्रबंधक ने विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित कर्मचारियों का किया उत्साह वर्धन



**सीखड़, मीरजापुर।** श्री शंक्राश्रम इन्टर कालेज सीखड़ के प्रबंधन समिति के उप प्रबंधक श्री कृपा शंकर चतुर्वेदी ने बोर्ड परिक्षा 2025 -26 सकुशल संपन्न होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवकुमार, परिक्षा प्रभारी राकेश कुमार दुबे, स प्रभारी अनिल मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त अध्यापको व कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया और विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी स्टाप ने उपप्रबंधक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं उप प्रबंधक कृपा शंकर चतुर्वेदी ने प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों का माल्यार्पण कर धन्यवाद ज्ञापित किया । उक्त अवसर पर विपिन कुमार त्रिपाठी, अभिमन्यु, चन्दन कुमार,आशिष गुप्ता, धीरेन्द्र त्रिपाठी, मनोज कुमार चौबे, रुपेश पांडेय, विपिन पांडेय, अनिल कुमार, शिवदत्त यादव आदि स्टाप उपस्थित रहा।

## पूर्वमंत्री रंगनाथ मिश्र को भातृ शोक

**भदोही।** वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री सहसेपुर गांव निवासी रंगनाथ मिश्र के बडे भाई शोभनाथ मिश्र का निधन हो जाने से क्षेत्र सहित जनपद में शोक की लहर व्याप्त है। बताया जाता है कि पूर्वमंत्री रंगनाथ मिश्र के बडे भाई डा. शोभनाथ मिश्र पूर्व में वैज्ञानिक भी रह चुके थे वह अचानक स्वास्थ्य में आई खराबी को लेकर वाराणसी उपचार के लिए गये जहां पर चिकित्सको ने उन्हे लखनऊ के लिए स्थानान्तरित कर गया जहां पर उपचार के दौरान शनिवार को उनका निधन हो गया। यह समाचार फैलते ही हर जगह जहां शोक माहौल बन गया वही उनके आवास पर पहुचकर सभी राजनैतिक संगठनो के साथ ही संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लगा रहा।

# परिषदीय विद्यालय कन्या सिरसा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने किया रंगारंग कार्यक्रम

● बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नन्हें-मुन्हें बच्चों को संबोधित कर उन्हें अपना आर्शीवचन प्रदान किया।

● उरुवा ब्लॉक के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कन्या सिरसा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न।






**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मेजा, प्रयागराज:** विकास खंड उरुवा के सिरसा बाजार स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कन्या सिरसा में वार्षिकोत्सव, खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शुक्रवार को विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत सिरसा के लोकप्रिय चेयरमैन विपिन कुमार उर्फ लखन केसरी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की नन्हें-मुन्हें बच्चियों (सृष्टि, साक्षी व मानसी) द्वारा माँ सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कन्या सिरसा के प्रधानाध्यापक रमाकांत सिंह ने मुख्य अतिथि नगर पंचायत सिरसा लखन केसरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता विनोद कुमार शुक्ला का बुके, अंग वस्त्र व माल्यार्पण तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ( स्वाति द्विवेदी, बिंदु सिंह व विभा द्विवेदी ) की कड़ी मेहनत एवं उनके अथक परिश्रम की बदौलत छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में दर्जनों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नन्हें-मुन्हें बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन मे ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से की गई मेहनत हमेशा सफल होती है और उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें समय का सदुपयोग करके अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मेजबान विद्यालय के शिक्षक संकुल संपूर्णानंद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता विनोद शुक्ला तथा एआरपी रामानंद शुक्ला ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला अफजाई किया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती कमरून, नोडल शिक्षक संकुल अशोक यादव, मुकेश शुक्ला, बिंदु सिंह, स्वाति द्विवेदी, विभा द्विवेदी, प्रदीप मोहन सिंह, शर्मिला बानो, पुष्कर द्विवेदी, चंचला गुप्ता, बीआरसी लेखाकर कृष्ण कुमार शुक्ला, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कोलहा, बृजेश यादव, अर्जुन सिंह, अजय ओझा, बलिराम, अखिलेश यादव, अरबिंद यादव, जितेंद्र सिंह तथा विद्यालय के पूरा छात्र राजू केसरी, सभासद मुन्ना यादव, आशीष केसरी, बशिष्ठ मुनि तिवारी, राजू केसरी आदि नगर पंचायत सिरसा के गणमान्य व्यक्ति तथा शिक्षक उपस्थित रहें।

## सांसद कार्यालय में होली मिलन समारोह, मंडल अध्यक्षों का हुआ सम्मान



**भदोही।** गोपपुर गोपीगंज स्थित सांसद डॉ. विनोद बिंद के कार्यालय पर शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि होली मिलन समारोह हमारी सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज विभिन्न विचारधाराओं के बावजूद एकजुट होकर सामाजिक समरसता और एकता की मिसाल कायम करता है। सांसद ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ जोड़ता है तथा हमारी सांस्कृतिक एकता को और मजबूत बनाता है। कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. विनोद बिंद ने सभी मंडल अध्यक्षों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

## पीपरगांव में मृतक चौकीदार के परिजनों से मिले लोजपा सांसद अरुण भारती, न्याय का दिलाया भरोसा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ज्ञानपुर।** थाना ज्ञानपुर क्षेत्र के ग्राम सभा पीपरगांव में मृतक चौकीदार के परिजनों से मिलने शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। बताया जाता है कि 9 मार्च 2026 की सुबह करीब 7 बजे पीपरगांव निवासी जैसलाल सरोज (55) ग्राम प्रधान के यहां हैंडपंप ठीक कराने की बात कहने गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान ग्राम प्रधान के पुत्र ने उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

सांसद अरुण भारती ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने क्षेत्राधिकारी से फोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी, 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा आवासीय पट्टा देने की मांग की। साथ ही पुलिस अधीक्षक से भी बातचीत कर मामले में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति (पासी) परिवार को न्याय दिलाने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में कमला कुमारी, राजीव पासवान एडवोकेट, कमल तिवारी, विकास पांडेय, धनंजय दुबे, विकास दुबे, राहुल तिवारी, संतोष पंडित, प्रदुम्न तिवारी, अभिनव तिवारी, शिवांश मिश्रा, सूरज गुप्ता, अमित शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, सुनील जायसवाल, विजय पाल सरोज, नंद कुमार सोनी, महेश पांडेय, सभाशंकर दुबे, विनीत सिंह, विजय राय, गोविंद पासवान, राज नीरज सिंह, गुरु प्रसाद राणा, विशाल सिंह, आशीष पासवान, आशुतोष सिंह गहरवार, छोटे लाल पासवान, सीमा सिंह, शिवम मिश्रा, अवनीश तिवारी, अजीत पासवान, विपिन शुक्ला, योगेश पांडेय, धीरज चतुर्वेदी, आदेश चतुर्वेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कमिश्नर व आईजी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, पारदर्शिता से परीक्षा कराने के निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** विंध्याचल मंडल मिर्जापुर के मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी शैलेष कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शनिवार को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में आयोजित उपनिरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, अभ्यर्थियों की सुविधाओं तथा तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता के साथ कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाए।

आईजी आर.पी. सिंह ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रवेश द्वारों पर सघन जांच तथा सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, परीक्षा केंद्र के प्रभारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## रसोई गैस की किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न दें: जिलाधिकारी



**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में रसोई गैस की किल्लत को लेकर फैल रही भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें और न ही ऐसी अफवाहों को फैलाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी होने की स्थिति नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर गैस की कमी को लेकर गलत सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जो पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अनुरोध किया कि ऐसी अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने आमजन से जनहित में शांति और व्यवस्था बनाए रखने तथा भ्रामक खबरों के प्रसार से बचने की अपील की है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, मंडलायुक्त ने फार्म-07 की सुपर चेकिंग कर दिए निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही:-** मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विंध्याचल मंडलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर राजेश प्रकाश तथा जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भदोही एवं औराई से संबंधित फार्म-07 की कार्यवाही की गहन समीक्षा की। इस दौरान प्राप्त फार्मों की जांच के साथ-साथ उनके स्थलीय परीक्षण की भी समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर और ईआरओ भी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से बिना पर्याप्त जांच के नहीं काटा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले सभी फार्मों की गंभीरता से जांच की जाए तथा नाम अपमार्जन की कार्रवाई से पहले संबंधित स्थल का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही कम से कम दो गवाहों के बयान लेने के बाद ही नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि किसी पात्र मतदाता के अधिकारों का हनन न हो।

मंडलायुक्त ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देशित किया कि वे स्वयं क्षेत्र में जाकर फार्मों का परीक्षण कराएं और प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं पारदर्शी होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी औराई श्याममणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी भदोही अरुण गिरि, सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव सहित बीएलओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मलिन बस्तियों में योग, पर्यावरण व जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र 2025-26 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला के दिशानिर्देश में लक्ष्य गीत के साथ किया गया।इसके पश्चात योग प्रभारी डॉ.अरविन्द कुमार के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक श्रीमती अमृतकला उपाध्याय योगा वेलनेस सेंटर नारायणपुर ने शिविरार्थियों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया तथा नियमित योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ रखने के उपाय बताए। इसी क्रम में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चौकाघाट वाराणसी के संतोष कुमार उपाध्याय ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धति अपनाने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बौद्धिक सत्र में डॉ.रीता मिश्रा एवं डॉ.अदिती सिंह ने शिविरार्थियों को पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण के विषय पर व्याख्यान देते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल स्रोतों के संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस दौरान शिविरआर्थियों के द्वारा खैरउद्दीनपुर गांव मे वृक्षारोपण जैसे सहजन (मिरेकल ट्री), बरगद, नीम आदि को लगाया गया द्य उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनुभव जन्य अधिगम के अंतर्गत राष्ट्र स्वयंसेविका संध्या,ज्योति ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार साझा किए द्यकार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम सह-प्रभारी डॉ.विद्या सिंह ने किया। शिविर में लगभग 50 शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का एएसपी ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** उप निरीक्षक (उत्तर प्रदेश पुलिस) भर्ती परीक्षा को नकलमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक भदोही शुभम अग्रवाल ने शनिवार, 14 मार्च 2026 को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, विभूति नारायण इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल कॉलेज, एम.ए. समद इंटर कॉलेज भदोही तथा ज्ञानदेवी बालिका इंटर कॉलेज भदोही का दौरा किया।

इस दौरान एएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा परीक्षार्थियों के प्रवेश व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को पूरी तरह नकलमुक्त और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए पुलिस बल को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के लिए ट्रायल्स 2× मार्च से, खिलाडी करे आवेदन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ज्ञानपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ के सौजन्य से प्रदेश में संचालित आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला एवं मंडल स्तरीय ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल्स स्पोर्ट्स स्टेडियम, जिला खेल कार्यालय भदोही में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होंगे। जिला स्तरीय ट्रायल्स के अंतर्गत बालक वर्ग में जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल, फुटबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के लिए 2× मार्च 2026 तथा बालिका वर्ग के लिए 24 मार्च 2026 को चयन परीक्षण होगा। वहीं बालक वर्ग के क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबॉल के ट्रायल्स 25 मार्च को तथा बालिका वर्ग के कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स व हैंडबॉल के ट्रायल्स 26 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार मंडल स्तरीय ट्रायल्स में बालक वर्ग (जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस) के लिए 27 मार्च तथा बालिका वर्ग के लिए 28 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। बालक वर्ग के क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबॉल के मंडलीय ट्रायल्स 29 मार्च को तथा बालिका वर्ग के लिए ×0 मार्च को आयोजित होंगे। आयु सीमा के अनुसार जिम्नास्टिक और तैराकी के लिए खिलाडियों की आयु 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों के लिए 15 वषज़् से कम होना अनिवायज़् है।

आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के इ'छुक खिलाडियों को खेल साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर निर्धारित शुल्क बैंक या कोषागार में जमा करना होगा तथा फॉर्म पर संबंधित क्रीड़ा अधिकारी या उप क्रीड़ाधिकारी के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाडियों को फिजिकल टेस्ट में 50 में से कम से कम 20 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। फिजिकल टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को ही स्किल टेस्ट में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही मंडल स्तर पर भेजे जाएंगे और मंडलीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी रा'य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला एवं मंडल स्तर के ट्रायल्स में खिलाड़ियों को अपने खर्च पर भाग लेना होगा, जबकि मंडलीय टीम में चयनित खिलाडियों को रा'य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने का समस्त खर्च खेल विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। रा'य स्तर पर चयनित खिलाडियों को 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसका पूरा व्यय भी खेल विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

# ऊर्जा मंत्री ने परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** ऊर्जा और नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने किया लोकार्पण, दो करोड़ की 5 परियोजनाओं का किया लोकार्पण। विंध्य कॉरिडोर बनने के बाद देश के नक्शे पर धर्म और पर्यटन के रूप में अलग महत्व रखने वाले मां विंध्यवासिनी धाम में और बढ़ेगी सुविधाएं। नगर पालिका द्वारा पांचों परियोजनाओं को पूर्ण करने पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मिलेगी सुविधा । क्षेत्र के विकास से कई तरह के रोजगार, पर्यटन और अन्य रस्ते खुलते हैं, विकास के साथ विनाश को जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए । मीरजापुर के मां विंध्यवासिनी धाम में अष्टभुजा गेस्ट हाउस पर 2 करोड़ की 5 परियोजनाओं का लोकार्पण ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने किया। मीडिया से बात करते हुए कहा कि मां विंध्यवासिनी धाम में करोड़ों रुपए से कॉरिडोर बनने के बाद इसका देश ही नहीं विश्व के नक्शे पर धर्म और पर्यटन के रूप में एक नई पहचान बनी है। आज देश कोने कोने से ही नहीं दुनिया के विभिन्न देश से तीर्थयात्री और पर्यटक आ रहे हैं। नगरपालिका के 5 परियोजनों से भी आगे चलकर यहां के लोगों और पर्यटकों कोमें काफी सुविधा मिलेगी। विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है और योगी जी के नेतृत्व यह प्रदेश की जनता को मिलता रहेगा। विकास के लिए होने वाले तोड़फोड़ से आम लोगों को होने वाले नुकसान के सवाल पर कहा कि विकास को विनाश से जोड़कर भी देखा जाना चाहिए, जहां कुछ बदलाव होता है वहां सभी को कुछ परेशानी होती है पर उससे आने वाले समय में काफी लाभ भी होता है। इस दौरान नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, मड़िहान विधायक रमा शंकर सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, मंडल अध्यक्ष डाली अग्रहरि, अधिशासी अधिकारी जी लाल आदियोग उपस्थित रहें।

## PS महुआरी कला-1 विकासखंड नगर में तृतीय वार्षिकोत्सव 'उड़ान सपनों की' संपन्न हुआ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मीरजापुर, विंध्याचल।** शनिवार को PS महुआरी कला-1 विकासखंड नगर में तृतीय वार्षिकोत्सव 'उड़ान सपनों की' संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली जी उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन एवं वंदन से आरंभ हुआ उसके पश्चात बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षा के व्यापारीकरण पर एक सुंदर नुक्कड़ नाटिका ने सभी को आकर्षित किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर दो सुंदर नृत्य गीत बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। कक्षा एक और दो के निपुण बच्चों को माननीय मंत्री जी के द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से प्रदान किए गए टाई और बेल्ट का भी वितरण किया गया। कक्षा तीन चार एवं पांच के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया साथी पूरे वर्ष में प्रतिदिन विद्यालय आने वाले प्रत्येक कक्षा के बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें मंत्री जी के द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया। मंत्री जी ने अपने संबोधन में सभी अभिभावकों से यह अपील भी कि वह प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजें साथ ही उनके पठन-पाठन में अपना अधिकतम सहयोग प्रदान कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में विद्यालय और विद्यालय परिवार का सहयोग करें। बबलू वर्मा ने अपनी गायकी से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर एसआरजी संजय नीलम, सिटी ब्लॉक के एआरपी-गण प्रीति सिंह, सत्य प्रकाश यादव, ताराचंद यादव,नोडल शिक्षण संकुल रिजवान अख्तर,कर्नल एकेडमी प्रयागराज के निदेशक प्रवीण सिंह शिक्षकगण अनिल त्रिपाठी चंद्रप्रकाश दुबे धर्मराज सिंह मनीषा द्विवेदी किरन वर्मा कुमुद देवी अनिल मिश्रा राजेंद्र कुमार सिंह वैश्य विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय शंकर विश्वकर्मा पूर्व छात्र संदीप सत्यम लव कुश अन्य छात्र समस्त अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज में उपनिरीक्षक भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन सतर्क



**प्रयागराज।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस/समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, जिलाधिकारी तथा पुलिस उपायुक्त नगर ने संयुक्त रूप से शहर के कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और अभ्यर्थियों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित की गई। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से भी नियमों का पालन करने और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा में सम्मिलित होने की अपील की।

### भीटी गांव में घर पर चढ़कर फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद



**प्रयागराज-** थाना एयरपोर्ट पुलिस ने भीटी क्षेत्र में एक घर पर चढ़कर फायरिंग करने की घटना में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध देशी तमंचा, जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार थाना एयरपोर्ट में दर्ज मुकदमा संख्या 26/2026 धारा 191(2), 109(1), 351(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त रहमान पुत्र नूर अली निवासी असदुल्लापुर भीटी थाना एयरपोर्ट को मुखबिर की सूचना पर शनिवार को देवघाट रेलवे डाटपुल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा एक खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 3/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध वर्ष 2025 में थाना धूमनगंज और थाना एयरपोर्ट में मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं में दो मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई को थाना एयरपोर्ट की पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली के झिलियापुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल धन्नू यादव 35 वर्ष की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई।शुक्रवार को हादसे मे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। लालापुर जंखाव निवासी धन्नू यादव अपनी बाइक से गोपीगंज ओवरब्रिज से होते हुए अमवा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान झिलिया पुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की उत्तरी लेन स्थित सर्विस रोड कट के पास तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया था।चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहा इलाज के दौरान मौत हो गई पोस्ट मार्टम के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया, बताया जाता है कि घायल धन्नू यादव नगर की एक फर्नीचर की दुकान पर नौकरी करते थे।मृतक की पत्नी सुशीला देवी के साथ चार बेटी एक बेटा सीखा,कुमकुम, सौम्या, आंशी, समीर का रो रो कर हाल बेहाल रहा, पिता की पहले ही निधन हो गया था परिवार के इकलौता पुत्र की मौत से पूरा परिवार वृद्ध दादा जोखन यादव पर आ गया है।

## प्रयागराज में प्रादेशिक सरस महोत्सव का भव्य शुभारंभ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बोले—एक करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** संगम नगरी में आयोजित प्रादेशिक सरस महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक संध्या में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आने वाले एक वर्ष में तीन करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने और एक करोड़ 'लखपति दीदी' तैयार करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इस पहल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरस महोत्सव जैसे आयोजनों से महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार मिलता है और उनकी आय में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर गोरखपुर के सांसद व अभिनेता रवि किशन फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव और सुरेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। इसके अलावा विधायक दीपक पटेल और पियुष रंजन निषाद, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व निर्मला पासवान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मन मोह लिया। प्रतिष्ठित कवयित्री एवं गायिका अनामिका जैन अंबर तथा प्रसिद्ध गायिका तृप्ति शाक्य ने अपने गीतों और प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सरस महोत्सव में विभिन्न जिलों से आए स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, परिधान और घरेलू उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। यह महोत्सव न केवल ग्रामीण उत्पादों को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि महिलाओं की उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को भी नई पहचान दे रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## Rahul Gandhi ने कांशी राम को किया याद, भड़कीं मायावती बोलीं-कांग्रेस की चाल से सतर्क रहें




उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशी राम के अनुयायियों और समर्थकों को कांग्रेस के प्रति 'सतर्क' रहने की सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस की दलित-विरोधी मानसिकता के कारण ही बसपा का गठन हुआ। मायावती ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कभी भी भीमराव अंबेडकर को उचित सम्मान नहीं दिया और न ही कांशी राम के निधन पर एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित किया।

## प्रयागराज में तैनात दरोगा जितेन्द्र यादव का निधन, पुलिस लाइन में दी गई अंतिम सलामी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** जनपद के कर्नलगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव (50) का शुक्रवार शाम इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को पुलिस लाइन में उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव मूल रूप से कानपुर के बीबीपुर चकेरी क्षेत्र के निवासी थे। वह पिछले करीब तीन महीनों से लिवर से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और उनका लगातार इलाज चल रहा था। शुक्रवार शाम अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार इलाज के दौरान उनकी आहार नली फट गई, जिससे उनकी हालत तेजी से बिगड़ गई। काफी प्रयास के बावजूद चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके और देर शाम उनका निधन हो गया। शनिवार को प्रयागराज पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और जवानों की मौजूदगी में उन्हें अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने नम आंखों से दिवंगत उपनिरीक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम सलामी के बाद पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक घर कानपुर भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव अपने कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके असामयिक निधन से पुलिस महकमे में शोक का माहौल है। दिवंगत उपनिरीक्षक के परिवार में उनकी पत्नी ज्योति यादव और पुत्र कुनाल यादव हैं। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ऐतिहासिक रहा बरही का 'कृषि महोत्सव

### ● बरही-विजयपुर उद्वहन सिंचाई योजना से बदलेगी क्षेत्र की तकदीर- संजय पाठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही में आयोजित विशाल 'कृषि महोत्सव' को क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए विधायक संजय पाठक ने इसे अभूतपूर्व सफलता करार दिया है। विधायक पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस दौरे से क्षेत्र को 1000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है, जिससे आने वाले समय में समूचे अंचल की तस्वीर बदल जाएगी।

**जनसैलाब और विकास की सौगात, दो लाख से अधिक की उपस्थिति**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान के मुताबिक, लगभग 2 लाख लोगों ने इस महोत्सव में शिरकत की, जो क्षेत्र के प्रति जनता के भरोसे और उत्साह को दर्शाता है। सिंचाई योजना का उपहारः मुख्यमंत्री ने बरही-विजयपुर उद्वहन सिंचाई योजना सहित कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा और शिलान्यास किया। विधायक पाठक ने बताया कि इन योजनाओं से किसानों की हजारों एकड़ भूमि सिंचित होगी।

**ऐतिहासिक स्वागत**

बरही के इतिहास में यह पहला मौका था जब इतनी बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण एक साथ जुटे। मुख्यमंत्री ने भी क्षेत्र की




जनता के स्नेह को देखते हुए विकास की गति को और तेज करने का भरोसा दिया। पाठक विधायक ने कहा कि 'बरही की पावन धरा पर आज जो जनसमूह उमड़ा, उसने यह साबित कर दिया कि जनता को प्रदेश सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री जी ने 1000 करोड़ की जो सौगातें दी हैं, वे केवल आंकड़े नहीं बल्कि लाखों परिवारों की खुशहाली का आधार हैं।

## सम्राट अशोक महान के शिलालेखों की प्रतिकृतियों का लोकार्पण उप मुख्यमंत्री ने किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार, अरैल, नैनी में आयोजित भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्राट अशोक महान के शिलालेखों की प्रतिकृतियों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत उपमुख्यमंत्री द्वारा बुद्धविहार परिसर के भ्रमण से हुई। इस दौरान उन्होंने उपसम्पदा सीमा बन्धन, सम्राट अशोक के शिलालेखों की प्रतिकृतियों, बोधिवृक्ष, स्तूप तथा भगवान बुद्ध की प्रतिमा (विहार की प्रथम प्रतिमा) का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने सम्राट अशोक महान एवं डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की प्रतिमाओं, भिक्षु महेन्द्र थेर एवं भिक्षुणी संघमित्रा से संबंधित स्थलों, कार्यालय तथा धम्माहाल का भी निरीक्षण किया, जहाँ उन्हें सम्राट हर्षवर्धन बुद्धविहार के भिक्खुसंघ का परिचय कराया गया। इसके पश्चात सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। भदन्त अग्गमहासद्धम जोतिकाधज वण्णधजा महाथेरो (म्यांमार) द्वारा तिसरण पंचशील का दान कराया गया, साथ में परम पूज्य भिक्खु नन्दरतन महाथेरो (कुशीनगर), भिक्खु देवानन्द वर्धन, भिक्खु मनीष वर्धन एवं भिक्खु नीतेश वर्धन उपस्थित थे, तिसरण पंचशील की याचना डॉ. जी. एस. शाक्य ने की। स्वागत समिति द्वारा मुख्य अतिथि का ससम्मान मंच पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रणजीत सिंह, बृजेश कुमार, डॉ. जी. एस. शाक्य, विनोद विक्रम, सुवचन राम, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, डॉ. अशोक रंजन, शशिकान्त मौर्य, ओंकार वानखेडे, अजीत कुशवाहा तथा प्रांशु कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का बड़ी




माला पहनाकर स्वागत लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुमार कुशवाहा, महेन्द्र कुमार कुशवाहा, अजीत कुमार कुशवाहा, शशिकान्त मौर्य, प्रांशु कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, सुशील कुमार कुशवाहा एवै प्रणव सिंह ने किया। वहीं जयबहादुर मौर्य, रवि मौर्य, सुर्जीत कुशवाहा, राजीव कुशवाहा, डॉ. अशोक रंजन, निर्मल कुमार, ललित गौतम, नागेन्द्र चौधरी, जिया लाल कनौजिया, डॉ. राहल शाक्य, डॉ. शैलेन्द्र मौर्य, जे.आर. मौर्य, एस. एन. मौर्य तथा प्रयागराज के पूर्व उपमहापौर लल्लू लाल कुशवाहा ने माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया। महिलाओं की ओर से लालती शाक्य, डॉ. स्वीटी, विभा विक्रम, सौमा कुशवाहा, गीता कुशवाहा एवं अनीता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संस्था के संरक्षक रणजीत सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। इसके बाद संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जी. एस. शाक्य ने संस्था का परिचय देते हुए उसकी विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं धम्म संबंधी गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त सुवचन राम ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध के धम्म के आदर्श आज भी समाज को नैतिकता, करुणा और शांति का मार्ग दिखाते हैं। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने उद्बोधन में भगवान बुद्ध को नमन करते हुए कहा कि भारत की पवित्र धरा भगवान बुद्ध की तपस्थली रही है। उन्होंने सारनाथ, कुशीनगर, बोधगया, श्रावस्ती तथा संकिसा जैसे बौद्ध तीर्थस्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार इन ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का धम्म मानवता, करुणा और शांति का संदेश देता है तथा इन मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्य किए जा रहे हैं और भविष्य में भी इन प्रयासों को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट अशोक के शिलालेख भारतीय इतिहास और संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जो आज भी मानवता और नैतिक जीवन का संदेश देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने की। अंत में संस्था के चेयरमैन विनोद विक्रम ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए। गार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बड़ोखर पुलिस की कड़ी मेहनत से 48 घंटे के अंदर गायब लड़की बरामद

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**कोरांव प्रयागराज।** कोराव थाना के बड़ोखर पुलिस चौकी के लखनपुर गांव 10 मार्च को दो नाबालिक लड़कियों को बड़ोखर चौकी प्रभारी प्रहलाद पाल ने अपनी पुलिस टीम के साथ कड़ी मशक्कत के बाद 48 घंटे के अंदर गायब लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है और चौकी प्रभारी प्रहलाद पाल ने बताया कि एक लड़की वापस आ गई थी और दूसरी को हमारी टीम ने सकुशल बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है कुछ लोग मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरे वायरल कर पुलिस को बदनाम कर रहे हैं लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है जो भी लोग सलिप्त पाए जाते हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

## रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शनं




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में आज आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शहर के पत्थर गिरजाघर चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को आम जनता पर आर्थिक बोझ बताया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आप पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी का जीवन कठिन होता जा रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध जताया और गैस सिलेंडर की कीमतों को तुरंत कम करने की मांग की। इस दौरान पत्थर गिरजाघर चौराहे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और प्रदर्शन को शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त कराया। आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 24 घंटे में टायर चोरी का खुलासा, 82 टायर व बोलेरो नियो बरामद; शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना कौंधियारा व थाना घूरपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टायर चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी के 82 छोटे-बड़े टायर तथा घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाना कौंधियारा क्षेत्र में 13 मार्च 2026 को जारी बाजार निवासी दिलीप कुमार केसरवानी ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी टायर की दुकान से अज्ञात चोर करीब 100 बाइक और ऑटो के टायर चोरी कर ले गए। चोरी हुए टायरों की कीमत लगभग पौने दो लाख रुपये बताई गई थी। इस संबंध में थाना कौंधियारा में मुकदमा संख्या 74/26 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कौंधियारा और थाना घूरपुर की संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार 14 मार्च 2026 को सड़वा क्षेत्र से अभियुक्त सर्वेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा (37) पुत्र विनोद मिश्रा निवासी ग्राम छीडी, थाना बारा, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 82 विभिन्न कंपनियों के टायर तथा घटना में प्रयुक्त वाहन P72 BU9807 बोलेरो नियो बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पूछताछ में खुलासा-** पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर टायर चोरी करता था। चोरी किए गए टायरों को बेचकर जो पैसे मिलते थे, उनसे वह अपने और परिवार के शौक पूरे करता था। पुलिस अब उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

**शातिर अपराधी है आरोपी-** गिरफ्तार आरोपी सर्वेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा के खिलाफ प्रयागराज के कई थानों में पहले से ही चोरी,




आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में लगभग 16 मुकदमे दर्ज हैं।

**बरामदगी-** पुलिस ने आरोपी के पास से 82 विभिन्न कंपनियों के टायर और घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो नियो वाहन बरामद किया है।

**पुलिस टीम-** कार्रवाई करने वाली टीम में थाना कौंधियारा के थानाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, कांस्टेबल आशीष सिंह, सूर्यकुमार, जवाहर लाल और राहुल यादव शामिल रहे। वहीं थाना घूरपुर से प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अमित यादव तथा कांस्टेबल अमित यादव ने भी कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई।

## समदरिया स्कूल में 'पद्मश्री डॉ. सोमा घोष कल्चरल सेंटर' का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** संस्था हुडसा द्वारा संचालित समदरिया स्कूल दादूपुर में शनिवार को 'पद्मश्री डॉ. सोमा घोष कल्चरल सेंटर' का भव्य उद्घाटन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष द्वारा दीप प्रज्वलन और वाद्य यंत्रों की विधिवत पूजा के साथ हुआ द्यपद्मश्री डॉ. घोष ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत हमारी प्राचीन धरोहर है और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समदरिया स्कूल द्वारा स्थापित इस सांस्कृतिक केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में संगीत के प्रति रुचि और आत्मविश्वास दोनों का विकास होगा।कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व कुलपति बीएचयू प्रो0 गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगीत और संस्कृति बच्चों के व्यक्तित्व को संवेदनशील और संतुलित बनाते हैं पूर्व अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने संस्था के शिक्षा , संस्कृति, कला और विज्ञान के समन्वय को सराहा और प्रेरणादायी बताया वहीं, शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी ने भारतीय संस्कृति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के सामंजस्य को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी तथा अभिनव मॉडल ने सभी अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया द्य अतिथियों का स्वागत संस्था के निदेशक डॉ मणि शंकर द्विवेदी किया द्य कार्यक्रम का संचालन डॉ अम्बिका पाण्डेय तथा आभार ज्ञापन दिनेश तिवारी ने किया द्य इस अवसर पर



पी के तिवारी, सुरेश त्रिपाठी, विनय शुक्ल , प्रभात शुक्ल नागेन्द्र पाण्डेय, सुभाष तिवारी, डॉ बबली द्विवेदी,एम पी सिंह, कादंबरी द्विवेदी,अभिषेक त्रिपाठी,राजेश शुक्ल, शोभनाथ शुक्ल, रामानन्द त्रिपाठी, डॉ प्रदीप शर्मा,जे पी चौबे, वी पी सिंह, रवि करन सिंह, सन्तोष शुक्ल, भगवत कुशवाहा, राकेश यादव, संजय विश्वकर्मा, रामअजोर पाल,हरनाम सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र द्विवेदी, के डी यादव आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## नैनी क्षेत्र के जोन-5 की जनसमस्याओं को लेकर पार्षदों की बैठक

### ● नगर निगम व विद्युत विभाग के खिलाफ जताया आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** जोन-5 नैनी नगर निगम के पार्षदों द्वारा नैनी क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर वार्ड नंबर 40 ददरी के पार्षद पवन पूजा यादव के आवास पर शुक्रवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने विस्तारित क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न कराने के बावजूद अधिक बिल व नोटिस जारी कर आम नागरिकों को परेशान किए जाने का आरोप लगाया।पार्षदों ने कहा कि विस्तारित क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा सड़क, नाली, खड़ंजा, विद्युत स्ट्रीट लाइट, कूड़ा उठाने की डोर-टू-डोर व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इसके बावजूद नगर निगम लगातार गृहकर, जलकर और सीवर टैक्स की वसूली कर रहा



है। उन्होंने बताया कि यदि किसी नागरिक का गृहकर बिल 25 से 50 हजार रुपये तक हो जाता है तो नगर निगम द्वारा कुर्की का आदेश जारी कर घर पर ताला लगाने तक की कार्रवाई की जाती है, जिससे आम जनता परेशान है।पार्षदों ने यह भी कहा कि पूर्व में महापौर गणेश केसरवानी और नगर आयुक्त के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि जहां नगर निगम की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां गृहकर, जलकर और सीवर टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके बावजूद इस निर्णय का पालन नहीं किया जा रहा है।जहांगीराबाद के पार्षद रणविजय सिंह डब्बू एडवोकेट ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में निजी ठेकेदार एजेंसियों द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिन घरों में पहले से सही मीटर चल रहे हैं, वहां भी अवर अभियंता और ठेकेदारों द्वारा बिजली काटकर स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को हर महीने अधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम नागरिकों को विद्युत विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।बैठक में सभी पार्षदों ने निर्णय लिया कि 17 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे नगर निगम प्रयागराज में नगर आयुक्त और महापौर गणेश केसरवानी को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके अलावा 18 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे जेल रोड पावर हाउस, टीएसएल पावर हाउस और रामपुर पावर हाउस में उपखंड अधिकारी का घेराव किया जाएगा।बैठक की अध्यक्षता कक्ष समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महानगर नरसिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदीप महरा, मयंक यादव, धनरीश उर्फ मंचो सिंह, मुन्ना प्रधान, राजा भारती, पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि तेंदुआवन आलोक कुमार एडवोकेट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत मे एक लाख से अधिक वादों का निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर मे राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन प्रशासनिक न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में करें,जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके।इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिकांश संख्या में वादों के निस्तारण से आम जनमानस को मुकदमों से छुटकारा मिलता है।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन शाम्भवी द्वितीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं लोगो के प्रति आभार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अंकिता दुबे ने किया।इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विजय पाल एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता व राम नारायण अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण,पैनल अधिवक्तागण,लीगल एड डिफेंस कार्उंसिल एवं पीएलवीगण उपस्थित रहे।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1 लाख 38 हजार 522 वादों का निस्तारण किया गया।जिनमें 4431 फौजदारी वाद,14 एनआई एक्ट,187 विद्युत वाद,41 मोटर दुर्घटना वाद,57 वैवाहिक वाद, 37 सिविल वाद,981 बैंक ऋण,4 बीएसएनएल वाद,3 स्थायी लोक अदालत, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 131772 मामले एवं यातायात कार्यालय द्वारा 1570 वादों का निस्तारण किया।उपरोक्त प्रकरणों के अन्तर्गत फौजदारी वादों में 106490 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया,मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकारी विजय पाल द्वारा कुल 41 मामलो मे विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को रूपये 2 करोड़ 72 लाख 24 हजार का प्रतिकर दिलाया गया,बैंको के बकाया ऋण के 981 मामलों में बैंक एवं बकाएदारों के मध्य 60386905 रूपये एवं बीएसएनएल वादों में कुल रूपया 7550 का समझौता हुआ।परिवार न्यायालय द्वारा 57 वैवाहिक मामलों का निस्तारण कराया,जिसमें कुल 21 जोड़ों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर विदाई कराई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### मौसम में बदलाव के साथ प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में गहराने लगी हैं पेयजल की समस्याएँ



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** मौसम में परिवर्तन होने से पिछले कई वर्षो की भांति इस साल भी पाकुड़िया प्रखण्ड के कई विभिन्न ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। बताया जाता है कि प्रखण्ड के बथान पहाड़ी, पात पहाड़ी, धावाडंगाल और तालवा ग्राम में पेयजल की समस्या बढ़ने की बातें महिलाओं ने 13 मार्च को बताई। तालवा ग्राम के कई टोलों व कचूवाबथान स्कूल टोला में पेयजल की कठिनाई देखी गई। तालवा ग्राम में दो आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालय में भी पेयजल की असुविधा की बात ग्रामीणों ने कही। तालवा स्थित एक केंद्र के निकट नलकूप खराब होने से पेयजल दूर से लाकर भोजन बनाने की विवशता देखी गई। महिलाओं ने बताया कि पुराने खुले कूप से एवं दूर से पेयजल लाना पड़ता है। नलकूपों की पूरी मरम्मती नहीं होने से कठिनाई और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि खराब पड़े नलकूपों की शीघ्र मरम्मत नहीं की गई तो धूप की प्रखरता और बढ़ती गर्मी के कारण पेयजल की समस्या और गंभीर हो जाएगी।

### हजारीबाग रामनवमी महासमिति को मिला नया अध्यक्ष, करण उर्फ लड्डू यादव की बड़ी जीत



**बड़ा अखाड़ा परिसर में हुए चुनाव में 97 वोट पाकर बने अध्यक्ष, 233 मतों में सबसे ज्यादा समर्थन मिला**

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग की ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध रामनवमी उत्सव की तैयारियों के बीच रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में करण यादव उर्फ लड्डू यादव ने शानदार जीत हासिल की है। शनिवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में महंत विजयानंद दास के नेतृत्व में यह चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस चुनाव में कुल 6 प्रत्याशी मैदान में थे। कुल 233 वोट पड़े, जिसमें करण यादव उर्फ लड्डू यादव को सबसे अधिक 97 वोट मिले और वे अध्यक्ष चुने गए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनीष उर्फ चरका गोप को 60 वोट प्राप्त हुए। अन्य उम्मीदवारों में पुरुषोत्तम पांडेय को 35 वोट, दीप नारायण को 29 वोट, अजय दास को 10 वोट और दीपक देवराज को 2 वोट मिले। चुनाव में 104 क्लबों और अखाड़ों के अध्यक्ष, सचिव तथा रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। चुनाव प्रभारी के रूप में पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया। करण यादव उर्फ लड्डू यादव की जीत के बाद राम भक्तों और अखाड़ा समितियों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में इस वर्ष हजारीबाग की रामनवमी और भी भव्य, उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जाएगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** थाना जाखलौन पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना जाखलौन पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 140/2025 धारा 137(2), 64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ग्राम जमुनिया निवासी अजय पुत्र उधम को 14 मार्च 2026 को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना जाखलौन के थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गयी है।

## धोबघट गांव में विशेष शिविर का आयोजन, ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**●पेंशन, जॉब कार्ड, केसीसी व राशन कार्ड सहित कई योजनाओं का दिया गया लाभ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के रानीचुंवा पंचायत अंतर्गत धोबघट गांव में शनिवार को आदिवासी समुदाय सहित अन्य समुदाय के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। शिविर में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, विहिप जिला सह मंत्री सह जिप सदस्य गुरुदेव गुप्ता तथा प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव मौजूद रहे। इस दौरान चिकित्सा विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा बाल विकास परियोजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को उनके ही गांव में योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से 13 लोगों को वृद्धा पेंशन तथा 9 लोगों को मुख्यमंत्री सम्मान योजना का लाभ दिया गया। वहीं आपूर्ति विभाग द्वारा एक नया राशन कार्ड जारी किया गया और 8 राशन कार्डों में सुधार किया गया। कृषि विभाग के माध्यम से 3 लाभुकों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से संबंधित लाभ दिया गया। मनरेगा के तहत 12 नए जॉब कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित ओपीडी में 55 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया। इसके अलावा 11 लोगों का आधार कार्ड भी अपडेट किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभुकों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ मिल रहा है, जिससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। वहीं बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविर आयोजित होने से जरूरतमंद लोगों को सीधे तौर पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पाता है। उन्होंने कहा कि आगे भी पंचायत के विभिन्न गांवों में इस तरह के शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, विहिप जिला सह मंत्री सह जिप सदस्य गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव, डॉ अमन कुमार, राजेन्द्र मिश्रा, मोहन मिर्धा, बंटी ठाकुर सहित प्रखंड कार्यालय के कई कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चरही में बेकाबू ट्रक का कहर : बस को टक्कर के बाद 407 व दुकानों को रौंदा, तीन की मौत

**●एनएच-33 के घाटों मोड़ के पास हुआ भीषण हादसा, कई लोग घायल, सड़क व्यवस्था पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-33 पर घाटों मोड़ के पास शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सवारी उतार रही एक यात्री बस को पीछे से आ रहे संतरे से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बेकाबू ट्रक ने एक 407 वाहन और सड़क किनारे लगी कई दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश देखा गया।

**सवारी उतार रही बस को पीछे से मारी टक्कर**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सागर बस रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 02 बीटी 5673 यात्रियों से भरी हुई हजारीबाग से रांची की ओर जा रही थी। घाटों मोड़ के पास चालक ने यात्रियों को उतारने के लिए बस को मुख्य सड़क पर ही रोक दिया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे संतरे से लदे ट्रक आरजे 52 जीए 2501 ने नियंत्रण खो दिया और बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।



407 वाहन पलटा, दुकानों को भी रौंदा

बस को टक्कर मारने के बाद भी ट्रक नहीं रुका और आगे खड़े एक 407 वाहन जेएच 01 डिटी 5941 को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि 407 वाहन पलट गया और उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद बेकाबू ट्रक सड़क किनारे लगी फल, पान व अन्य गुमटियों को रौंदता हुआ निकल गया, जिससे आसपास मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए।

**तीन लोगों की मौत, कई घायल**

दुकानों को रौंदे जाने से फल दुकान पर मौजूद विक्रेता सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान उदय कुमार सिंह (44 वर्ष, पिता सूर्यनारायण सिंह, ग्राम नीमाडीह), आदित्य सिंह (56 वर्ष, पिता लोची सिंह, ग्राम मुकडू) और आशीष सिंह (35 वर्ष, पिता लोची सिंह, ग्राम मुकडू) के रूप में हुई है। वहीं 407 वाहन के चालक और अंकित सिंह सहित कई अन्य लोग इस दुर्घटना में घायल हो गए हैं।

**पुलिस ने शुरू किया राहत व बचाव कार्य**

घटना की सूचना मिलते ही चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (सदर अस्पताल) हजारीबाग भेजा गया। बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बसों से उनके गंतव्य तक रवाना किया गया।

**सड़क की बदहाली और अव्यवस्था पर फूटा गुस्सा**

हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से घाटों मोड़ के पास सड़क की स्थिति खराब है और सर्विस रोड का निर्माण भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण मुख्य सड़क पर ही वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यात्री बसें अक्सर मुख्य सड़क पर ही सवारी उतारती-चढ़ाती हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों के लिए खतरा बना रहता है। इसके अलावा सड़क किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो जाता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

**प्रशासन से की कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और एनएचएआई से घाटों मोड़ के पास जल्द से जल्द सर्विस रोड का निर्माण पूरा कराने, मुख्य सड़क पर बसों के ठहराव पर रोक लगाने तथा सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो भविष्य में भी ऐसे हादसे होते रहेंगे।

## डुमरियागंज में धूमधाम से संपन्न हुआ भव्य होली मिलन समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर ।** डुमरियागंज कन्या इंटर कॉलेज के मैदान में शनिवार को आयोजित भव्य होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डुमरियागंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा नेता रामकुमार 'चिंकू' यादव द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल उपस्थित रहे। समारोह में हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर होली के इस रंगारंग आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली खेली गई और लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अवधी के प्रसिद्ध गायक संजय यदुवंशी रहे। उन्होंने अपने लोकप्रिय गीतों से माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। संजय यदुवंशी ने मंच से जैसे ही उन्होंने 'होली में उड़े रे गुलाल ', 'रंग बरसे भींजे चुनरिया' और कई अन्य अवधी व होली गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को देर तक थिरकने पर मजबूर कर दिया।

उनके गीतों पर युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी झूमते नजर आए। पूरे कार्यक्रम स्थल पर होली के गीत, ढोल-नगाड़ों और तालियों की गूंज सुनाई देती रही। इस अवसर पर सत्यनारायण यादव, राजू पाल, अवधेश सिंह, राजू बीडीसी, सोनू पांडेय सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। अंत में आयोजक रामकुमार 'चिंकू' यादव ने सभी अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

## ट्रैक्टर के धक्के से विद्युत् पोल टूटा, हादसा टला

**●रहवासियों में हड़कम्प, दर्जनों घरों की विद्युत् आपूर्ति बाधित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन / सोनभद्र** –स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरवा पूर्वी टोला में शनिवार को दोपहर लवकुश के घर पास ट्रैक्टर के धक्के से विद्युत् पोल और तार गिरा ।स्थानीय रहवासियों के अनुसार ट्रैक्टर मिट्टी गिराने का कार्य कर रहा था जहाँ चालक द्वारा नशे की हालत में होने के कारण ट्रैक्टर नियंत्रित नहीं किया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर मिट्टी लेकर गया था और अनलोड करने के क्रम में चालक विद्युत् पोल में टक्कर मार दिया जिससे पोल, तार टूट कर गिर गया । जिससे 20 से 25 घरों की विद्युत् आपूर्ति बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी विद्युत कर्मी अनिल कुमार को दिया। जहाँ विद्युत कर्मी मौके पर पहुँचकर तार को ट्रांसफार्मर से अलग किया और घटना से संबंधित सूचना स्थानीय अवर अभियंता कोन को दिया। बतातें चलें कि जिस समय घटना घटित हुआ उस वक्त बिजली चालू था संयोग अच्छा रहा कि एल टी लाईन के नीचे कोई नहीं था नहीं तो बहुत बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। ट्रैक्टर रोरवा प्रधानपति का बताया जा रहा है। इस संबंध में अवर अभियंता गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि घटना से संबंधित सूचना एस डी ओ पिपरी को दे दी गई है और संबंधित के ऊपर कार्यवाही की जा रही है ।

## जवाहर घाट में डूबे ट्रक चालक का शव बरामद, एनडीआरएफ की टीम ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**●बरही एसडीपीओ, सीओ और थाना प्रभारी की मौजूदगी में कई घंटों तक चला अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-**बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट में मछली लदी एक ट्रक पुल तोड़ते हुए लगभग 60 फीट गहरे पानी में जा गिरने के बाद लापता हुए चालक आंध्रप्रदेश के रहने वाला सूर्या बाबू को एनडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला। घटना के बाद से चालक की तलाश लगातार जारी थी। बताया जाता है कि ट्रक के नदी में गिरने के बाद चालक लापता हो गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद बरही पुलिस ने स्थानीय मल्लाहों और चैया की टीम के सहयोग से चालक की खोजबीन शुरू की थी। पिछले दो दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद चालक का पता नहीं चल सका था। इसके बाद शनिवार को बरही अनुमंडल प्रशासन की सूचना पर एनडीआरएफ की टीम बरही पहुंची और जवाहर घाट के गहरे पानी में विशेष सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एनडीआरएफ की टीम ने आधुनिक उपकरणों की मदद से पानी के अंदर और आसपास के क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया। टीम के सदस्य अलग-अलग स्थानों पर लगातार खोजबीन करते रहे और अंततः चालक को खोज निकालने में सफलता मिली। सर्च ऑपरेशन के दौरान बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, सीओ चंद्रशेखर कुणाल तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने एनडीआरएफ की टीम के साथ समन्वय बनाकर पूरे राहत एवं खोज अभियान की निगरानी की। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक हरेंद्र सिंह, नागेंद्र कुमार, राजबल्लभ यादव, बरही थाना के गणेश यादव, एम्बुलेंस चालक बद्री समेत एनडीआरएफ की टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### हजारीबाग होमगार्ड बहाली का परिणाम 7 वर्षों से लंबित, बरही विधायक मनोज यादव ने विधानसभा में उठाया मामला

**युवाओं का भविष्य अधर में, सरकार जल्द त्रुटिरहित परीक्षाफल जारी करने की तिथि स्पष्ट करे : मनोज यादव**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल के दौरान हजारीबाग जिले में होमगार्ड बहाली 01/2019 के लंबित परीक्षाफल का मामला जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि उच्च स्तरीय समिति की सकारात्मक अनुशंसा और गृह विभाग के पत्र संख्या 7969, दिनांक 31 दिसंबर 2025 के बावजूद पिछले सात वर्षों से परीक्षा परिणाम लंबित पड़ा हुआ है। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि लंबे समय से परिणाम प्रकाशित नहीं होने के कारण हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बहाली प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थी वर्षों से परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिससे उनमें भारी निराशा और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस मामले में अविलंब मंतव्य प्राप्त कर त्रुटिरहित परीक्षाफल प्रकाशित करने की तिथि स्पष्ट की जाए, ताकि युवाओं को न्याय मिल सके।

## आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निःशुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न

**●रिम्स के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विक्रम ठाकुर ने दी परामर्श सेवा, 60 से अधिक मरीजों ने कराया जांच और लिया लाभ**

**लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवा देना ही आरोग्यम अस्पताल का मुख्य उद्देश्य है : हर्ष अजमेरा**

**समाज के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले, इसके लिए समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे : जया सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग शहर के डिस्टिक मोड़ चौक स्थित आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शनिवार को हृदय रोगियों के लिए विशेष निःशुल्क हृदय परामर्श एवं जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची स्थित रिम्स के सुप्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विक्रम ठाकुर ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीजों के लिए ईसीजी, ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बी.पी.) जैसी महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुए इस स्वास्थ्य शिविर में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने अपने हृदय स्वास्थ्य की जांच कराई तथा विशेषज्ञ डॉक्टर से उचित परामर्श प्राप्त किया। मरीजों को परामर्श देते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम ठाकुर ने कहा कि आज के समय में अनियमित जीवनशैली, तनाव और गलत खान-पान के कारण कम उम्र में ही हृदय रोग की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सीने में दर्द, सांस फूलना, अचानक पसीना आना, थकान या बेचैनी जैसी समस्या महसूस होती है, तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर की गई जांच और सही उपचार से हृदय रोग के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। इसी सोच के तहत समय-समय पर विभिन्न प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि आम लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं आसानी से मिल सकें और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। वहीं अस्पताल के प्रशासक जया सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सा परामर्श और जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना अस्पताल की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी विभिन्न रोगों से संबंधित निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। शिविर के सफल आयोजन के बाद स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाजहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। मरीजों ने भी विशेषज्ञ डॉक्टर से निःशुल्क परामर्श और जांच सुविधा मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से 4 वर्षीय बालक की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**●कोल्हुआकला व भंडारो क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा बालू का अवैध कारोबार, सड़कों पर फर्राटे भर रहे ट्रैक्टर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत कोल्हुआ गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 4 वर्षीय मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान कोल्हुआ निवासी सत्यम कुमार 4 वर्ष पिता उमेश यादव के रूप में हुई है। घटना शनिवार की सुबह करीब छह बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव का ही एक ट्रैक्टर बालू खाली कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान सड़क के पास मौजूद मासूम सत्यम अचानक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कोल्हुआकला और भंडारो क्षेत्र में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बालू ढोने वाले ट्रैक्टर सुबह-शाम तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते रहते हैं, जिससे अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अवैध बालू कारोबार पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**अहले सुबह जागते हैं बालू कारोबारी एवं ट्रैक्टर चालक, सोता रहता है जिम्मेदार प्रशासनः**

बरही प्रखंड क्षेत्र के कोल्हुआकला, भंडारो पंचायत सहित आसपास के कई इलाकों में इन दिनों अवैध बालू उठाव का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू का अवैध परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताया जाता है कि अहले सुबह होते ही बालू कारोबारी और ट्रैक्टर चालक सक्रिय हो जाते हैं और नदी घाटों से बालू उठाकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया जाता है। सुबह के समय दर्जनों ट्रैक्टर बालू लादकर सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार प्रशासन की भूमिका निष्क्रिय नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करे तो अवैध बालू उठाव पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। लगातार हो रहे बालू के अवैध दोहन से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है और नदी घाटों का स्वरूप बदलता जा रहा है।

**क्या कहते है बरही सीओ व खनन पदाधिकारी**

इस सम्बंध में बरही सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि पूर्व में भी बालू के खिलाफ कार्रवाई की गई है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहते हैं माइंस इंस्पेक्टर सत्येंद्र सोरेन**

अवैध बालू उठाव को लेकर माइंस इंस्पेक्टर सत्येंद्र सोरेन ने कहा कि क्षेत्र में अवैध बालू उठाव पर प्रशासन की कड़ी नजर है। किसी भी कीमत पर अवैध तरीके से बालू की निकासी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए प्रखंड स्तरीय टीम भी गठित है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माइंस इंस्पेक्टर ने कहा कि यदि कहीं भी अवैध बालू उठाव या परिवहन की सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## रामनवमी में महुदी जुलूस मार्ग विवाद को लेकर उपायुक्त से मिले सांसद मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** रामनवमी के पावन अवसर पर बड़कागांव के महुदी क्षेत्र में जुलूस मार्ग से संबंधित चल रहे विवाद के समाधान को लेकर शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आश्वस्त किया कि सभी पक्षों से संवाद स्थापित कर आपसी सहमति से इस विषय का समाधान किया जाएगा, ताकि रामनवमी का पावन पर्व पूरे क्षेत्र में भव्यता, श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो सके। सांसद मनीष जायसवाल ने उनसे यह विषय भी रखा कि पूरे हजारीबाग जिले में रामनवमी का पर्व अपने पूर्ण वैभव, गाजे-बाजे और परंपरागत गरिमा के साथ मनाया जाए, जिसमें जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , टुकेश्वर महतो, खेमलाल महतो, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू सहित बड़कागांव के सम्मानित स्थानीय प्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता साथी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाविप के रामबाबू अध्यक्ष, संदीप सचिव और नरेंद्र दुबे बने कोषाध्यक्ष



**कोंच(जालौन)-** प्रमुख सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद शाखा कोंच की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु शनिवार को मियागंज स्थित प्रतिष्ठान में एक बैठक परिषद के वरिष्ठ सदस्य शिवप्रसाद निरंजन बब्बू मास्साब की अध्यक्षता व चौ.बृजेंद्र मयंक एड.एवं विजय रावत के निर्वाचन अधिकारी के रूप में संपन्न हुई। बैठक में शामिल परिषद के सदस्यों की परस्पर सहमति से कोंच शाखा अध्यक्ष के रूप में रामबाबू निरंजन नरी को चुना गया जबकि संदीप अग्रवाल को सचिव एवं नरेन्द्र दुबे लल्लन भेंड़ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला संयोजिका के पद पर अर्चना निरंजन को चुना गया। वहीं शाखा संरक्षक के रूप में चौ.बृजेंद्र मयंक एड.और महिला शाखा संरक्षक सपना अग्रवाल को चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का तिलक व माल्यार्पण कर अपनी शुभकामनाएं दी, साथ ही परिषद को सामाजिक कार्यों के जरिए नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने भी शाखा के वरिष्ठ और नए सदस्यों का सहयोग लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र निगम एड, सचिव अमरेंद्र दुवे, प्रहलाद कौशल, प्रभंजन गर्ग, विवेक तिवारी, प्रशांत कुमार, अवधेश पटेल, भानु पटेल, अनिल सर्राफ आदि उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण के प्रति एनसीसी कैडेट्स को किया गया जागरूक




**कोंच(जालौन)-** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा जल संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग के सहायक प्रो.अतुल कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनसीसी कैडेट रिया ने जल संरक्षण विषय का परिचय प्रस्तुत किया। कैडेट कंदर्प झा ने जल की आवश्यकता व उपयोग के प्रति महत्वपूर्ण बातें रखी। कैडेट रामजी अग्रवाल ने जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। लेफ्टिनेंट हरिश्चंद्र तिवारी ने कैडेट्स को जल संरक्षण की आवश्यकता व जल संरक्षण के उपायों से अवगत कराते हुए जल को बचाने व समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता प्रो.डॉ अतुल कुमार ने कैडेट्स को बुंदेलखंड व विदर्भ प्रांत में जल की होती कमी से अवगत कराते हुए जल की वास्तविक स्थिति के संदर्भ में बताया। प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह ने रहीमदास का दोहा 'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून' सुनाकर समाज को जागरूक करने के लिए कैडेट्स को संकल्प दिलाया। इस मौके पर कशिश वर्मा, गोविंद, विवेक, राजकुमार, नम्रता, साक्षी, दीपाली, अवंतिका आदि कैडेट्स उपस्थित रहे।

### न्यूनतम मजदूरी दिलाने की मांग

**जल संस्थान के पंप ऑपरेटर व लाइनमैन मजदूरों ने सौंपा प्रार्थना पत्र**

**ललितपुर।** जल संस्थान झांसी डिवीजन की शाखा जल संस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पंप ऑपरेटर व लाइनमैन मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी दिलाने तथा आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है। मजदूरों का कहना है कि वे वर्ष 2001 से जल संस्थान के अंतर्गत ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ठेकेदार के माध्यम से बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पंप ऑपरेटर को लगभग 4000 रुपये प्रतिमाह तथा लाइनमैन मजदूर को करीब 5500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाता है, जो शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। मजदूरों का कहना है कि इतने कम वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च चलाना भी कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी तय की गई है, जिसका लाभ उन्हें भी मिलना चाहिए। मजदूरों ने मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी उनके बैंक खातों में दिलाई जाए और उन्हें आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किया जाए। साथ ही उनकी आर्थिक समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द समाधान किए जाने की मांग भी की गई है।

# छोटे बच्चों को निखारने में सहायक हैं सांस्कृतिक गतिविधियां- मूलचन्द्र

**●मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** पाठ्यक्रम रूपी शिक्षा अर्जन के साथ ही शारीरिक, मानसिक, रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुतीकरण के लिए अवसर मिलना निश्चित रूप से छोटे बच्चों के निखरने में सहायक है, और यह अवसर देने का काम मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल बेहतर ढंग से कर रहा है, यह बात क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। नगर में उरई रोड पर मलंगा पुल के समीप स्थित कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का प्रमुख शिक्षण संस्थान मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल का रंग तरंग वार्षिकोत्सव शुक्रवार की देर शाम एमपीडीसी कॉलेज के मैदान में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि जिला बार संघ महामंत्री साधना त्रिपाठी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विज्ञान विशारद सीरौठिया, अपना दल एस युवा मंच के प्रदेशीय पदाधिकारी ओंकार सिंह ठाकुर, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल आदि ने वीणादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की। स्कूल के प्रबंधक आदित्य पांडेय, प्रधानाचार्य आनंद पांडेय सहित स्कूल स्टॉफ सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। स्कूल की छात्राओं सिद्धिदात्री निरंजन, पूर्वी त्रिपाठी, वंशिका अग्रवाल, अवनी गुप्ता, श्रेया दीक्षित, संस्कृति पटेल, शुभ निरंजन, शिव राठौर, कन्हैया, अनुराग आदि ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ ही देशभक्ति एवं बुंदेलखंडी सभ्यता से ओतप्रोत गीत, नृत्य, नाटक द्रोपदी चीरहरण, कव्वाली आदि की शानदार मंचीय प्रस्तुति देकर उपस्थित भारी जनसमूह को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उपस्थित जनसमूह ने इन सभी छोटे-छोटे बच्चों की उम्दा प्रस्तुतियों पर मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए देर रात तक समारोह का आनंद उठाया। विधायक सहित सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष प्रदान किया और सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधतंत्र एवं स्टॉफ सदस्यों की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे स्कूल के संरक्षक विनोद पांडेय ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों के अंदर छिपी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए अवसर प्रदान करने में स्कूल हमेशा आगे रहता है जिसके लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं। सफल संचालन आदित्य द्विवेदी एवं दीपक पटेल ने संयुक्त रूप से किया किया। बच्चों की अलग-अलग प्रस्तुतियों को बेहतर ढंग से तैयार कराने में राहुल कश्यप एवं वंशिका अग्रवाल ने महती भूमिका निभाई। वार्षिकोत्सव की व्यवस्थाओं में स्कूल प्रबंधतंत्र में शामिल विश्वनाथ दीक्षित, अजय कुमार, आभा मेम सहित शिक्षक रामू, अनुराग, अमित पिपरईया, अमन, सुमित, दीपक, हर्षित, अभिषेक, सौरभ, ऋतिक, असर, परवेज, शिक्षिका नैंसी, विनीता, निशि, अंजली, ईशा, साक्षी, निकिता, लाली, शिवांगी, उमा, आरका, ममता, मोहिनी, ज्योति, स्नेहा, वंदना आदि संलग्न रहे।

### बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत 31 मार्च तक जमा करें बकाया

**ललितपुर।** बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत पंजीकरण कराकर बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को उ.प्र. पॉवर कारपोरेशन लि. लखनऊ ने राहत दी है। दिसम्बर, 2025 एवं जनवरी, 2026 में पंजीकरण कराने वाले ऐसे उपभोक्ता जो किन्हीं कारणों से पूरी राशि जमा नहीं कर पाये थे, वे अब 31 मार्च, 2026 तक अधिभार में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 15 प्रतिशत छूट का प्राप्त करते हुए शेष धनराशि का भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते हैं। माह फरवरी, 2026 में पंजीकृत उपभोक्ता भी उपरोक्तानुसार छूट प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। यदि पात्र उपभोक्ताओं द्वारा 31 मार्च 2026 तक उपरोक्त योजना के अन्तर्गत अपना बकाया विद्युत बिल जमा नहीं किया जाता है, तो 01 अप्रैल 2026 को उनके विद्युत बिल में 100 प्रतिशत अधिभार एवं मूलधन में मिलने वाली छूट की धनराशि पुनः सम्मिलित हो जायेगी जिसका पूर्ण भुगतान उपभोक्ताओं को करना होगा। जनपद में कुल 12968 उपभोक्ताओं पर 26.09 करोड़ का बकाया फंसा है। इसमें सबसे अधिक विद्युत वितरण खण्ड, महरौनी के 9185 उपभोक्ताओं पर 19.16 करोड़ और विद्युत वितरण खण्ड के 3783 उपभोक्ताओं पर 6.93 करोड़ रूपये बकाया है। अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी ने बताया है यह उपभोक्ताओं को छूट पाने का अन्तिम मौका है।

## ओबरा तापीय विद्युत परियोजना संविदा श्रमिकों और SIPPL कंपनी के बीच बनी सहमति, बढ़ेगी मजदूरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ओबरा (सोनभद्र)** -ओबरा तापीय विद्युत परियोजना (CTPS) में पिछले कुछ समय से संविदा श्रमिकों और प्रबंधन के बीच चल रहा गतिरोध अब समाप्त होता दिख रहा है। परियोजना में कार्यरत संविदा कंपनी Shree Infraprojects Private Limited (SIPPL) और श्रमिक संगठन के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता में श्रमिकों की मांगों पर सकारात्मक सहमति बनी है। बैठक के दौरान SIPPL के साइड इंचार्ज ने श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। वार्ता के मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहे।जिन श्रमिकों को कंपनी में कार्य करते हुए एक वर्ष से अधिक का समय हो गया है, उनके वेतन में संतोषजनक वृद्धि की जाएगी। कंपनी ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में वेतन भुगतान में देरी नहीं होगी और श्रमिकों को आर्थिक मानसिक प्रताड़ना का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सभी श्रमिकों को मिनिमम वेजेस (न्यूनतम मजदूरी) के नियमों के अनुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सहमति बनने के बाद मौजूद श्रमिकों ने खुशी जाहिर की और मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। श्रमिकों का कहना है कि संगठन की मजबूती और सही समय पर हस्तक्षेप की वजह से ही आज उनके अधिकारों की रक्षा हो पाई है। इस महत्वपूर्ण वार्ता में रामनरेश गौड़, मुस्तकीम अहमद, मोनू यादव, सुभाष सिंह, दीपक कुमार, रमाशंकर, गुलाम, लालजी देव पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। भारतीय संविदा श्रमिक संगठन के अध्यक्ष मणि शंकर पाठक ने इस जीत पर खुशी जताते हुए कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य सदैव मजदूरों के हितों की रक्षा करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कंपनी द्वारा किए गए वादे जमीन पर उतरें। श्रमिकों के अधिकारों के लिए हमारी आवाज निरंतर बुलंद रहेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में अक्सर संविदा कर्मियों को बुनियादी सुविधाओं और वेतन के लिए संघर्ष करना पड़ता है, ऐसे में ओबरा CTPS में हुई यह सहमति एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती है। अब देखना यह होगा कि कंपनी अपने वादों को कितनी जल्दी क्रियान्वित करती है।

## अलग पूर्वांचल राज्य बनने से पूर्वांचल की संस्कृति व भाषा से पहचान मिलेगी और पलायन रुकेगा- पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के महासचिव अधिवक्ता पवन कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अलग पूर्वांचल राज्य की मांग रोचक विषय है जिस पर अक्सर चर्चा होती रहती है, आइए प्रत्येक बिंदु को थोड़ा और विस्तार से समझते हैं कि आखिर अलग पूर्वांचल राज्य बनने से यह लाभ कैसे प्राप्त हो सकते हैं। एक अलग राज्य बनने से सरकार जनता के और करीब आ जाएगी, जिससे प्रशासनिक निर्णय लेने में तेजी आएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश का बड़ा आकार प्रशासनिक कार्यों के लिए एक बड़ी चुनौती है। छोटे राज्य बनने से प्रशासनिक तंत्र को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है।यह जनता को बेहतर और त्वरित सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा, जिससे प्रशासन में जवाबदेही बढ़ेगी।

राज्य सरकार पूर्वांचल क्षेत्र की स्थानीय जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकेगी और तदनुसार विकास योजनाओं को डिजाइन और कार्यान्वित कर सकेगी। जिससे विकास की गति बढ़ेगी और पिछड़े क्षेत्रों के विकास में तेजी आएगी। जब विकास योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावी ढंग से होता है, तो नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं तथा पलायन रुकेगा, राज्य में कृषि, उद्योग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों का विकास करने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एक नए राज्य के रूप में पूर्वांचल अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटा सकेगा। इससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और राज्य के लोगों को बेहतर जीवन मिलेगा,राज्य अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और संसाधनों के आधार पर औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार कर सकेगा। पूर्वांचल में प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला, चूना पत्थर, बॉक्साइट, एल्युमिनियम और अन्य खनिज पर्याप्त मात्रा में हैं, एक अलग राज्य के रूप में पूर्वांचल इन संसाधनों का बेहतर उपयोग करके विकास के पथ पर अग्रसर हो सकेगा। उपरोक्त बिंदुओं के अलावा, एक अलग राज्य बनने से पूर्वांचल की संस्कृति, भाषा, और पहचान को बढ़ावा मिलेगा, यह क्षेत्र के लोगों के बीच एकजुटता और गौरव की भावना पैदा करेगा। पूर्वांचल राज्य की मांग है कि उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग को काटकर एक अलग पूर्वांचल राज्य की मान्यता दी जाए।

## प्रदेश स्तरीय मिनीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**●कम्पोजिट विद्यालय बानपुर की पीटी का रहा श्रेष्ठ प्रदर्शन**

**विद्यालय में छात्राओं का हुआ सम्मान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** 36 वीं राज्य स्तरीय मिनीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन डा.भीमराव अंबेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा स्थल प्रयागराज रोड धाभासेमर अयोध्या में आयोजित किया गया। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बानपुर के व्यायाम शिक्षक सुधीर जैन ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने पीटी प्रदर्शन में विद्यालय स्तर से संकुल, ब्लॉक, जनपद, मंडल में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अयोध्या में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा में विद्यालय की बेटियों ने पीटी का बेहतरीन प्रदर्शन करके जनपद का मान बढाया। छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने मैडल एवं पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अयोध्या से वापिस लौटने पर विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम एस.आई.विपिन कुमार कस्बा इंचार्ज बानपुर के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमेशा हौंसले बुलंद रखना चाहिए। सफलता अवश्य मिलती है। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। इस दौरान विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सीमी फरजाना एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्राओं को माला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पीटी की टीम में विद्यालय की छात्राओं में मधु, साक्षी चौरसिया, अनि, सुहानी, अंशिका, राधिका, नीलम विश्वकर्मा, राधिका कुशवाहा, संध्या, अंकिता कुशवाहा, नंदिनी, दिव्या, पूजा, सिद्धि नामदेव, माहेश्वरी, पूजा, आराधना ने प्रतिभाग किया।

### थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जन शिकायतें




**कोंच(जालौन)-** थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को कोंच सर्किल के कोतवाली कोंच सहित थाना नदीगांव एवं थाना कैलिया में किए गया जिसमें शामिल हुए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने फरियादियों की जन शिकायतें सुनी। कोतवाली में एसडीएम ज्योति सिंह ने जन शिकायतें सुनी। यहां पर अलग अलग विभागों से जुड़ी 4 शिकायतें दर्ज कराई गई जिनमें से मौके पर सिर्फ एक शिकायत ही निस्तारित की जा सकी। एसडीएम ने शेष तीनों शिकायतों के यथाशीघ्र निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार, राजस्व निरीक्षक लायक सिंह, सदर लेखपाल दिग्विजय सिंह सहित विभागीय अन्य कर्मी मौजूद रहे। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार और थाना नदीगांव में थानाध्यक्ष शशिकांत चौहान ने फरियादियों की जन शिकायतें सुनी।

## बसपा की सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित नीतिका पैलेस में बसपा की सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा कांशीराम की आगामी पुण्यतिथि पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ब्रजेश जाटव उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल कोऑर्डिनेटर इकलाख राईन, जितेंद्र सिंह दयालु और उदयवीर दोहरे तथा कोंच-माधौगढ़ विधानसभा के बसपा प्रत्याशी आशीष पांडे भी मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम ने सामाजिक न्याय और बहुजन समाज के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, उसे आगे बढ़ाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। आगामी 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित होने वाली कांशीराम की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की रणनीति बनाई गई। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचने की तैयारियों तथा व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पार्टी नगर अध्यक्ष सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि कोंच क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ जाकर अपने नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बैठक के अंत में संगठन को मजबूत और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अतर सिंह पाल, विधानसभा अध्यक्ष सरदार चौधरी, विधानसभा प्रभारी राजकुमार पड़रया, नगर उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जाटव, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र पांडे, सुनील कुमार खटीक सहित सेक्टर अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिकायतों पर गैस एजेंसी पर अधिकारियों ने मारा छापा, मिली तमाम खामियां

**●एजेंसी संचालक को तीन दिन में देना होगा स्पष्टीकरण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**कोंच(जालौन)-** बगैर किसी जानकारी के तमाम उपभोक्ताओं के नाम पर गैस सिलेंडर की बुकिंग हो जाने और फिर डिलीवरी भी हो जाने की शिकायतों पर शनिवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अरुण गैस एजेंसी पर छापा मारकर जांच की। जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई हैं। एसडीएम ज्योति सिंह ने आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी और कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर सिंह के एसआरपी इंटर कॉलेज के पास स्थित अरुण गैस सर्विस के ऑफिस पर छापा मारा। छापे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता भी एजेंसी पर पहुंच गए और अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखने लगे। जांच के दौरान पता चला कि कई उपभोक्ताओं की जानकारी के बगैर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग कर दी जा रही थी और बाद में उसकी डिलीवरी भी दिखा दी जाती थी। इतना ही नहीं, कई मामलों में उपभोक्ताओं को ओटीपी तक नहीं भेजा गया, फिर भी कंप्यूटर सिस्टम में डिलीवरी कन्फर्म कर दी गई। आपूर्ति निरीक्षक ने एजेंसी पर मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की और एक-एक कर उपभोक्ताओं के मामलों की जांच की, जिससे पूरा मामला सामने आने लगा। कुछ लोगों ने बताया कि उनके पूरे साल भर के सिलेंडरों की बुकिंग कर डिलीवरी कर ली गई है। अधिकारियों ने मौके पर डिलीवरी मैन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल नंबर बंद मिला। इस पर एसडीएम ने एजेंसी संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए सिस्टम में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए और बंद पड़े एजेंसी के कैमरों को चालू कराने की चेतावनी दी। एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि एजेंसी संचालक से तीन दिन के भीतर पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही पिछले छह माह की गैस सिलेंडर डिलीवरी का ब्यौरा और स्टॉक रिकार्ड भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के पटलों का किया निरीक्षण

**●प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर दिया जोर**

**समस्या निस्तारण के लिए अपने पटल को अप टू डेट रखें : मंडलायुक्त**

**शस्त्र नवीनीकरण के 3 माह पूर्व शस्त्र स्वामियों को नवीनीकरण का दें नोटिस**

**न्यायालय में अनलिस्टेड वादों की तिथि निर्धारित कर निस्तारण कराने के दिए निर्देश**

**एसआईआर के अंतर्गत फार्म 6, 7 व 8 की गहन समीक्षा हेतु वर्चुअल बैठक की**

**बीएलओ, सुपरवाइजर और तहसीलदारों को दिए निर्देश, मतदाताओं से भी किया संवाद**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ीकरण करने तथा आमजन को सुलभ सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मंडल आयुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे ने कलेक्ट्रेट के सभी पटलों एवं न्यायालय का निरीक्षण कर उनके कार्यों की समीक्षा की और मैन्युअल कार्यों को डिजिटाइज करके अध्ययन करने के निर्देश दिए। डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो. मुस्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम (न्यायिक) अशोक कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी पटल प्रभारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं को सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए हमे अपने पटल को अप टू डेट रखना होगा तभी हम फरियादी की समस्या का त्वरित समाधान कर पाएंगे। मंडलायुक्त ने शस्त्र अनुभाग का निरीक्षण कर पटल प्रभारी को निर्देश दिए की शस्त्र नवीनीकरण की तिथि से तीन महत्वपूर्ण शस्त्र स्वामियों को नोटिस भेज कर सूचित किया जाए कि वे निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्रों का नवीनीकरण करा लें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कलेक्ट्रेट न्यायालय का निरीक्षण कर कंप्यूटर पर स्वयं बैठकर दर्ज वादों की समीक्षा की, इसमें कई वाद अनलिस्टेड मिले, उन्होंने निर्देश दिए की ऐसी वादों की तिथि निर्धारित कर उन्हें लिस्टेड किया जाए और निर्धारित तिथि तक उन्हें निस्तारित कराया जाए। मंडलायुक्त ने राजस्व संग्रह अनुभाग का निरीक्षण कर सीआरए को निर्देश दिए कि सेवानिवृत होने वाले अमीनो की लंबित आरसी को नए अमीनो के कार्यों में शामिल करते हुए जल्द से जल्द उनका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के डिस्पैच पटलों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सभी कक्षों के डिस्पैच रजिस्टरों को कंप्यूटराइज किया जाए और जिन कार्मिकों के पास कम्प्यूटर नहीं है, उन्हें कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाए। कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के पूर्व मंडलायुक्त ने निर्वाचन नामावलियों के गहन पुनरीक्षण कर के अंतर्गत जनपद के पोलिंग बूथ पर कार्यरत ब्लू सुपरवाइजर और संबंधित तहसीलदारों से वर्चुअल मीटिंग कर फार्म 6, 7 और 8 के संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की और मौके पर बूथों पर उपस्थित मतदाताओं से भी वर्चुअल संवाद किया।

## गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों व किल्लत के विरोध में आप का प्रदर्शन

**●कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की तरह ललितपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश की आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, जबकि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते लोग फिर से लाइनों में लगने को मजबूर हो गए हैं। जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60 रुपये तथा कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता की कमर टूट चुकी है। साथ ही यह भी कहा कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी किए जाने से देश को आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसका सीधा असर महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है। हरदयाल सिंह लोधी ने यह भी आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे और मध्यम उद्योगों पर भी आर्थिक दबाव बढ़ रहा है और बेरोजगारी की स्थिति तेजी से बढ़ती जा रही है। आप कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए तथा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी देशभर में जन आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., प्रमोद नामदेव एड., रमेश कुमार, देवकी, वृन्दावन, हजारीलाल राजपूत, बुद्धसिंह बुन्देला, आरती के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर में बस डंपर में भीषण टक्कर 40 घायल, 5 की हालत गंभीर



**कानपुर ।** कानपुर में इटावा हाईवे पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार टूरिस्ट बस खड़े डंपर में घुस गई,, हादसे में 44 यात्री घायल हो गए जिनकी लिस्ट जारी हुई हैं,, पांच की हालत गंभीर बनी हुई है,बस में 57,तीर्थ यात्री सवार थे,बस नासिक से चलकर अयोध्या होते हुए नेपाल के लिए जा रही थी, इस्पात नगर के सामने पुल के ऊपर हादसा हुआ,इसकी जानकारी मिलते ही पनकी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, और घायलों को कल्याण पुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराया, इसके बाद सभी घायलों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया,पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि भोर में कानपुर से दिल्ली की तरफ़ जा रही टूरिस्ट बस हाइवे पर खराब होने के बाद खड़े डंपर में घुस गई, इससे बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह ख़राब हो गया, इसके पीछे दो कंटेनर और एक ट्रक भी टकरा गए,, इसमें कोई घायल नहीं हुआ, हादसे की सूचना मिलते ही पनकी थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा, घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, घायलों का इलाज हैलट में ज़ारी है गंभीर रूप से घायल यात्रियों के परिजनों को फोन पर हादसे की जानकारी दी गई है, बताया जा रहा है कि बस में सवार सभी लोग तीर्थयात्री थे और दर्शन के लिए जा रहे थे।

### नाबालिग किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना साढ़ क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,, आरोपी आशीष को साढ़,दरगाही लाल नगर पुल से सुबह साढ़े आठ बजे पकड़ा गया,यह घटना बीतें सात मार्च को हुई थी, आरोपी आशीष,जो कि किशोरी का पारिवारिक रिश्ते में चाचा लगता है ,उसे घर से बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया, था , किशोरी के परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी थी, पुलिस ने सूचना के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत् गठित टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान आशीष को गिरफ्तार किया,, आरोपी आशीष के खिलाफ साढ़ थाने में अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत् मामला दर्ज किया गया है, गिरफ्तारी के बाद उसे विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### उसका बाजार में ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को रोकने की मांग

**सिद्धार्थनगर।** ऐशबाग से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को उसका बाजार रेलवे स्टेशन पर पुनः रोकने की मांग क्षेत्र के व्यापारियों, छात्रों, समाजसेवियों एवं नौकरी करने वाले लोगो ने की है। इन लोगो का आरोप है कि पूर्वोत्तर रेलवे ने कोरोना काल के पहले उसका बाजार जैसे प्राचीन कस्बे में रुकने वाली इस ट्रेन का स्टॉपेज समाप्त कर दिया।जिससे इस ट्रेन से लखनऊ तक की यात्रा करने परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्षेत्र के श्रीधर पाण्डेय, राज नारायन पाण्डेय, मजीबुल्लाह,राम दरस, विजय शुक्ल, मनीष अग्रहरी, रवि अग्रहरि, अशोक कुमार पाण्डेय,राजेंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार, अनस, अंकित, रियाजुद्दीन, कमरुज्जमा ने रेलवे के उच्च अधिकारियों से इस ट्रेन को पुनः उसका बाजार में रोकने की मांग की है।

### सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों से जाम, नागरिक परेशान

**सिद्धार्थनगर ।** उसका बाजार कस्बा के सुभाष नगर और आद्या प्रसाद नगर वार्ड में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों से आए दिन जाम की समस्या हो जा रही है जिससे नागरिक परेशान है। नागरिकों का आरोप है की शिकायत के बाद भी जिम्मेदार उदासीन बने हुए है। कस्बा में जाम की समस्या कोई नई बात नही है। यह समस्या आए दिन बनी हुई है। कस्बा में वाहनों के बेतरतीब खड़े होने के कारण आए दिन समान से लदा ठेला, बाइक अन्य वाहन नही निकल पता है जिस कारण घंटो जाम लगा रहता है। इससे राहगीरों सहित कस्बा के नागरिकों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। कस्बा के लोगो ने प्रशासन से जाम की समस्या दूर करने की मांग की है।

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 70 बीएलओ और सुपरवाइजर सम्मानित

**● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ से किया संवाद, अभियान में योगदान की सराहना**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 70 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजर को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजर से सीधा संवाद कर अभियान से जुड़े अनुभव और फीडबैक भी प्राप्त किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण अभियान की सफलता में बीएलओ और सुपरवाइजर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम और समर्पण के कारण ही यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है और मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और अद्यतन बनाने का कार्य सफलतापूर्वक प्रगति पर है।

संवाद के दौरान किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 72 के बीएलओ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने बूथ के मतदाताओं का एक व्हाट्सएप समूह बनाकर आवश्यक सूचनाएं साझा कीं और घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का विवरण एकत्र किया, जिससे कार्य समय से पूरा करने में सहायता मिली। बिठूर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 384 के प्रथम बार नियुक्त बीएलओ अंकित पटेल ने बताया कि प्रारंभ में कुछ कठिनाई हुई, लेकिन अधिकारियों के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से कार्य सरलता से पूरा हो गया। कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 115 के बीएलओ रवि कुमार ने कहा कि चुनौतियों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए कार्य किया और मतदाताओं का भी भरपूर सहयोग मिला। बीएलओ सोनिया गुप्ता, रमेश कुमार सचान, विनय कुमार तथा सुपरवाइजर विशाल यादव ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पांच-पांच बीएलओ तथा दो-दो सुपरवाइजर को सम्मानित किया गया। बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र से राघवेंद्र प्रताप सिंह, शिव शंकर, बृजेंद्र कृष्ण वर्मा, यदुनाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार और शैलेंद्र राजपूत को सम्मानित किया गया। बिठूर विधानसभा क्षेत्र से राकेश पाल, राजा भानु प्रकाश, अनु द्विवेदी, सचिन गुप्ता, शिवकरण, अंकित पटेल और पूजा पाल को सम्मानित किया गया। कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से संतोष अवस्थी, दीपक मिश्रा, नीलम, रवि कुमार, ज्योत्सना, प्रज्ञा पाठक और प्रज्ञा वाजपेयी को सम्मानित किया गया। गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र से आशीष कुशवाहा, श्याम किशोर, मिथिलेश वर्मा, अनामिका पांडेय, सुरेश चंद्र भारती, प्रवेश कुमारी और नम्रता त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

## लोक अदालत का उद्देश्य त्वरित न्याय को मजबूत बनाना है-अपर जिला जज

**लालगंज में लोक अदालत में एक सौ आठ वाद हुए निस्तारित**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में शनिवार को लोक अदालत में एक सौ आठ वाद निस्तारित हुए। इनमे एक सौ छः आपराधिक वाद तथा दो सिविल वाद हैं। लोक अदालत का शुभारंभ अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने किया। वहीं लोक अदालत के आयोजन को लेकर न्यायिक अधिकारियों ने दीवानी परिसर में पौधरोपण भी किया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करने तथा छोटे मोटे विवादों को समाप्त कराने में लोक अदालत की अहम भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी ने कहा कि न्याय का समान अवसर प्रदान करना ही लोक अदालत का उद्देश्य है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, विभूति शुक्ला, करूणाशंकर मिश्र, जान्हवी प्रताप सिंह, शहजाद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, कमलेश त्रिपाठी आदि भी मौजूद रहे।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**● एनएसएस शिविर समापन के दौरान उपस्थित एमएनएस छात्र**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों स्वामी विवेकानंद एवं रानी लक्ष्मीबाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह शनिवार को शोहरतगढ़ स्थित डोई मंदिर पर आयोजित हुआ। स्वयं सेवकों द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई करके व योग एवं व्यायाम का अभ्यास कर स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। तत्पश्चात रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई और स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी लक्ष्मीबाई इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शिवपति महाविद्यालय के सेवा निवृति रसायन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एन. सिंह ने कहा कि स्वयंसेवकों ने समाज में सामंजस्य स्थापित करने, कुरीतियों को दूर करने और लोगों को जागरूक करने की कला सीखी है। कहा कि स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक योगदान देते रहें और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने में सहायक बनें। उन्होंने युवाओं को माता-पिता के प्रति सम्मान बनाए रखने, परिवार के साथ समय बिताने और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर वास्तविक जीवन में जुड़ाव बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस दौरान मेजर मुकेश कुमार , इंद्रदेव वर्मा, स्वयं सेविका उमा पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकिशोर सिंह, डॉ. अजय सिंह,डॉ राजू प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका और शैक्षिक गुणवत्ता पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर ।** भनवापुर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हथपरा के परिसर में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष,सचिव और प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को नवीन शिक्षण तकनीकों, नए नामांकन अभियान, विद्यालय प्रबंधन तथा नेतृत्व कौशल के बारे में जानकारी देना था,ताकि विद्यालयों के संचालन और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ महेंद्र प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति और प्रधानाध्यापक विद्यालय के विकास की धुरी होते हैं। यदि दोनों मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तो शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागियों को अपने कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक विष्णुकांत दुबे ने समिति के गठन से लेकर उसके कार्य व्यवहार तक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक जिम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर एआरपी मृत्युंजय सिंह, मनोज द्विवेदी, सत्य प्रकाश यादव, अरुण चतुर्वेदी, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रामप्रकाश मिश्र, चंद्र भूषण सिंह, आबिद रिजवी, उमाकांत गुप्ता, शिवम सिंह, के.के. मिश्र, अवधेश भारती सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अनेक अध्यक्ष-सचिव और प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रमः 331 जोड़े की हुई शादी, मंडप में सुखी दांपत्य जीवन जीने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बीएससी ग्राउंड में मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, विधायक विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, पूर्व राज्यमंत्री डा0 सतीश द्विवेदी, व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। शनिवार को जनपद मुख्यालय पर बीएसए ग्राउंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 331 जोड़ो का सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित हुए । हिन्दू समुदाय के 238 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 74 तथा मुस्लिम समुदाय के 19 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू, बौद्ध एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगों को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा बौद्ध धर्म का उनके धर्मानुसार विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने सभी अधिकारियों एवं उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है आज मुख्यमंत्री द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुए समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आर्शीवाद दिया गया।इस दौरान विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि गरीब परिवारों के लोगों को बेटियों की शादी की चिन्ता रहती है इसलिए मुख्यमंत्री द्वारा गरीब परिवारों के बेटियों की शादी के लिए सभी जिलों में सामूहिक विवाह के माध्यम से शादी कराया जा रहा है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुएविधायक विनय वर्मा ने कहा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब परिवार के बेटियों की शादी कराना सराहनीय कार्य है। गरीबों को समानता की श्रेणी में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह , पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेटवर्क की समस्या से परेशान हैं ग्रामीण

**सिद्धार्थनगर ।** इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत लांगुरिया व उसके आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण इन दिनों मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की गंभीर समस्या से परेशान हैं। कमजोर नेटवर्क के कारण न तो बातचीत सुचारू हो पा रही है और न ही इंटरनेट सेवाएं मिल रही हैं। जिसके कारण जरूरी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। ग्राम प्रधान सुमिरन यादव, ग्रामीण अब्दुल रहमान, जोखू , राम प्यारे, सुमिरन, पंचम, दाऊद, नौशाद, मोहम्मद कलीम, जगदीश, रीना देवी सहित कई लोगों ने बताया कि वे कई बार अधिकारियों और नेताओं से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। यहां तक कि गैस बुकिंग जैसी सुविधाएं अब ऑनलाइन होने से उन्हें बड़ी परेशानी हो रही है। छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई नेटवर्क के अभाव में बाधित हो रही है। वीडियो नहीं चलते और न ही कक्षाएं सुचारू रूप से चल पाती हैं। ग्रामीणों ने जल्द समाधान की मांग की है।

## तेज रफ्तार आटो बेकाबू होकर पलटा, एक की मौत, तीन घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** साढ़ क्षेत्र में बारात से लौट रहे लोगों से भरा एक आटो पलट गया, हादसे में एक की मौत हो गई,, वहीं तीन लोग घायल हो गए,, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं,, बताया जा रहा है कि आटो चालक नशे में था,,तेज रफ्तार के कारण आटो अनियंत्रित होकर पलट गया,हादसा साढ़ थाना क्षेत्र में मथुरा पुर मोड़ के पास हुई, गौरी ककरा गांव से शुक्रवार की रात एक बारात जहानाबाद के एक गेस्ट हाउस में गई थी,, जयमाल के बाद बाराती वापस गांव लौट रहे थे,,इसी दौरान एक आटो में करीब छह लोग सवार थे बारातियों के अनुसार आटो चालक नशे की हालत में आटो चला रहा था,, जैसे ही आटो साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर चौकी क्षेत्र के मथुरा पुर मोड़ के पास पहुंचा,तेज रफ्तार होने के कारण मोड़ पर अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलट गया,, हादसे में गौरी ककरा गांव निवासी राजबहादुर कुशवाहा 65 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई,, राजबहादुर कुशवाहा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था,, हादसे में इंद्रपाल,रामूपाल,और ओमप्रकाश घायल हो गए, सूचना मिलने पर साढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,, वहीं बताया जा रहा है कि चालक सुशील पाल शराब के नशे में था, और हादसे के बाद मौके से भाग निकला,, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है,, साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है,, म्रतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया है,, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गांजा बेचने जा रहा तस्कर सत्यनारायण सत्तू फजलगंज में माल सहित गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले फजलगंज पुलिस ने एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस के अनुसार गोविन्द नगर पुल के नीचे से कन्टेनर यार्ड की तरफ जा जाते समय गिरफ्तार किए गये ग्राम गुडनपुर तहसील खागा थाना सुल्तानपुर घोस जिला फतेहपुर के मूल निवासी और वर्तमान में फजलगंज थाना क्षेत्र के जसपाल सिंह का गैराज गुरूनानक मार्केट के सामने रहने वाले इस शातिर तस्कर सत्यनारायण साहू उर्फ सत्तू पुत्र परमेश्वर के पास से 505 ग्राम नाजायज गांजा भी बरामद किया गया है। अवगत कराते चलें कि इस शातिर गांजा तस्कर सत्यनारायण साहू उर्फ सत्तू को गिरफ्तार करने के रूप में जिस थाना फजलगंज पुलिस को यह महत्व पूर्ण सफलता मिली आजकल उसकी कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर संजय सिंह के हाथ में है।

सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर संजय सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।इसी के साथ सरल और शालीन स्वभाव के इंस्पेक्टर संजय सिंह की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर संजय सिंह की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में चार महिलाओं के जेवरात चोरी

**● नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय बोले मेरे आने से पहले कार्यक्रम समाप्त हो गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के बीएससी ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के समापन के बाद अफरा-तफरी मच गई। भोजन के दौरान कई महिलाओं के जेवर चोरी हो गए, जिससे मौके पर हंगामा जैसी स्थिति बन गई। जेवर गायब होने की जानकारी मिलते ही पीड़ित महिलाएं रोने लगीं। इसके बाद महिला पुलिस और महिला होमगार्ड ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें सरकारी वाहन से थाने ले जाकर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। पीड़ित महिलाओं में गीता का मंगलसूत्र, रीना का कान का झुमका, पिंकी का मंगलसूत्र और विंध्यवासिनी का कान का झुमका चोरी हो गया। इसके अलावा भी कई महिलाओं ने अपने जेवर गायब होने की शिकायत की। अचानक कई महिलाओं के जेवर चोरी होने की घटना से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में अफरा -तफरी का माहौल हो गया । घटना की सूचना मिलने पर मौके पर मौजूद महिला पुलिस और महिला होमगार्ड सक्रिय हुई। पुलिसकर्मियों ने सभी पीड़ित महिलाओं को सरकारी जीप में बैठाकर थाने ले जाया, जहां उनसे पूरे मामले की जानकारी ली गई और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई।यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम शनिवार, 14 मार्च को आयोजित किया गया था। इसमें कुल 319 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 226 जोड़े हिंदू धर्म, 74 जोड़े बौद्ध धर्म और 19 जोड़े मुस्लिम धर्म के थे। कार्यक्रम में वर-वधू के परिजनों और आम लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह समाप्त होने के बाद दोपहर में सभी जोड़ों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने कई महिलाओं के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष और इटवा विधानसभा से विधायक माता प्रसाद पाण्डेय कार्यक्रम स्थल पर लगभग दो बजे पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्हें कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बताया गया था, लेकिन जब वह पहुंचे तो उससे पहले ही कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जोड़ों का विवाह कराया जाता है। हालांकि कार्यक्रम के समापन के बाद सामने आई जेवर चोरी की घटना ने पूरे आयोजन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि चोरी करने वालों की पहचान की जा सकें।

## जिला स्टेडियम में राज्य आमंत्रण हॉकी मैचों का दिलचस्प मुकाबला संपन्न

**● विवेक अकादमी ,भदोही , बाराबंकी, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने जीते अपने अपने मैच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला खेल स्टेडियम पर खेली जा रही राज्य आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी लीग स्टेज़ के कुल 7 मैचेज खेले गए।प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी जनपद के बहुत सारे खेलप्रेमी और गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसलाफजई किया, जिनमें प्रमुख रूप से हॉकी प्रतापगढ़ के संयुक्त सचिव शकील अहमद, भारतीय रेलवेज से सेवानिवृत्त बैडमिंटन खिलाड़ी ,पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सूरज मिश्रा,वॉलीबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और भारतीय रेलवेज से सेवानिवृत्त आरपी सिंह,गंगा पांडे,समाजसेवी शकुंतला शुक्ला,वॉलीबाल के राष्ट्रीय निर्णायक विनोद यादव , अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबाल निर्णायक राम शिरोमणि सिंह आदि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों को मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनवर हॉकी सोसायटी की तरफ से दिया जा रहा है, जिसके लिए जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सोसायटी के सचिव खुर्शीद अली और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर खान और उनकी पूरी सोसायटी का तहे दिल से धन्यवाद दिया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में हॉकी निर्णायक के रूप में आशा, संदीप, प्रिंस, अमित, मनीष, रश्मि सिंह,मनीषा,शबनम शाक्य,राजेश आजाद ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस मौके पर पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,तलवार बाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह मौजूद रहे।दूसरे दिन खेले गए प्रतियोगिता में कुल 7 मैचों के परिणाम में पहला मैच विवेक अकादमी वाराणसी प्रतापगढ़, दूसरा मैच बिजनौर भदोही,तीसरा मैच बाराबंकी मेरठ,चौथा मैच गोरखपुर प्रतापगढ़,पांचवा मैच स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर 09 बिजनौर 01,छठवां मैच स्पोर्ट्स हॉस्टल अयोध्या 02, विवेक अकादमी वाराणसी 01,सातवां मैच गोरखपुर 01प्रयागराज 01मैच संपन्न हुई।

## सच्ची मित्रता का प्रतीक है कृष्ण-सुदामा का मिलन- स्वामी योगेश्वराचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के पूरे स्वामी लालगंज में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं व श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता से जुड़ी कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास स्वामी योगेश्वराचार्य महराज ने कहा कि द्वारिका में कृष्ण सुदामा का मिलन सच्ची मित्रता का सर्वोच्च प्रतीक है। उन्होने कहा कि पत्नी के कहने पर पोटली में चावल लेकर बाल सखा से मिलने द्वारिका आये सुदामा के आने की जानकारी पर भगवान श्रीकृष्ण भाव विह्वल होकर नंगे पांव दौड़ पड़े। कथाव्यास ने बताया कि द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण ने निर्धन सखा को गले लगाकर आंसुओं से चरण धोकर प्रेम व समानता का संदेश दिया। कथाव्यास स्वामी योगेश्वराचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मिलन मित्र के प्रति समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होने कहा कि दरिद्रता होने के बावजूद सुदामा ने परम सखा प्रभु श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा, फिर भी भगवान कृष्ण ने उन्हें सब कुछ दे दिया। मुख्य आयोजक पं0 रमाकांत मिश्र व द्रोपदी मिश्रा ने विधिविधान से व्यासपीठ का पूजन करते हुए कथाव्यास का सम्मान किया। संयोजक राजकुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत एवं मनीष कुमार मिश्र ने आभार जताया। अधिवक्ता राजेश तिवारी, महेश द्विवेदी, पंकज मिश्र, पप्पू तिवारी, ऋषि द्विवेदी, शिवम सिंहा, शिवाकांत द्विवेदी, सभासद पन्नेलाल पाल, अनुराग पाण्डेय, शशिप्रकाश मिश्र, आरडी यादव, संजय द्विवेदी, छोटेलाल सरोज, आशीष कुमार मिश्र, निखिल मिश्र, शिवशंकर मिश्र, अरूण मिश्र, उमाशंकर मिश्र, राजेश, सुशील, अमित, सुमित, विपिन, नीरज, दीपक, रामनायक, शनि, शिवांग, गंगेश्वर, विनायक मिश्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोनिया क्षेत्र में बढ़ा म'छरों का प्रकोप, ग्रामीणों ने दवा छिड़काव की उठाई मांग




**सीतामढ़ी।** डीघ ब्लाक के कोनिया क्षेत्र में गंगा किनारे बसे गांवों और मोहल्लों में इन दिनों म'छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। क्षेत्र के लगभग सभी गांवों से यह शिकायत लगातार मिल रही है कि शाम होते ही म'छरों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा किनारे बसे होने के कारण क्षेत्र में नमी अधिक रहती है, जिससे म'छरों के पनपने की संभावना भी 'यादा रहती है। शाम होते ही म'छरों का झुंड घरों और गलियों में दिखाई देने लगता है, जिससे ब'चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे 'यादा परेशानी हो रही है। रात में सोना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि म'छरों के बढ़ते प्रकोप से मलेरिया, डेंगू और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में समय रहते प्रशासन द्वारा उचित कदम उठाना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि कोनिया क्षेत्र के गंगा किनारे बसे सभी गांवों में तत्काल प्रभाव से घर-घर दवा का छिड़काव कराया जाए। साथ ही नियमित रूप से फॉगिंग की व्यवस्था भी की जाए, ताकि म'छरों पर नियंत्रण पाया जा सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर राहत दिलाने की मांग की है।

### पति व ससुराल पक्ष पर मारपीट व प्रताड़ना का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के खानापुर गांव की रहने वाली पूजा पुत्री मूलचन्द्र कहार ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह 9 जून 2014 को वाराणसी जनपद के बड़ागांव थाना क्षेत्र के कोदई निवासी प्रेम कुमार कहार के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुआ था। पीड़िता ने बताया कि उसके दो बच्चे हुए थे, जिनमें से पुत्र की 12 अगस्त 2024 को बीमारी के चलते मृत्यु हो गई।

आरोप है कि इसके बाद सास राजकुमारी और देवर गौतम उस पर बच्चा न होने की बात कहकर पति से दूसरी शादी करने और तलाक देने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 4 जून 2025 को सास से विवाद के बाद पति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उसे मायके छोड़ दिया। पीड़िता के अनुसार बाद में वह अपनी मां के साथ काम के सिलसिले में मुंबई चली गई, जिसका फायदा उठाकर पति उस पर किसी के साथ भाग जाने का आरोप लगा रहा है। इस संबंध में पीड़िता ने महिला थाना ज्ञानपुर में प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पीपरगांव में मृतक चौकीदार के घर पहुंचे हिंदुस्तान आवागम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, परिजनों को दी सांत्वना

**ज्ञानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पीपरगांव में मृतक चौकीदार के घर पहुंचकर हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ललित नारायण चौधरी ने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दोषी आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग सरकार से की। प्रदेश अध्यक्ष ने पीडित परिवार को आश्वासन दिया कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, जिससे उन्हें इस कठिन समय में सहारा मिल सके। इस दौरान पांचलाल सरोज, हरिश्चंद्र सरोज, हीरालाल, शेर बहादुर, श्याम सुंदर सहित हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बराक घाटी के लिए ऐतिहासिक दिन: प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं का भूमिपूजन और शिलान्यास किया

● प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बराक घाटी के कार्यक्रम समारोह में भारी जनसैलाब जुटा क्षेत्र में खुशी की लहर।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**









**श्रीभूमि:** असम के बराक घाटी के विकास के मार्ग में आज एक ऐतिहासिक दिन रहा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बराक घाटी के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री को देखने के लिए घाटी के विभिन्न हिस्सों से भारी भीड़ जुटी, और जनसैलाब ने इस अवसर की भव्यता को और बढ़ा दिया। असम के बराक घाटी में विकास के लिए आज 14 मार्च (शुक्रवार) को असम के बराक घाटी में विकास की नई पहल के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। प्रधानमंत्री के आगमन पर बराक घाटी के विभिन्न हिस्सों से भारी भीड़ उपस्थित रही। इस मौके पर बराकवासी सीधे इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

**महत्वपूर्ण परियोजनाएं और लागत**

प्रधानमंत्री ने अपने हाथों से करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का भूमि पूजन और शिलान्यास किया: सिलचर हाई स्पीड कॉरिडोर– 22,864 करोड़ सिलचर टाउन फ्लाईओवर (3.5 किमी)-564.50 करोड़ श्रीभूमि जिले के पाथारकांडी कृषि महाविद्यालय– 122 करोड़ इन पहलों से बराक घाटी की संचार प्रणाली, अवसंरचना और समग्र विकास को तेज़ी मिलेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी उपस्थित थे। क्षेत्र के लोगों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने बराक घाटी के सभी निवासियों को बधाई दी और भरोसा जताया कि ये पहल क्षेत्र की समृद्धि और प्रगति में नए आयाम स्थापित करेंगी। बराक घाटी की यह नई विकास यात्रा 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत को साकार करते हुए क्षेत्र में समृद्धि का नया अध्याय लिखेगी।

# गैस हुआ महंगी खाने पीने की दामों में हुई वृद्धि 10 से 20 रुपये कप चाय



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली,** देश में चल रही रसोई गैस की किल्लत का असर अब छोटे कारोबारियों और आम लोगों पर साफ दिखाई देने लगा है। गैस के कारण कई जगहों पर टी स्टॉल और छोटे खाने पीने के स्टॉल प्रभावित हो रहे हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडर समय पर न मिलने कि वहसे कुछ दुकानदारों ने अपने टी स्टॉल स्थाई रूप से बंद कर दिए हैं। दुकानदारों का कहना है कि गैर सिलेंडर न मिलने और बाजार में कीमत बढ़ने के कारण पहले जैसे दाम पर चाय और खाना बेजान मुश्किल हो गया है। इसी कारण कई जगहों पर चाय के दाम बढा दिए गए हैं। जहां पहले चाय 10 रुपए में मिल जाती थी वहीं अब एक कप चाय के लिए लोगों को 15, से 20, रुपये तक देने पड़ रहे हैं।

गैस की बढ़ती लागत का असर खाने पीने की दुकानों और ढाबों पर भी देखने को मिल रहा है। जिसके चलते खाने के रेट भी बढ़ा दिए गए हैं। आजाद मार्केट और करोल बाग में खाने की रेहड़ी लगाने वाले एक दुकानदार ने बताया कि पहले कुल प्लेट खाने के 40 रुपये और हाफ प्लेट के 20 रूपये लगते थे। लेकिन अब गैस महंगी होने के कारण वही प्लेट 40 से 80 रुपये तक पहुंच गई है। इससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त पड रहा है।

# हद कर दी आपने.... अवैध पेट्रोल पंप के निर्माण पर रोक के बाद निर्माण कार्य जोरों पर....

● शासन प्रशासन के अधिकारियों को कार्रवाई करने में छूट रहा पसीना.... गर्मी आने में अभी भी समय बाकी....




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल** से ग्राम अमझोर में अति विवादित पेट्रोल पंप अपने प्रारंभ होने के पूर्व ही बड़े विवादों में उलझता जा रहा है पेट्रोल पंप के अवैध अतिक्रमणकारी गांव के पूर्व उपसरपंच चंद्रमा प्रसाद तिवारी जिन्होंने 20 से 25 वर्षों तक पंचायत अमझोर की बागडोर को संभाला है शासन प्रशासन के सभी आदेशों पर निर्देशों को दरकिनार कर अवैध पेट्रोल पंप का साम्राज्य खड़ा करना चाह रहे हैं। इसके पहले भी अपर कलेक्टर महोदय ने प्रकरण क्रमांक 0069/निगरानी/2025-26 आदेश दिनांक 16/12/2025 को बंटन व्यवस्थापन की भूमि को अतिक्रमणकारी चंद्रमा प्रसाद तिवारी के पट्टे को निरस्त कर मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज राज रिकॉर्ड करने का आदेश दिया था।

गांव के गलियारे से लेकर राजनीति के बड़े-बड़े धुरंधरों ने उक्त आदेश को सही माना है इस आदेश को लेकर सियासी रंग चढ़ा हुआ है लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि इतने बड़े आदमी का पट्टा कैसे निरस्त हो गया? गरीब लोगों को दो डिसमिल जमीन शासन से कभी नहीं मिलता और शासन प्रशासन बड़े लोगों को बड़ा पट्टा जारी करती है , एक हाथ से दिया और एक हाथ से लिया , अंधेर नगरी , चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा।

अतिक्रमणकारी चंद्रमा तिवारी ने खसरा नंबर 179/ 3 का नक्शा के लिए राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ की और हल्का पटवारी , राजस्व निरीक्षक ने मिलकर शासकीय भूमि पर नक्शा तरमीम खसरा नंबर 179/2, के पट्टे दरों को शासकीय भूमि पर काबिज़ कराकर रमा सिंह ने अवैध नक्शा तरमीम को निरस्त करा कर खसरा नंबर 179 के अंश रकवे की निगरानी माननीय अपर कलेक्टर के न्यायालय में किया था, जिसे कलेक्टर महोदय ने निगरानी को सही पाया और निरस्त कर दिया गया। अपर कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध अतिक्रमणकारी चंद्रमा द्वारा रिट पिटीशन तैयार कर खसरे में मध्य प्रदेश शासन करने से इस पर रोक लगाई है विवादित स्थल पर निर्माण कार्य पर रोक लगाया जाए , यथास्थिति कायम की जाए। उपसरपंच महोदय ने हद कर दी शासन प्रशासन के सभी नियमों को दरकिनार कर अवैध पेट्रोल के निर्माण कार्य को जोर-जोर से शुरू किए हुए हैं अब देखना है..... शासन प्रशासन के ऊपर उपसरपंच हावी है या उपसरपंच के ऊपर शासन हावी होगा... जय हो।

# सफदरजंग अस्पताल में आईसीयू मरीजों के लिए विशेष फॉलो-अप क्लिनिक की शुरुआत

● देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र में पहली पहल,आईसीयू से डिस्चार्ज मरीजों की पोस्ट-क्रिटिकल केयर पर रहेगा खास फोकस



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**स्वतंत्र सिंह भुल्लर**

**नई दिल्ली:** दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईसीयू से डिस्चार्ज हुए मरीजों के लिए एक समर्पित क्रिटिकल केयर फॉलो-अप क्लिनिक की शुरुआत की है। यह पहल भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र में अपनी तरह की पहली सेवा मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य गंभीर बीमारी से उबर चुके मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भी बेहतर चिकित्सा मार्गदर्शन और निगरानी उपलब्ध कराना है।इस नई सेवा को सरकार के टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ई-संजीवनी के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसके जरिए मरीज और उनके परिजन घर बैठे ही क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों से ऑनलाइन परामर्श ले सकेंगे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार यह क्लिनिक हर मंगलवार और गुरुवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच संचालित होगा अस्पताल के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. अनिर्बन होम चौधरी ने बताया कि भारत में आईसीयू से ठीक होकर घर लौटने वाले कई मरीजों को लंबे समय तक शारीरिक कमजोरी, मानसिक थकान, याददाश्त में कमी, सांस संबंधी दिक्कतें और अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन देश में अब तक इन मरीजों के लिए व्यवस्थित पोस्ट-आईसीयू फॉलो-अप सेवाएं बहुत सीमित रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस नई पहल का उद्देश्य उन मरीजों को निरंतर चिकित्सा सहायता देना है जो आईसीयू में इलाज के बाद भी पूरी तरह सामान्य जीवन में लौटने के लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन और उपचार की आवश्यकता महसूस करते हैं। टेलीमेडिसिन के जरिए मरीजों को बार-बार अस्पताल आने की जरूरत भी कम होगी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी।इस महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन 14 मार्च को सफदरजंग अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने किया। इस अवसर पर अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. चारु बाम्बा भी मौजूद रहीं और उन्होंने इस पहल को मरीजों के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।इस कार्यक्रम में अस्पताल के सभी एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट (ऐ एम एस) और क्रिटिकल केयर मेडिसिन टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि यह पहल भविष्य में देश के अन्य सरकारी अस्पतालों के लिए भी एक मॉडल बन सकती है और पोस्ट-आईसीयू केयर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


# लोधी कॉलोनी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार, 13 चोरी के मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद

● दक्षिण जिला पुलिस की सतर्क गश्त से आरोपी पकड़ा गया, जम्मू- कश्मीर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली:** दक्षिण जिला की दिल्ली पुलिस के अंतर्गत आने वाले लोधी कॉलोनी पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम ने सतर्कता और मुस्तैदी दिखाते हुए एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13 चोरी के मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किए हैं। यह कार्रवाई क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई पुलिस अधिकारियों के अनुसार हाल ही में चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लोधी कॉलोनी थाना क्षेत्र में विशेष गश्ती दल बनाए गए थे। इन दलों को इलाके में लगातार गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए थे। इस अभियान की निगरानी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार कर रहे थे, जबकि पूरे अभियान की देखरेख सहायक पुलिस आयुक्त (डिफेंस कॉलोनी) सोमनाथ परुथी द्वारा की जा रही थी।

12 मार्च 2026 को थाना लोधी कॉलोनी के मुख्य आरक्षक सतीश और आरक्षक राजेश क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। रात लगभग 8 बजे जब पुलिस दल सिल्वर ओक पार्क के पास पहुंचा तो उन्होंने पार्क के बाहर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा। पुलिस को शक होने पर उसे रोककर पूछताछ की गई और उसके बैग की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उसके बैग से 13 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद हुए। जब उससे इन सामानों के बारे में पूछा गया तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। बाद में कड़ी पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि ये सभी मोबाइल फोन और लैपटॉप उसने जम्मू-कश्मीर के एक मोबाइल दुकान से चोरी किए थे घटना की जानकारी तुरंत थाना लोधी कॉलोनी को दी गई, जिसके बाद उप निरीक्षक सुमित यादव को मौके पर भेजा गया। आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। उप निरीक्षक सुमित यादव द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में आरोपी ने चोरी की पूरी वारदात का खुलासा किया जांच में सामने आया कि आरोपी ने जम्मू-कश्मीर के कुंजर क्षेत्र में स्थित साइबर मोबाइल स्टेशन नामक दुकान से मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी किए थे। इस संबंध में जम्मू-कश्मीर पुलिस से संपर्क कर जानकारी की पुष्टि की गई। जांच में पता चला कि इस मामले में जम्मू और कश्मीर पुलिस के अंतर्गत कुंजर थाना, बारामूला में मामला संख्या 26/2026 दिनांक 9 मार्च 2026 दर्ज किया गया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 और 331(4) के अंतर्गत दर्ज है पुलिस ने आरोपी की पहचान राहिल अहमद रैसी (आयु 34 वर्ष) के रूप में की है। वह जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र का रहने वाला है और वहां मौसमी मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने आरोपी को भारतीय


of PS Lodhi Colony arrested one active mobil

नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(1)(ई) के अंतर्गत गिरफ्तार किया है, जबकि बरामद सभी चोरी के सामान को धारा 106 के अंतर्गत पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है बरामद सामान में एक डेल कंपनी का इंस्पिरॉन-15 श्रेणी का चांदी रंग का लैपटॉप तथा सैमसंग, रियलमी, वीवो, रेडमी, टेक्नो और जियो कंपनियों के कई मोबाइल फोन शामिल हैं। इनमें से कुछ मोबाइल फोन पासवर्ड से सुरक्षित हैं, जबकि कुछ खराब स्थिति में पाए गए हैं। पुलिस ने सभी मोबाइल फोन और लैपटॉप को जब्त कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।दक्षिण जिला पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस की सतर्क गश्त और त्वरित कार्रवाई का परिणाम है। इस कार्रवाई से न केवल एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है बल्कि जम्मू-कश्मीर में दर्ज चोरी के एक मामले का भी सफलतापूर्वक खुलासा हुआ है दक्षिण जिला के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने पुलिस दल की सराहना करते हुए कहा कि दक्षिण जिला पुलिस क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी अपराध के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सिलासूती के डीमो नदी पर पुल निर्माण की मांग, हजारों की तादात में लोगों ने किया नारेबाजी के साथ प्रदर्शन








**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** आजादी के 75 साल बाद भी एक पुल निर्माण के मांग में सिलापथार थाने अंतर्गत उजनी सिलसुती ग्राम पंचायत और नॉमनी सिलसुती ग्राम पंचायत के 20 से अधीक गांवों की लोगों प्रदर्शन की। यह पुल सब-सेन्टर और शिवनगर रोड पर जो डीमो नदी को आरपार के लिए लंबी समय से निर्माण की मांग करते हुए आ रही है। वर्षा के समय पहाड़िया नदी अक्षर पानी बढ़ जाने पर स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ रोजमेरी जिंदगी के लिए आवागम ठप हो जाते हैं। पहले भी स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण के लिए प्रदर्श किया, जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा, लेकिन आज तक पुल निर्माण ना होने पर लोगों ने आज फ़िर 20 गांव का हजारों से अधिक लोगों ने मिलकर बैनर और प्लेकार्ड लेकर पुल नहीं तो वोट नहीं, हमें पुल चाहिए, हमारी मांगें पूरी होनी चाहिए आदि नारेबाजी की। इस रास्ते से दोनों पंचायतों के करीब 20 से अधिक गांवों के लोग यातायात करते हैं। लोगों ने आज नाराज़गी जताते हुए सरकार को धमकी दी कि अगर आने वाले चुनावों से पहले पुल की निर्माण कार्य का शिलान्यास कर लोगों को संतुष्टि ना दे तो वोट बर्जन का भी जिक्र किया।

### मड़हे में खड़ी पल्सर बाइक चोरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज।** औराई थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में अज्ञात चोरों ने मड़हे में खड़ी एक पल्सर मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिलोकपुर निवासी हौंसला ने गुरुवार की रात अपनी पल्सर मोटरसाइकिल को लॉक कर मड़हे में खड़ी कर दी थी। शुक्रवार सुबह जब वह मड़हे में पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद पीडित ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पीडित हौंसला के प्रार्थना पत्र के आधार पर औराई पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि औराई क्षेत्र में इन दिनों मोटरसाइकिल चोरों का गिरोह सक्रिय है, जो तहसील, बैंक और बाजारों में खड़ी मोटरसाइकिलों को आसानी से चोरी कर फरार हो जाते हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

### इंसुलेटेड केबिल लगाने की मांग, मंडल अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्र

**गोपीगंज।** भदोही जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के ऊर्जा व नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा के ज्ञानपुर स्थित राजस्व अतिथि गृह पहुंचने पर भाजपा गोपीगंज के मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल ने नगर की कई गलियों में इंसुलेटेड केबिल लगाने की मांग को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल ने अपने पत्र में बताया कि गोपीगंज नगर के जिले के एकमात्र वृद्धजन आश्रम वाली गली, उदासीन अखाड़ा गली, अंजही मोहल्ला की रामनाथ गली, पश्चिम मोहल्ला के पीछे वाली गली, पुरानी ट्यूबवेल गली, मिर्जापुर रोड से माधोरामपुर गली तथा कोइरान मोहल्ला की गलियों में बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा इंसुलेटेड केबिल न लगाए जाने के कारण लोग निजी तारों के माध्यम से बिजली का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन निजी तारों के बंडल 6 से 7 फीट की ऊंचाई पर ही लटक रहे हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से वृद्धजन आश्रम वाली गली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। अश्वनी अग्रवाल ने प्रभारी मंत्री से मांग की कि इन सभी गलियों में पर्याप्त मात्रा में इंसुलेटेड केबिल लगवाई जाए, ताकि लोग अपने निजी तार हटाकर विभागीय केबिल से ही कनेक्शन ले सकें और भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना या हादसे से बचाव हो सके।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा
स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254
www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com